WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर...
2 | देश विदेश
4 | अभिव्यक्ति
10 | छत्तीसगढ़
11 | कारोबार

बिलासपुर, शनिवार, 28 दिसंबर 2024 | कृष्ण शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 255 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मनमोहन सिंह को याद कर भावुक हुए पीएम मोदी

मनमोहन सिंह चुनौतियों को पार कर ऊंचाई तक पहुंचे : मोदी

अंतिम दर्शन के लिए कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा पार्थिव शरीर

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने बताया कि शुक्रवार की शाम साढ़े पांच बजे कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। जिसमें कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित लोग पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। रविवार को सुबह आठ बजे मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को आम जनता के दर्शनों के लिए कांग्रेस मुख्यालय ले जाया जाएगा। इसके बाद साढ़े आठ बजे से लेकर साढ़े नौ बजे तक अंतिम दर्शन होंगे और फिर पार्थिव शरीर को अंतिम यात्रा पर ले जाया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। देश में सात दिन के राष्ट्रीय शोक का एलान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनमोहन सिंह के आवास जाकर पूर्व पीएम के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक शोक संदेश जारी किया और पूर्व पीएम को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह से निधन से हम सभी दुखी हैं। उनका जाना देश के लिए बड़ा झटका है। मनमोहन सिंह का जीवन भावी पीढ़ियों के लिए उदाहरण है कि किस तरह से वे सभी चुनौतियों से पार पाकर ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह हमेशा एक ईमानदार नेता, एक महान अर्थशास्त्री और एक ऐसा नेता के तौर पर याद रखे जाएंगे। जिन्होंने खुद को सुधारों के प्रति समर्पित कर दिया। एक अर्थशास्त्री के रूप में, खासकर चुनौतीपूर्ण समय में उन्होंने देश की बड़ी सेवा की। उन्होंने अलग-अलग ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

राजघाट के पास होगा अंतिम संस्कार

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर कल 28 दिसंबर को कांग्रेस मुख्यालय लाया जाएगा, जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। उनका अंतिम संस्कार राजघाट के पास किया जाएगा।

इकलौते प्रधानमंत्री, जिनका नोटों पर भी हस्ताक्षर

डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने से पहले आरबीआई गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष और वित्त मंत्री का भी कार्यभार संभाला था। उन्हें उदारीकरण के जरिए देश को गंभीर आर्थिक संकट से निकालने का श्रेय जाता है। वे देश के इकलौते पीएम थे जिनके हस्ताक्षर वाला नोट देश में चला। उनके नाम एक विशेष उपलब्धि भी है। वे देश के एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री रहे हैं, जिनका हस्ताक्षर भारत के नोटों (करेंसी) पर रहा।

मुर्मु ने आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुर्मु ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी बातचीत की तथा अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

मनमोहन सिंह का योगदान हमेशा याद रहेगाः आरएसएस

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. सिंह के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 'एक्स' पर एक संदेश में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले को उद्धृत करते हुए कहा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और देश के वरिष्ठ नेता डॉ. सरदार मनमोहन सिंह के निधन से पूरा देश बेहद दुखी है।

खड़गे-सोनिया-राहुल-प्रियंका ने श्रद्धा सुमन अर्पित

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

आज बेबाक

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने एक चैनल पर यह दावा किया है कि नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी या फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। भाजपा दौड़ से बाहर है। उसी चैनल पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता एक दूसरे पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगा रहे थे। मतलब भाजपा को ए टीम बता रहे थे। पता नहीं ऐसे बुड़बक प्रवक्ताओं को खबरिया चैनल वाले बुलाते ही क्यूं है? जो ऐसा लगता है किसी चंडूखाने से उठकर डिबेट में आते हैं और दर्शकों के दिमाग का दही करते रहते हैं।

हाशिये पर पड़े समुदायों का उत्थान करने वाले पहले पीएमः ओवैसी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वे पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों और मुस्लिमों के उत्थान के लिए काम किया।

ब्राजील में पुल ढहने से आठ लोगों की मौत

रियो डी जेनेरो (वार्ता)। ब्राजील के पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने से आठ लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य अब भी लापता हैं। ब्राजील की नौसेना ने गुरुवार को बताया कि पूर्वोत्तर ब्राजील में टोकांटिंस नदी पर बना पुल 22 दिसंबर को ढह गया। मारानहाओ राज्य के नागरिक सुरक्षा विभाग ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। संघीय राजमार्ग पुलिस के अनुसार, पुल ढहने के समय उस पर तीन ट्रक, कई मोटरसाइकिल और दो कारें मौजूद थी। स्थानीय मीडिया ने राष्ट्रीय परिवहन अवसंरचना विभाग के हवाले से बताया कि पुल की हालत 2019 से खराब थी और उसे रखरखाव की आवश्यकता थी।

दक्षिण कोरिया : पुलिस ने राष्ट्रपति के घर पर मारा छापा

सियोल (वार्ता) । दक्षिण कोरियाई पुलिस ने शुक्रवार को महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक-योल के उस सुरक्षित घर (सेफ हाउस) पर छापा मारा। जहां कथित तौर पर राष्ट्रपति ने आपातकालीन मार्शल लॉ लगाने की अपनी योजना पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की थी। योनहाप समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। 'योनहाप' ने पुलिस के हवाले से बताया कि छापेमारी का उद्देश्य सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करना और तीन दिसंबर को मार्शल लॉ घोषित होने से कुछ घंटे पहले इमारत में प्रवेश करने वाले लोगों की पहचान करना था। पुलिस के अनुसार राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा पर एक साथ छापेमारी का प्रयास किया जा रहा है, जो राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में अलग से स्थित है, लेकिन जांचकर्ताओं को प्रवेश करने से रोका जा रहा था। यून ने तीन दिसंबर की रात को आपातकालीन मार्शल

बस नाले में गिरी, आठ की मौत

बठिंडा (पंजाब)(ए.)। पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है। बठिंडा तलवंडी साबो रोड पर गांव जीवन सिंह वाला के पास निजी बस हादसे का शिकार हो गई। बस अनयंत्रित होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं, करीब 35 लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद यहां चीख पुकार मच गई। घायलों को तलवंडी साबो के अस्पताल में पहुंचाया गया है। वहीं कुछ घायलों का इलाज सिविल अस्पताल बठिंडा में चल रहा है। शुक्रवार दोपहर सरदूलगढ़ से लोकल सवारियों को लेकर 52 सीटर निजी बस सरदूलगढ़ से बठिंडा के लिए रवाना हुई थी। बस तलवंडी साबो से सवारी लेकर जैसे ही गांव जीवन सिंह वाला से कुछ दूरी पर भांगीबांदर के पास से गुजरने वाले गंदे नाले के पास पहुंची तो यहां सुबह से हो रही बारिश के कारण सड़क पर भरी गाद की वजह से फिसलन होने से नाले में जा गिरी।

रुक-रुक कर हो रही वर्षा, तापमान गिरने से छाया कोहरा

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह अचानक से शुरू हुई झमाझम बारिश ने लोगों को चौंका दिया। घने बादलों और तेज बारिश के कारण दोपहर के समय ही अंधेरा छा गया। सड़कों पर वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। बारिश से तापमान में गिरावट भी आई है।

2024 कई मायनों में चौंकाने वाला साल रहा, कई नाटकीय घटनाक्रम हुए

- ट्रंप 2.0 से लेकर कुंभ मेला और विधानसभा चुनाव तक रहेंगी नजरें
- ट्रंप की कैबिनेट में उद्योगपति एलन मस्क का नाम भी हैं शामिल

नई दिल्ली (ए.)। साल 2024 में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। ये साल कई मायनों में चौंकाने वाला साल रहा और भारत के पड़ोस में भी कई नाटकीय घटनाक्रम हुए। बहरहाल अब लोग 2025 के स्वागत के लिए तैयार है। साथ ही इस बात की भी चर्चा है कि अगले साल राजनीतिक और वैश्विक स्तर पर कौन सी ऐसी बातें हैं, जिन पर सभी का ध्यान रहेगा।

वैश्विक भू-राजनीति के लिए अहम रहेगा अगला सालः इस साल बांग्लादेश और सीरिया में तख्तापलट ने पूरी दुनिया को चौंकाया। साथ ही श्रीलंका में अनुरा कुमारा दिसानायके को प्रचंड जीत मिली। पाकिस्तान में भी पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी द्वारा लगातार बगावत का बिगुल फूंका जा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान में भी राजनीतिक संकट लगातार गहरा रहा है। यूरोप, फ्रांस और जर्मनी में सरकारें अल्पमत में चल रही हैं और वहां भी राजनीतिक संकट बढ़ रहा है। वहीं पश्चिम एशिया का संकट अभी भी बना हुआ है और रूस-यूक्रेन युद्ध ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल

डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। ट्रंप ने डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस को हराकर चुनाव जीता था और 20 जनवरी को वे राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। ट्रंप के पुराने रिकॉर्ड और उनके हालिया बयानों को देखते हुए ट्रंप के कार्यकाल पर सभी की नजरें रहेंगी। ट्रंप की कैबिनेट में कई ऐसे नाम हैं, जिन पर भी लोगों की नजरें रहेंगी, उनमें दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क का नाम भी शामिल हैं। जिन्हें ट्रंप ने सरकार के खर्चे कम करने की जिम्मेदारी दी है। ट्रंप ने हाल ही में कनाडा पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने, पनामा नहर पर कब्जा करने और ग्रीनलैंड को लेकर बयानबाजी की है। साफ है कि ट्रंप की कई योजनाएं हैं। ट्रंप ने ट्रांसजेंडर्स और अवैध अप्रवासन को लेकर भी बयानबाजी की है। ऐसे में ट्रंप के कार्यकाल के शुरुआती दिनों में सभी की निगाहें रहेंगी।

26/11 के मुंबई हमलों के साजिशकर्ता अब्दुल रहमान मक्की की मौत

- दिल का दौरा पड़ने से गई जान

इस्लामाबाद (ए.)। मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं में शामिल हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की मौत हो गई। मक्की हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का रिश्तेदार था और प्रतिबंधित जमात-उद-दावा का उपप्रमुख भी था। उसने शुक्रवार को लाहौर में दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ दिया। पाकिस्तान के टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मक्की लश्कर का वांछित आतंकवादी था।

वैश्विक आतंकवादी भी घोषित

मई 2019 में मक्की को पाकिस्तान में गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद उसे लाहौर में नजरबंद कर दिया गया था। 2020 में एक पाकिस्तानी अदालत ने उसे आतंकी वित्तपोषण से जुड़े मामलों में भी दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद से उसकी अधिक चर्चा नहीं हुई। जनवरी 2023 में मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से भी वैश्विक आतंकवादी भी घोषित किया गया था।

सुको का पंजाब सरकार को नोटिस

डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता के आदेश की अवमानना का मामला

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता देने के आदेश का पालन नहीं करने के लिए मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका को लेकर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया। किसान नेता को चिकित्सा सहायता मामले में कोर्ट ने पंजाब सरकार को शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा कि हम किसान नेता डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पंजाब सरकार उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए। कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि अगर कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है तो आपको उससे सख्ती से निपटना होगा।

अन्ना यूनिवर्सिटी यौन उत्पीड़न मामला

अन्नामलाई ने खुद को मारे कोड़े, बीते दिन किया था 48 दिन के उपवास का ऐलान

चेन्नई (ए.)। चेन्नई स्थित अन्ना विश्वविद्यालय कैंपस में एक छात्रा से कथित यौन उत्पीड़न का मामला हाल ही में सामने आया। इस घटना को लेकर पूरे राज्य में रोष है। वहीं तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई भी बहुत गुस्से में हैं। उन्होंने न्याय की मांग करते हुए खुद को कोड़े मारे। साथ ही राज्य सरकार पर हमलावर हुए। उन्होंने इससे एक दिन पहले एलान किया कि वह 48 दिनों के लिए उपवास पर रहेंगे।

नहीं पहनूंगा जूतेः के. अन्नामलाई- अन्नामलाई ने कहा कि जब तक डीएमके को सत्ता से हटा नहीं दिया जाता, तब तक वह जूते नहीं पहनेंगे।

क्या है मामला?- अन्ना यूनिवर्सिटी में हुई घटना ने पूरे चेन्नई को हिलाकर रख दिया है। तमिलनाडु की राजनीति गरमाने लगी है। यहां एक इंजीनियरिंग की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। मामला तब सामने आया, जब छात्रा ने इसकी पुलिस से खुद शिकायत की थी। शुरू में पुलिस ने केस को हल्के में लिया और कोई कार्रवाई नहीं की। सोशल मीडिया पर केस उछला तब पुलिस हरकत में आई। मामले में ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

एक और उपलब्धि ... *सीएम साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रहा बेहतर कार्य*

नौ और स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने नवंबर-दिसंबर माह में अस्पताल का किया था मूल्यांकन
- स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने उत्कृष्टता प्रमाण पत्र हासिल करने वाले अस्पतालों के डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टॉफ को दी बधाई

रायपुर/ नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश के 9 स्वास्थ्य संस्थाओं को उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र हासिल करने पर सभी अस्पतालों के डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टॉफ को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का कार्य निरन्तर जारी है। उन्होंने भरोसा जताया कि ये अस्पताल आगे भी अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखते हुए मरीजों की सेवा करेंगे और प्रदेश के दूसरे अस्पतालों के लिए नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले राज्य के नौ स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। इनमें जांजगीर चांपा, सूरजपुर, महासमुंद, दुर्ग व बिलासपुर के स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों पर खरे उतरने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने इस साल नवम्बर में इन नौ स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था। टीम के मूल्यांकन में सूरजपुर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चुंगड़ी को 86.65 प्रतिशत, उप स्वास्थ्य केन्द्र पाकनी को 86.43 प्रतिशत, पालदा को 84.11 प्रतिशत व जाजावल को 80.44 प्रतिशत, जांजगीर चांपा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलई को 88.22 प्रतिशत व आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र सुकुलपारा को 88.57 प्रतिशत, महासमुंद जिले के उपस्वास्थ्य केन्द्र सोनासिल्ली को 87.32 प्रतिशत, दुर्ग जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र कोडिया को 82.50 प्रतिशत व बिलासपुर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र लुफा को 83.83 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

विशेषज्ञों की टीम सेवाओं से संतुष्ट

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।



स्मृतिशेष...

राजनीति में नैतिकता और सादगी का आदर्श प्रस्तुत किया मनमोहन सिंह ने

इतिहास में डॉ मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी

भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में अपनी सादगी, विद्वता और नीतिगत दृष्टिकोण के कारण सबसे अलग माने जाते हैं। उन्होंने अपनी विशेषज्ञता, समर्पण और नीति-निर्माण के कौशल से न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी, बल्कि प्रधानमंत्री के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। वह उन नेताओं में से थे, जिन्होंने निजी प्रचार से परे रहकर भारत की सेवा की और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इतिहास में उनका नाम एक ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में दर्ज होगा, जिसने न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी, बल्कि राजनीति में नैतिकता और सादगी का भी एक आदर्श प्रस्तुत किया।

अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अप्रतिम विद्वता

डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक हैं। उनकी विद्वता का आधार उनकी अद्वितीय शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातक किया, जहां उन्हें प्रतिष्ठित राइट्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी.फिल की उपाधि प्राप्त की। उनका शिक्षण और शोध कार्य उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रख्यात अर्थशास्त्री के रूप में पहचान दिलाने में सहायक रहा। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, पंजाब विश्वविद्यालय और जावाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पढ़ाया। इसके अलावा, वह संयुक्त राष्ट्र के व्यापार और विकास सम्मेलन और दक्षिण आयोग जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी सक्रिय रहे। उनकी विशेषज्ञता को देखते हुए उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर और योजना आयोग के उपाध्यक्ष जैसे पदों पर नियुक्त किया गया।

राजनीति में एक उच्च मानदंड स्थापित किया

ईमानदारी के मामले में मनमोहन सिंह ने राजनीति में एक उच्च मानदंड स्थापित किया। उनके पूरे करियर में व्यक्तिगत भ्रष्टाचार का एक भी मामला सामने नहीं आया। 2004 से 2014 तक, जब वे प्रधानमंत्री थे, उनके नेतृत्व में कई बार विवाद और घोटाले सामने आए, लेकिन उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी पर कभी भी किसी ने सवाल नहीं उठाया। उनकी ईमानदारी का यह स्तर उन्हें भारतीय राजनीति में एक अलग स्थान प्रदान करता है। उनकी ईमानदारी और सादगी ने न केवल जनता का विश्वास जीता, बल्कि उनके सहयोगियों और विपक्षी दलों ने भी इसे स्वीकार किया। यह उनके चरित्र का प्रमाण है कि वे हमेशा अपने आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध रहे, चाहे परिस्थितियां कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न रही हों।

महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया

वे एक विद्वान, शिक्षक और प्रशासक भी थे। प्रधानमंत्री बनने से पहले, उन्होंने योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर और वित्त सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इन सभी भूमिकाओं में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। मनमोहन सिंह अपने पूरे कार्यकाल में व्यक्तिगत विवादों से दूर रहे। हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान कई घोटाले (जैसे 2जी स्पेक्ट्रम और कोयला आवंटन) सामने आए, लेकिन उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी पर कभी कोई सवाल नहीं उठाया गया। विपक्ष ने उनकी चुप्पी की आलोचना की, लेकिन उनकी प्रतिबद्धता और नैतिकता पर कभी कोई संदेह नहीं हुआ। उनके कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था ने अभूतपूर्व प्रगति की। 2004 से 2014 तक, भारत ने जीडीपी ग्रोथ में तेजी देखी, और करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे। उन्होंने ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), शिक्षा के अधिकार और खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कई सामाजिक योजनाओं की शुरुआत की, जिससे भारत के आम नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर हुआ।

राजनीतिक संतुलन का अद्वितीय कौशल : संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के प्रधानमंत्री के रूप में, उन्हें विभिन्न दलों और विचारधाराओं के साथ सामंजस्य स्थापित करना पड़ा। उनके नेतृत्व में यूपीए ने लगातार दो कार्यकाल पूरे किए, जो उनकी समन्वय क्षमता और धैर्य का प्रमाण है। मनमोहन सिंह ने हमेशा मानवता और शांति को प्राथमिकता दी। उनके कार्यकाल में भारत-पाकिस्तान के बीच शांति वार्ता शुरू हुई, और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए गए। हालांकि ये प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हुए, लेकिन उनकी मंशा पर कोई सवाल नहीं उठा सकता।

मनमोहन सिंह ने दुनिया को मनवाया लोहा

विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात में दिखता था पीएम का मजबूत कद

आज जब मनमोहन सिंह हमारे बीच नहीं रहे, तो वाकई इतिहास को उनको आंकने का वक्त आ गया है। जब इतिहास उन्हें आंकेगा, तो निश्चित रूप से याद करेगा कि बतौर वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को तब संकट से उबारा, जब उनकी पूर्ववर्ती सरकार देश का सोना तक विदेश में गिरवी रख चुकी थीं। डॉक्टर मनमोहन सिंह ने बतौर प्रधानमंत्री कभी मीडिया से खुद को बचाने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कई संवाददाता सम्मेलन किए, जिनमें उनकी आखिरी प्रेस कांफ्रेंस सबसे यादगार थी। इसमें उनसे पूछा गया कि वह प्रधानमंत्री के रूप में खुद को कैसे आंकते हैं। उनका बिना हिचके जवाब था, इतिहास मेरा सही आकलन करेगा (दि हिस्ट्री विल राईटली जज मी), और आज जब मनमोहन सिंह हमारे बीच नहीं रहे, तो वाकई इतिहास को उनको आंकने का वक्त आ गया है। जब इतिहास उन्हें आंकेगा, तो निश्चित रूप से याद करेगा कि बतौर वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को तब संकट से उबारा, जब उनकी पूर्ववर्ती सरकार देश का सोना तक विदेश में गिरवी रख चुकी थीं।

सहजता इतनी...कमजोरी मानते थे कांग्रेसी

मनमोहन की सहजता और विनम्रता के अनेक किस्से हैं। वित्त मंत्री बनने पर जो सहजता थी, पीएम बनने के बाद भी वैसी ही रही। जब केंद्र में एनडीए सरकार थी और मनमोहन राज्यसभा में कांग्रेस के नेता सदन थे, तब अक्सर उनसे संसद भवन में मुलाकात होती थी। बेहद विनम्र और धीमे बोलने वाले मनमोहन पत्रकारों के सवालों का जवाब बेहद शालीनता से देते थे। कभी उन्हें नाराज या असहज होते नहीं देखा गया। वह अपनी मारुति कार खुद चलाकर आते। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनकी सहजता को अक्सर उनकी कमजोरी कहते थे, क्योंकि वह कभी भी सदन में सरकार पर उस तरह हमलावर नही होते थे, जिसकी आदत आम विपक्षी नेताओं को होती है।

सोनिया संग टकराव की नहीं आने दी नौबत

यूपीए सरकार के दस साल में सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के बीच झगड़ा कराने की काफी कोशिशें हुईं। लेकिन दोनों की समझदारी थी कि ऐसे तत्व सफल नहीं हो सके। कई बार दोनों के बीच किसी मुद्दे पर सहमति नहीं बन पा रही थी, पर कभी सोनिया तो कभी मनमोहन ने पीछे हटकर टकराव की नौबत नहीं आने दी। अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौते को लेकर वामपंथी नेताओं के प्रभाव में सोनिया शुरू में असहज थीं, लेकिन जब मनमोहन ने उन्हें इस समझौते से भारत को होने वाले फायदे समझाए और बताया कि वह भारत के हितों से कभी समझौता नहीं करेंगे, तो सोनिया ने कुछ सुझाव दिए, जिन्हें मनमोहन ने अमेरिका पर दबाव डालकर समझौते में शामिल कराया।

राहुल ने सरकार का अध्यादेश फाड़ा तो भी धैर्य नहीं खोया

राहुल गांधी ने जब अपनी ही सरकार का वह अध्यादेश पत्रकारों के बीच फाड़ा, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी, उस समय मनमोहन सिंह अमेरिका की यात्रा पर थे। उन्हें जब पता चला, तो उन्हें इसकी तकलीफ तो हुई, लेकिन उन्होंने इसे सार्वजनिक नहीं होने दिया और खुद को संभाल लिया। इस मौके का फायदा भी कुछ दरबारियों ने उठाना चाहा, लेकिन मनमोहन सिंह ने उन सबको निराश कर दिया और सोनिया परिवार से अपने रिश्ते नहीं बिगाड़े।

पाकिस्तान के साथ रिश्ते बेहतर के पक्षधर थे मनमोहन

■ 26/11 के हमले से हुए थे बेहद नाराज

पंकज सरन ने कहा कि साल 2008 में जी20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत में मनमोहन सिंह पहले (भारतीय) प्रधानमंत्री थे जिन्होंने वैश्विक नेताओं के बीच बहुत उच्च प्रतिष्ठा हासिल की। पूर्व राजनयिक ने कहा कि मनमोहन सिंह का मानना था कि भारत का भविष्य पश्चिम के साथ अच्छे संबंधों में निहित है। मनमोहन सिंह 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे और इस दौरान उनके कार्यकाल की कई उपलब्धियां रहीं। हालांकि उनके कार्यकाल में पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्तें कुछ खास नहीं रहे। हालांकि ऐसा नहीं है कि उन्होंने पड़ोसी देश के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश नहीं की थी। पूर्व डिप्टी एनएसए और मनमोहन सिंह के करीबी सहयोगी पंकज सरन ने कहा है कि प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के साथ रिश्ते सामान्य करने की भरसक कोशिश की थी। उन्होंने पाकिस्तान के साथ शांति स्थापित करने के लिए बहुत कोशिश की, लेकिन ये काम नहीं आया।

पड़ोसा से बेहतर संबंध के पक्षधर थे मनमोहन सिंह-1982 बैच के आईएफएस अधिकारी सरन ने रूस में भारत के दूत के रूप में काम किया था। उन्होंने भारत और विदेशों में भी कई पदों पर काम किया है, जिसमें बांग्लादेश में देश के उच्चायुक्त का पद भी शामिल है। उन्हें 2018 में डिप्टी एनएसए नियुक्त किया गया था। पंकज सरन ने मनमोहन सिंह के निधन को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और उन्हें एक बुद्धिजीवी, विश्व स्तर के अर्थशास्त्री, विनम्रता के प्रतीक व्यक्ति के रूप में याद किया। पूर्व डिप्टी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने याद करते हुए कहा कि मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के साथ शांति स्थापित करने की बहुत कोशिश की, लेकिन यह काम नहीं आया।

आप ने की मनमोहन सिंह के लिए भारत रत्न की मांग

■ कहा- उनके जैसे ईमानदार नेता इसके हकदार

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने बृहस्पतिवार रात 9.51 अंतिम सांस ली। उन्हें बेहोशी की अवस्था में घर से एम्स की आपातकालीन विभाग में लाया गया था। एम्स के मीडिया सेल की प्रभारी व प्रोफेसर डॉ रीमा दादा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की 92 वर्ष की आयु में निधन हुआ। उम्र से संबंधित चिकित्सा स्थितियों के लिए उनका इलाज चल रहा था। 26 दिसंबर को घर पर अचानक बेहोश हो गए। घर पर तुरंत पुनर्जीवन देने के लिए उपाय शुरू किए गए। रात करीब 8.06 बजे उन्हें एम्स के मेडिकल इमरजेंसी में लाया गया। यहां तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। रात 9.51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कांग्रेस समेत सभी दलों के बड़े नेताओं ने मनमोहन सिंह के निधन को देश के लिए बड़ी क्षति बताया है। आम आदमी पार्टी ने मनमोहन सिंह को महान अर्थशास्त्री और ईमानदार नेता बताते हुए भारत रत्न दिए जाने की मांग की। आप नेता संजय सिंह ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का निधन भारत के लिए अपूरणीय क्षति है।

बेटियां भी हैं शिक्षा क्षेत्र का बड़ा नाम, मनमोहन सिंह के परिवार में कौन-कौन

मनमोहन सिंह को आर्थिक उदारीकरण के साथ ही सूचना का हक कानून, मनरेगा, आधार कार्ड और आरटीई के साथ ही अमेरिका के साथ ही असैन्य परमाणु समझौते के लिए हमेशा याद किया जाएगा। देश में आर्थिक सुधारों के जनक और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरुवार रात को निधन हो गया। मनमोहन सिंह अपने पीछे ऐसी विरासत छोड़कर गए हैं, जो उन्हें देश की महान शख्सीयतों में शुमार करती है। मनमोहन सिंह की पहचान एक बुद्धिजीवी, आर्थिक सुधारों के प्रणेता और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण के लिए जाना जाता है।

मनमोहन सिंह का निजी जीवन : 26 सितंबर 1932 को मनमोहन सिंह का जन्म पंजाब के चकवाल जिले के गाह (अब पाकिस्तान में) गांव में हुआ था। मनमोहन सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज से पढ़ाई की और यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड से डीफिल की पढ़ाई की। राजनीति में आने से पहले वे सरकार में कई अहम प्रशासनिक पदों पर रहे, जिनमें मुख्य आर्थिक सलाहकार, रिजर्व बैंक के गवर्नर और योजना आयोग के उपाध्यक्ष जैसे अहम पद शामिल हैं।

उपिंदर सिंह: मनमोहन सिंह की बेटी उपिंदर सिंह एक जानी-मानी इतिहासकार और अशोका विश्वविद्यालय की डीन हैं। पूर्व में वे दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की प्रमुख भी रह चुकी हैं। उपिंदर सिंह ने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज और मॉन्ट्रियल की मैकगिल यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। भारत के प्राचीन इतिहास, पुरातत्व और राजनीतिक विचारों पर उन्होंने रिसर्च की है। उपिंदर सिंह की किताब ए हिस्ट्री ऑफ एंसिएंट एंड अर्ली मीडीवियल इंडिया और पॉलिटिकल वॉयलेंस इन एंसिएंट इंडिया को खूब तारीफ मिली है। समाज विज्ञान में काम के लिए उन्हें इंफोसिस प्राइज से सम्मानित किया गया है।

अमृत सिंह : मनमोहन सिंह की दूसरी बेटी अमृत सिंह एक मशहूर मानवाधिकार वकील हैं और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के लॉ स्कूल में प्रैक्टिस ऑफ लॉ की प्रोफेसर हैं। अमृत सिंह रूल ऑफ लॉ इम्पैक्ट लैब की कार्यकारी निदेशक भी हैं। अमृत सिंह ने प्रतिष्ठित येल लॉ स्कूल, ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है। वैश्विक मानवाधिकार मामलों में अमृत सिंह एक चर्चित नाम हैं।

दमन सिंह : दमन सिंह लेखन जगत में सक्रिय हैं और उन्होंने ही मनमोहन सिंह के जीवन पर किताब स्ट्रिक्टली पर्सनल मनमोहन एंड गुरशरण, ए मेमोयर लिखी है। इस किताब में मनमोहन सिंह के निजी जीवन के बारे में काफी जानकारी दी गई है। इसके अलावा दमन सिंह ने द सेक्रेड ग्रोव और नाइन बाइ नाइन भी लिखी हैं।

बैंकिंग सुधार-मौद्रिक नीति को लेकर सरकार से भिड़े थे मनमोहन, एक मतभेद पर भेजा था अपना इस्तीफा

नई दिल्ली (ए.)। इंदिरा गांधी की नजर में मनमोहन सिंह 1980 के दशक में आए। उन्होंने तब मनमोहन सिंह, जो कि योजना आयोग के सदस्य-सचिव थे, को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का गवर्नर नियुक्ति किया। मनमोहन सिंह के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री रहने के दौर के कई किस्से प्रचलित हैं। फिर चाहे उनके संसद में शायरी पढ़ने से जुड़े वाकये हों या 1991 के आर्थिक संकट से देश को निकालने का पूरा घटनाक्रम। इन पर पूरे देश में कई बार चर्चाएं हुई हैं। हालांकि, मनमोहन सिंह के जीवन के जिस एक दौर की चर्चा सबसे कम हुई है, वह है उनका भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर के दौर के समय की। इंदिरा गांधी उन दूरदर्शी नेताओं में से रही हैं, जिन्होंने कई ऐसे उत्कृष्ट बुद्धजीवियों को राजनीति में शामिल किया, जिन्होंने आगे चलकर देश की नीतियों पर गहरा असर छोड़ा। फिर चाहे वह प्रणब मुखर्जी हों या मनमोहन सिंह। प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी की नजर में मनमोहन सिंह 1980 के दशक में आए। उन्होंने तब मनमोहन सिंह, जो कि योजना आयोग के सदस्य-सचिव थे, को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का गवर्नर नियुक्ति किया। यह वो दौर था, जब आईजी पटेल के नेतृत्व में आरबीआई ने देश की आर्थिक स्थिति को बेहतर दौर में पहुंचा दिया था। मनमोहन ने 16 सितंबर 1982 को आरबीआई के गवर्नर के तौर पर पदभार संभाला और उनका कार्यकाल 14

जनवरी 1985 को तब समाप्त हुआ, जब उन्होंने देश की मौद्रिक नीति और बैंकिंग क्षेत्र में सुधार की नींव मजबूत कर दी थी।

जब बैंक की स्थापना को लेकर वित्त मंत्री से हुआ टकराव : मनमोहन सिंह ने अपनी बेटी दमन सिंह की लिखी गई किताब स्ट्रिक्टली पर्सनलः मनमोहन एंड गुरशरण में माना है कि आरबीआई गवर्नर रहते हुए उनके तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी से कई गंभीर मुद्दों पर मतभेद रहे। इनमें एक मामला विदेशी बैंक- बैंक ऑफ क्रेडिट एंड कॉमर्स (बीसीसीआई) को भारत में कारोबार की अनुमति की मांग से जुड़ा था।

इस बैंक का पाकिस्तान में भी करीब एक दशक पहले प्रचार हुआ था। 1980 के दशक में यह बैंक भारत में अपनी कुछ शाखाएं खोलना चाहता था। जहां एक तरफ सरकार चाहती थी कि रिजर्व बैंक इस विदेशी बैंक बीसीसीआई को लाइसेंस दे दे।

गवर्नर रहते कई अहम सुधारों के रहे जनक

अर्थशास्त्री के तौर पर मनमोहन सिंह की अकादमिक योग्यता उनका सबसे बड़ा पक्ष थी। साथ ही वह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट भी कर चुके थे। आर्थिक मामलों में अपनी जबरदस्त समझ के चलते उन्होंने भारत के बैंकिंग सेक्टर में कई कानूनी सुधारों में अहम भूमिका निभाई। उन्हीं के नेतृत्व में भारतीय रिजर्व बैंक कानून में भी एक पूरा चैप्टर जोड़ा गया और एक शहरी बैंक विभाग की भी स्थापना हुई।

बैंकों की स्थिति मजबूत करने के लिए दिखाई सख्ती

इतना ही नहीं मनमोहन सिंह बैंकों की स्वायत्तता के भी बड़े पक्षधर रहे। दरअसल, 1980 के दशक में बैंकों की तरफ से उनकी कुल जमा की राशि का 36 फीसदी अनिवार्य तौर पर सरकार के पास सुरक्षा गारंटी बॉन्ड के तौर पर रखने का प्रावधान था। इसे स्टैच्यूटरी लिक्विडिटी रेशियो (स्त्र) यानी वैधानिक तरलता अनुपात भी कहा जाता है।

....और फिर अचानक ही खत्म हो गया कार्यकाल

अपने ढाई साल के रिजर्व बैंक गवर्नर के कार्यकाल के बाद उन्हें 14 जनवरी 1985 को आरबीआई से योजना आयोग भेज दिया गया। यह राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के करीब एक महीने बाद ही हुआ। योजना आयोग में उन्हें उपाध्यक्ष बनाया गया। यहां वे 1987 तक रहे। इसके बाद मनमोहन सिंह जेनेवा आधारित एक स्वतंत्र आर्थिक नीति से जुड़े थिंक टैंक साउथ कमीशन में महासचिव बने।

श्रद्धेया शैलदीदी ने दक्षिण भारत हेतु ज्योति कलश का किया पूजन

हरिद्वार/नवप्रदेश। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में तीन दिवसीय ज्योति कलश यात्रा कार्यशाला का शुभारंभ हुआ है। शांतिकुंज के वरिष्ठ प्रतिनिधियों द्वारा प्रथम सत्र का दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य दक्षिण भारत में जन जागरण फैलाना है, जिससे लोगों को समाज और जीवन मूल्य और आध्यात्मिक जागरूकता के प्रति जागरूक किया जा सके और समाज में अच्छाई और सकारात्मकता का प्रचार-प्रसार हो सके।

वर्ष 2026 गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखण्ड ज्योति का शताब्दी वर्ष है। देश भर में जनजागरण हेतु गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से देश भर में ज्योति कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसीक्रम में दक्षिण भारत के राज्यों हेतु अखिल विश्व गायत्री परिवार की अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैलदीदी ने आठ दिव्य कलशों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया और कर्नाटक, तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश, तेलगांना, केरल से आये परिजनों को सौंपा। इस अवसर पर श्रद्धेया शैलदीदी ने कहा कि हिमालय की छाया में बसा शांतिकुंज से ज्योति कलश का प्रवाह दक्षिण भारत के राज्यों को प्रकाशित करेगा। हमारे आराध्यदेव पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने सम्पूर्ण भारत को एक परिवार के रूप में माना है।

कोनी में सौ बिस्तरों के कैंसर हास्पिटल निर्माण भवन 75 प्रतिशत काम पूरा, 115.2 करोड़ है लागत

कैंसर रोगियों के लिए बिलासपुर में 100 बिस्तरों का कैंसर अस्पताल जून में

■ मरीजों को इलाज के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोनी में सिम्स सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल तो शुरू हो चुका है। इसके साथ ही इसी अस्पताल के बाजू में बन रहे स्टेट कैंसर यूनिट का काम भी 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है। सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन लिमिटेड) इसका निर्माण कर रही है। इनके अनुसार मई जून 2025 में भवन निर्माण के अलावा चिकित्सकीय मशीन स्टाल करने के साथ ही सभी कार्यों को पूरा कर इसे सिम्स (छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान) को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

ऐसे में जुलाई 2025 से इस कैंसर यूनिट का भी संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद यहां हर तरह के कैंसर रोग का इलाज संभव हो सकेगा, जो

क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी चिकित्सकीय सुविधा साबित होगी। कैंसर मरीजों को रायपुर सहित अन्य प्रदेशों में इलाज के लिए भटकना भी नहीं पड़ेगा। राज्य कैंसर संस्थान कोनी बिलासपुर केंद्र सरकार प्रवर्तित योजनाओं में से सबसे महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना राज्य कैंसर संस्थान स्थापना है, कुल योजना की लागत 115.2 करोड़ है जिसमें निर्माण 34 करोड़ एवं चिकित्सा की उपकरण 80 करोड़ में होना है, निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी लिमिटेड को बनाया गया है, निर्माण का कार्य 75 प्रतिशत पूर्ण हो गया है एवं जून 2025 तक कार्य पूरा हो जाएगा। कैंसर यूनिट में रेडियोथेरेपी से कैंसर का उपचार किया जा सकेगा, जिसमें ट्यूमर कितना भी छोटा क्यों ना हो और किसी भी भाग में क्यों ना हो वह उसे नष्ट करने में पूरा सक्षम है, इसकी कार्य करने की क्षमता भी बहुत अधिक है एक मरीज के उपचार के लिए इसे 7 से 10 मिनट का समय लगता है, यह कुल दो नग आएगा अनुमानित लागत 48 करोड रुपए है। सिटी सिम्युलेटर मशीन इस मशीन का कार्य रेडियोथैरेपी से पहले मरीज के प्लानिंग में उपयोग में लाया जाता है ताकि रेडिएशन सही समय पर सही अंग के ट्यूमर को मिल सके इसकी लागत लगभग 8 से 10 करोड रुपए हैं। इमोबिलाइजेशन और डॉस्टीमेट्री डिवाइसेज इन मशीनों का काम रेडियोथैरेपी उपचार के समय मरीजों को दी जाने वाली रेडियोथैरेपी की सही विवेचना करना है।

20 बिस्तरों का कैंसर आईसीयू

सर्वसुविधा युक्त 100 बिस्तरों का अस्पताल, 20 बिस्तरों का सर्व सुविधा युक्त कैंसर आईसीयू,10 बिस्तरों का लिंफोमा एवं लूकीमियां वार्ड, लिनियर एक्सीलरेटर द्वारा आई जी आर टी, आई एम आर टी ,रैपिड आक एवं 3डी से सिकाई की सुविधा, ब्रेकिथेरेपी की सुविधा,एक ही छत के नीचे कैंसर सर्जरी कीमोथेरेपी एवं रेडिएशन की सुविधा, संस्थागत रेडियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी की सुविधाएं,सिटी सिमुलेटर, यूएसजी डिजिटल एक्सरे की सुविधा लीनियर एक्सीलेटर मशीन दो नग यह मशीन लगभग 22 करोड़ की है एवं इसका काम रेडियोथैरेपी में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इस मशीन से सभी प्रकार के कैंसर रोगों का रेडियोथैरेपी से उपचार किया जा सकता है।

अंचल के लिए होगी बड़ी उपलब्धि

अंचल में कैंसर मरीजों की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जो खान-पान, जीवन शैली, महिलाओं में ब्रेस्ट, गर्भाशय का कैंसर मुख्य है। कोनी में बन रहे कैंसर अस्पताल अंचल के लिए सौगात से कम नहीं है। मई-जून माह में इसका प्रारंभ हो जाएगा, जिसके बाद उपकरण लगाए जाएंगे और जल्द ही भर्ती पक्रिया शुरु की जाएगी।

डॉ. रमणेश मूर्ति
डीन
सिम्स

■ न्यूज गैलरी

छेरछेरा व अहीर नृत्य कला महोत्सव 13 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लोक पर्व 'छेरछेरा पुन्नी' (पौष पूर्णिमा) के सुअवसर पर ग्राम देवरहट विकासखण्ड लोरमी में 13 जनवरी को आयोजित होने वाले 33वाँ अहीर नृत्य कला महोत्सव एवं छेरछेरा महोत्सव के स्थायी यादगारी हेतु स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को केन्द्र में रखकर रऊताही कला स्मारिका का 33वाँ अंक प्रकाशित किया जा रहा है। आलेख आमंत्रित है। अपने क्षेत्र या छत्तीसगढ़ प्रांत के अंतर्गत भूले-बिसरे या गुमनाम ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिए परंतु समाज या शासन या परिवार के द्वारा जिनकी त्याग, बलिदान और उठाए गए कष्टों की जानकारी आमजन तक नहीं पहुंच पाई ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जानकारी वर्तमान तथा भावी पीढ़ी तक पहुंचाने हेतु पत्रिका प्रकाशन का उद्देश्य है जिनके कृत्यों तथा आदर्शों को आज की पीढ़ी जान सके और राष्ट्रीय एकता, अखण्डता बनाए रखने हेतु प्रेरित हो सके। अस्तु उपलब्ध हो सके तो फोटोग्राफ सहित संक्षिप्त जानकारी 30 नवम्बर 2024 तक डॉ. मन्तराम यादव के निवास नेहरु नगर जब्बल एंड संस गली सुमिरन कंस्ट्रक्शन के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करे ताकि हम अपनी स्मारिका में उचित स्थान देकर समयावधि के अंतर्गत प्रकाशित कर सकें।

खनिज विभाग की नौ महीने में बड़ी कार्रवाई

अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन के 503 मामलों में 1.85 करोड़ वसूले

बिलासपुर/नवप्रदेश। खनिज विभाग बिलासपुर द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के नौ महीनों में अवैध खनन गतिविधियों के विरूद्ध 503 प्रकरण दर्ज कर 1.85 करोड़ रूपए की जुर्माना राशि वसूल की गई है। जो कि सुशासन की दिशा में खनिज विभाग सराहनीय पहल है। सबसे ज्यादा 404 प्रकरण अवैध परिवहन के हैं, जिनसे 84.31 लाख रूपये की वसूली हुई है। उप संचालक खनिज प्रशासन दिनेश मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के नौ वर्षों में अवैध उत्खनन के 57 प्रकरण बनाये गये। इनमें 29.74 लाख रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। अवैध खनिज भण्डारण के 15 मामलों में 7.50 लाख जुर्माना की राशि वसूल की गई। भण्डारण लाईसेंस का उल्लघन करने पर 14 मामले दर्ज किए गए । इनमें 8 के भण्डारण लाईसेंस निरस्त किए गए। उनसे 4 लाख की राशि जब्त की गई।

पांच लाईसेंसियों से8.87 लाख रूपए जमा कराया गया। खदान संचालन के नियमों का उल्लंघन किये जाने पर 13 खदान संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें से 9 को कारण बताओ नोटिस जारी की गई। 12 से 51 लाख का जुर्माना भी वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए खनिज राजस्व के रूप में 40 करोड़ रूपए की वसूली का लक्ष्य मिला है। जिसे 9 महीनों में 79 प्रतिशत की वसूली की जा चुकी है। समय से पहले लक्ष्य प्राप्ति की संपूर्ण संभावना है।

अभियान में और आएगी तेजी : डॉ. मिश्रा

अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में खनिज विभाग की सराहनीय पहल है। लाइसेंस धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अवैध भंडारण पर अंकुश लगाकर विभाग ने कड़ा संदेश दिया है कि अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई होती रहेगी। खनिज विभाग के अधिकारी डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि विभाग आने वाले महीनों में अभियान और तेज करेगा। हमारा लक्ष्य न केवल निर्धारित राजस्व का लक्ष्य प्राप्त करना है बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि अवैध खनन गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

अंत्यवसायी ऋणों की वसूली में आई तेजी

■ प्रशासन के सख्त निर्देश का असर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास विभाग से ऋण लेने वाले बकायदारों से ऋण वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे। जिला अंत्यावसायी के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर अवनीश शरण की सख्ती एवं अपील का असर दिखाई दे रहा है। चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक बकायदारों द्वारा ऋण राशि जमा कर विभाग से एन.ओ.सी. प्राप्त की जा रही है। कार्यपालन अंत्यावसायी ने बताया कि ऐसे हितग्राहियों को चुनाव नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले विभाग से ऋण मुक्त प्रमाण पत्र या बकाया राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, सफाई

कामगार एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए वितरित ऋण की वसूली की वसूली हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं अन्य व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। इसी के साथ प्रशासन ने ऋण अदायगी में लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों और उनके जमानतदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की बात कही है। कलेक्टर अवनीश शरण ने ऋण अदायगी न करने पर नामांकन रद्द करने के निर्देश नगर निगम कमिश्नर, सभी तहसीलदारों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही धान खरीदी केन्द्रों को भी सूचित किया गया है।

महान अर्थशास्त्री और आर्थिक सुधारों के जनक थे डॉ. मनमोहन: कौशिक

■ विधायक कौशिक ने डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने देश में आर्थिक सुधारों के जनक, आर्थिक बदलाव के शिल्पकार महान अर्थशास्त्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और अपूरणीय क्षति है। उनके नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली है। श्री कौशिक ने कहा कि 1991 में उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने देश को आर्थिक संकट से उबारा और भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। उनकी सादगी, सिद्धांत और दूरदृष्टि हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेंगी। श्री कौशिक ने कहा कि एक सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर अर्थशास्त्री, रिजर्व बैंक के गवर्नर, वित्त मंत्री, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं प्रधानमंत्री तक का आपका सफर सभी के लिए प्रेरणादायक है। सरदार डॉ. मनमोहन सिंह जी ने दशकों तक हमारी अर्थव्यवस्था, देश की अभूतपूर्व प्रगति और विकास की ऐतिहासिक अध्यक्षता की। उनकी बुद्धिमता, सहनशीलता, दूरदर्शिता, विनम्रता और समर्पण को सदैव याद रखा जाएगा। डॉ मनमोहन की सौम्यता एवं सुजनता के अलावा उनका सकारात्मक, उत्साही व प्रेरणादायी शब्द हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का 26 दिसम्बर को 92 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हो गया, जिससे कांग्रेस परिवार में शोक की लहर है। उनके निधन पर जिला काँग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) ने शोक व्यक्त करते हुए शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, महापौर रामशरण यादव, पूर्व महामंत्री अर्जुन तिवारी, सभापति शेख नजीरुद्दीन राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक जाने माने अर्थशास्त्री थे, उनका प्रारम्भिक जीवन अभाव में बिता, मनमोहन सिंह एक कुशाग्र बुद्धि के थे, जब देश 1991 मे आर्थिक संकट से गुजर रहा था, पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्र शेखर के कार्यकाल में सोने को गिरवी रखनी पड़ी,जब देश के प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव बने तो उन्होंने डॉ मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाया तब उन्होंने देश की आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए उदार आर्थिक नीति लागू कर देश को आर्थिक मज़बूती प्रदान की।

लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन 10 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स (6 माह) में प्रवेश हेतु विभिन्न कोर्स में आवेदन फार्म जमा किये जा रहे है। इच्छुक आवेदिका डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर एवं फैशन डिजाइनिंग कोर्स हेतु आवेदन कर सकती है।

अटल बिहारी वाजपेई विवि में प्रकृति परीक्षण का सफल आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक बड़े अभियान देश का प्रकृति परीक्षण की शुरुआत जो 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक हुआ, जिसमें आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा अधिक से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया। इसी क्रम में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में प्रकृति परीक्षण किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापको एवं छात्राओं ने प्रकृति परीक्षण करवा कर डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ए.डी.एन.वाजपेई ने आयुष चिकित्सकों एवं छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय की उप कुल सचिव डॉ.नेहा यादव, निज सचिव उपेंद्र चंद्राकर, डॉ.एच.एस. होता (छात्र कल्याण अधिष्ठाता) डॉ. गौरव साहू (विभागाध्यक्ष योग

विज्ञान विभाग) डॉ. सत्यम तिवारी (व्याख्याता योग विज्ञान विभाग) आदि ने कार्यक्रम की सफलता में अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया। छात्राओं में योग विज्ञान से शालू, तेजस्विनी, अंशिका आदि ने सहयोग किया। आयुष प्रकृति परीक्षण की टीम में डॉ. कोमल सिंह डोटे डॉ.निशांत कौशिक, डॉ.आरती गायकवाड, डॉ. विश्वनाथ पटेल, डॉ. भारती श्रीवास, डॉ. रश्मि श्रीवास व डॉक्टर बालेंदु त्रिपाठी ने प्रकृति परीक्षण किया एवं उसके बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उनकी प्रकृति के अनुरूप आहार विहार दिनचर्या पालन की सलाह दी गई।

बिलासपुर रेलवे जोन स्टेशन की पार्किंग स्थानांतरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत स्टेशन परिसर का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन का कार्य तीव्र गति से आरंभ हो चुका है । इसके तहत बिलासपुर स्टेशन में यात्रियों को उच्च स्तरीय सेवाएँ, बेहतर यात्री सुविधाएँ और स्वच्छ व सुगम परिवेश उपलब्ध कराने अनेक कार्य कराये जा रहे हैं । सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे हैं। इस निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों को स्टेशन आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसलिए रेल प्रशासन द्वारा अनेक

बिलासपुर जोन में पुनर्विकास कार्य में तेजी

प्रबंध/बदलाव किये जा रहे हैं । इसके तहत सुलभ शौचालय के पीछे व रेल कोच रेस्टोरेन्ट के सामने वाली रोड में सर्वसुविधायुक्त नया पार्किंग स्टैंड बनाकर दोपहिया और चार पहिया वाहनों के पार्किंग का संचालन किया जा रहा है। पुराने पार्किंग स्टैंड को नए में शिफ्ट कर बंद कर दिया गया है। यात्रीगण कृपया वाहन पार्किंग केवल नए स्टैंड में ही करें। अतः यात्रीगण अपने यात्रा समय को ध्यान में रखते हुए, स्टेशन पर पर्याप्त समय पहले पहुंचें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे निर्माण कार्य के दौरान होने वाली असुविधा को समझें और स्टेशन पर दिए गए दिशा-निदेशों का पालन करें।

सट्टा-पट्टी सहित युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध सट्टा कारोबार करने वाले मुख्य खाईवाल को सरकण्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। क्षेत्र में चोरी छिपे संगठित रूप से सट्टा पट्टी लिखवा रहा था। पुलिस ने पूर्व में गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिले में जुआ/सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु धरपकड कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर उदयन बेहार एवं सी.एस.पी. (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी सरकंडा निरी. निलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सरकण्डा पुलिस द्वारा जुआ/सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु मुखबीर तैनात कर पतासाजी की जा रही थी कि 10 दिसंबर को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी विक्की बसोड़ निवासी अशोक नगर एवं आरोपी जितेन्द्र पाण्डेय निवासी चांटीडीह एवं आरोपी हरिश वंशकार निवासी बसोड़ मोहल्ला बंधवापारा सरकण्डा चोरी छिपे सट्टा पट्टी लिख रहे हैं, जिन्हें पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है, प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ पर देवेन्द्र सोनी निवासी अशोक नगर सरकण्डा के द्वारा मजदूरी में सट्टा पट्टी लिखवाना बताने पर संगठित अपराध की धारा 112 बीएनएस जोड़ी जाकर आरोपी देवेन्द्र सोनी पिता महानंद सोनी निवासी अशोक नगर सरकण्डा की पता तलाश किया जा रहा था।

आयोजन

सीवीआरयू में मनाया गया वीर बाल दिवस

साहिबज़ादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को किया याद

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में गुरु गोविंद सिंह के बेटों के शहादत को याद करने के लिए पर वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर तविंदर पाल अरोरा एवं किरण पाल चावला ने वीर जोरावर सिंह और फतेह सिंह के के बलिदान और संघर्ष को सभी से साझा किया।

इस अवसर पर उपस्थित किरण पाल चावला ने कहा कि, आज हमें संत सिपाही की जरूरत है। सोच में हमें संत बनना चाहिए , और हौसलों में हमें सिपाही बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज हमें यह तय करना है , कि हमारा रोल मॉडल क्या होगा। क्या हम बॉलीवुड

के किसी सितारे को अपना आदर्श मानते हैं , या देश के लिए जीने वाले किसी वीर जवान को आदर्श मानते हैं हमें तय करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने धर्म पर गर्व करने से पहले धर्म को जानना, सिखाना और समझना होगा। इस अवसर पर उपस्थित तविंदर पाल अरोरा ने कहा कि जोरावर सिंह और फतेह सिंह की उम्र छोटी थी ,लेकिन उन्हें ज्ञान उम्र से अधिक था. और उनका जीवन भी उम्र से बड़ा हुआ। उन्होंने उनके छोटे से जीवन के अनेक संघर्षों और बातों को सभी से साझा किया. उन्होंने बताया कि दोनों वीर बालक ने घुटने नहीं ठेके और धर्म परिवर्तन नहीं किया, इसलिए उन्हें दीवारों से चुनवा दिया गया था। इसके बाद भी ईश्वर की इच्छा उन्हें जीवित रखने की थी और बाद में मुगलों ने उनकी हत्या कर दी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के वीर बालकों से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है, उनके जीवन के संघर्ष को हमें पढ़ना चाहिए. अपने जीवन में उसे संघर्ष के रूप को स्वीकार करना चाहिए. उन्होंने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया .कार्यक्रम के समन्वयक डॉ जयशंकर यादव उपस्थित थे .कार्यक्रम का संचालन हर्षित कुमार ने किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पर अध्यापक उपस्थित थे।

केरल के तृशूर में तीसरा दक्षिण भारतीय हिंदी सम्मेलन

तीसरा दक्षिण भारतीय हिंदी सम्मेलन किला, तृशूर (केरल) में आयोजित किया गया है। यह सम्मेलन विकल्प (तृशूर, केरल), रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल एवं डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण भारतीय हिंदी सम्मेलन संतोष चौबे, वरिष्ठ कवि-कथाकार, निदेशक, विश्व रंग एवं कुलाधिपति डीआर सीवी रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य के रुप में सम्मिलित हुए।

सुविचार

जब तक संभव हो मौन रहना चाहिए ताकि जहां पर बोलना आवश्यक हो वहां आप खुद को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त कर सको। - अज्ञात

भारत रत्न सम्मान के सच्चे अधिकारी हैं डॉ. मनमोहन सिंह

देश के पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ.मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉ.मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। अपने एक दशक के कार्यकाल में प्रधानमंत्री के रूप में डॉ.मनमोहन सिंह ने देश को नई दिशा देने के लिए जो महत्वपूर्ण फैसले लिये हैं वे देश के विकास की दिशा तय करने में बेहद महत्वपूर्ण कदम के रूप में याद किये जाएंगे। डॉ.मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ही सबसे पहले दो हजार पांच में मनरेगा शुरू हुआ था। जिसके तहत देश के हर ग्रामीण परिवार को कम से कम सौ दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया गया। इसी साल सूचना का अधिकार कानून भी पारित हुआ था जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को सरकारी सूचना प्राप्त करने का हक मिला और इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आई तथा जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित हुई। इसके अलावा वन अधिकार कानून राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, भूमि अधिग्रहण कानून और शिक्षा का अधिकार कानून भी उनके कार्यकाल में बना जो आज मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। डॉ.मनमोहन सिंह का देश के प्रति सबसे महत्वपूर्ण योगदान यह रहा है कि उन्होंने तात्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए आर्थिक क्राति की शुरूआत की थी। उस समय देश की अर्थव्यवस्था डगमगा गई थी। तब डॉ.मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण की नीति अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी थी। इसीलिए उन्हें भारत की आर्थिक क्रांति का जनक माना जाता है। आज यदि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है तो इसका श्रेय भी डॉ.मनमोहन सिंह की दूरदर्शिता को ही दिया जाना चाहिए। वित्त मंत्री बनने से पहले डॉ.मनमोहन सिंह रिजर्व बैंक के गवर्नर रह चुके थे। विश्व बैंक में भी उन्होंने सेवाएं दी थी और योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रह चुके थे। इसलिए देश की अर्थव्यवस्था को बदलने में उनका यह अनुभव काम आया। इस लिहाज से डॉ.मनमोहन सिंह भारत रत्न सम्मान के सच्चे अधिकारी बनते हैं। वैसे तो उन्हें 1987 में देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से नवाजा गया था। इसके अलावा भी एक प्रख्यात अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें कई देशों के विश्व विद्यालयों ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की थी। देश के प्रति उनके विशिष्ट योगदान को देखते हुए भारत के तात्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने डॉ.मनमोहन सिंह को भारत रत्न सम्मान से सम्मानित करने का मन बनाया था और इसके लिए उन्होंने पहल भी की थी लेकिन पता नहीं क्यों डॉ.मनमोहन सिंह को भारत रत्न सम्मान नहीं मिल पाया। अब इस भूल को सुधारा जा सकता है और डॉ.मनमोहन सिंह को भारत रत्न सम्मान प्रदान कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकती है। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह उम्मीद की जा सकती है की वे देश के सच्चे रत्न डॉ.मनमोहन सिंह को भारत रत्न सम्मान देने की दिशा में यथासिद्ध उचित पहल करेंगे। डॉ.मनमोहन सिंह, संयम, सालीनता और सादगी की प्रतिमूर्ति थे। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर की तरह ही डॉ.मनमोहन सिंह भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में आत्मसात कर चुके थे। जब वे देश के प्रधानमंत्री थे और उन्हें अत्याधुनिक बीएमडब्ल्यू कार दी गई तब भी वे अपनी मारूति 800 का मोह नहीं छोड़ पा रहे थे। उस समय उनके प्रमुख सुरक्षा गार्ड रहे असीम अरूण ने पोस्ट किया है कि जब भी बीएमडब्ल्यू मं सवार होते थे तो अपने मारूति 800 पर हसरत भरी निगाह डालते थे। यदि उनका वश चलता और सुरक्षाकारणें के कारण उन्हें बीएमडब्ल्यू में सफर करने के लिए बाध्य न होना पड़ता तो वे अपनी मारूति की ही सवारी करते। ऐसी सादमी आज के राज नेताओं में कही नजर नहीं आती। डॉ.मनमोहन सिंह की सेवाओं को यह देश कभी नहीं भूलेगा वे पधाानमंत्री पद से हटने के बाद इस बात को लेकर व्यथित थे कि अब सता पक्ष और विपक्ष में कटूता बढ़ती जा रही है। जो हित में नहीं है। उनकी इस व्यथा को ही उनकी अंतिम इच्छा मानकर सत्ता पक्ष और विपक्ष को चाहिए की वे आपसी कटूता खत्म करें। राजनीति मे आपसी मतभेद तो होते ही है लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। डॉ.मनमोहन सिंह के प्रति सच्ची श्रत्रांजलि तो यही होगी की उनके विचारों को आत्मसात किया जाये और जिन आर्थिक सुधारों को उन्होंने लगू किया था। उसे और आगे बढ़ाया जाये ताकि भारत की अथव्यवस्था और मजबूत बने तथा हमारा देश दुनिया में विश्वगुरू की भूमिका निभाने में सफल हो। यह तभी संभव है जब सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता दलगत भावना से उपर उठकर देश के आर्थिक विकास में अपनी भागीदारी ईमानदारी से निभाने के लिए संकल्पित हों। बहरहाल पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के देश के नवनिर्माण में और खासतौर पर अर्थव्यवस्थ्सा में सुधार के लिए ये किये गये उनके क्रांति कारी कदमों को मद्देनजर रखकर उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने के लिए सभी को पहल करनी चाहिए। यही इस देश के सच्चे सपूत को देश की सच्ची श्रद्धांजलित कही जायेगी।

अमेरिका और नाटो की हरकतों से विश्व युद्ध की आशंका के बादल

संजीव ठाकुर

वह कभी भी आतंकवादियों के माध्यम से भारत में हमला कर सकता है तथा भारत को अपनी सीमा पर चौकसी बढ़ा देना चाहिए। इसके अलावा भारत ने अपनी नीति स्पष्ट करके रखी है, उसने हमास के आतंकवादियों का विरोध किया है पर फिलिस्तीन देश का वह कई वर्षों से समर्थन करता आया है और 38 टन मदद की रसद तथा दवाइयां उसने गाजा पट्टी पर भिजवाई भी है। भारत का दृष्टिकोण मानवतावादी है। उसने हमास का विरोध इसराइल पर आक्रमण करने के लिए किया है इसीलिए उसने इसराइल का समर्थन किया पर अब इजरायल के गाजा पट्टी पर निर्दोष लोगों के मारे जाने का विरोध भी किया है। अरब खाड़ी के कई देश भारत से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह जॉर्डन,लेबनान, मिश्र, ईरान ,इराक और इजरायल, अमेरिका ,ब्रिटेन के नेताओं से चर्चा कर युद्ध विराम पर प्रभावी कदम उठाये। सबकी नजर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है क्योंकि नरेंद्र मोदी के संबद्ध सभी देश के राष्ट्र प्रमुखों से मधुर है एवं भारत की नीति ही शांति संदेश देने की रही है। ऐसे में भारत एक प्रमुख शांति दूत के रूप में वैश्विक भूमिका निभा सकता है जो विश्व युद्ध रोकने में काफी कारगर होगी।

अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति जो बायडेन जाते-जाते भी यूक्रेन को सामरिक तथा आर्थिक मदद का पैकेज देकर रूस के खिलाफ विश्व युद्ध की चिंगारी को भड़काकर जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद भी रूस यूक्रेन और इसराइल हमास युद्ध रुकने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष से अधिक समय हो चुका है वहीं इसराइल हमास और फिलिस्तीन युद्ध को भी एक वर्ष से अधिक हो चुका है। अमेरिका यूरोपीय देश यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करके विश्व युद्ध की आशंका को बने हुए हैं। इसके अलावा भी यह देश यूक्रेन को रूस के खिलाफ लगातार भड़काते आ रहे हैं और यही वजह है की विश्व युद्ध की भीषण विभीषिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास ,हिजबुल्ला और फ्लस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इसराइल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इसराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इसराइल अपना कर्तव्य निभा रहा हैद्य लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगाद्य इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इसराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट देकर रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इसराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर लेद्य चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़काकर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इसराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया हैद्य 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इसराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैंद्य हमास इसराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिरकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई और इसका सारा ठीकरा इसराइल के सर फोड़ दिया गया है इसराइल ने इस बात से साफइनकार किया है और कहा है कि इसके पीछे खुद हमास एवं फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद है जिसने गाजा के इस अस्पताल में हमला कर इसराइल के खिलाफएक नया षड्यंत्र रचा है। इस हमले से क्रुद्ध होकर खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र जिनकी संख्या लगभग 57 है सब एक हो गए हैं और इजरायल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं जिसमें प्रमुख तौर पर अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया,कनाडा एवं अन्य देश जिसमें भारत भी शामिल है का इसराइल को समर्थन है। अब मुख्य मुद्दा यह है कि हमास द्वारा 200 नागरिकों को बंधक बना लिया है जिनको वह मुक्त करने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है इजराइल का लगातार आक्रमण कर यह दबाव है कि पहले वह बंधकों को इसराइल के हवाले करें फिर इसराइल अपना आक्रमण रोकेगा।अब इजरायल की थल सेना भी आक्रमण करने पूरी तरह सक्षम एवं तैयार है ऐसी स्थिति में पूरी गाजा पट्टी संपूर्ण तबाह हो जाएगी और लगभग 20 लाख फिलिस्तीन निवासी नागरिक शरणार्थी बन चुके और बेघर भी हो चुके हैं। ईरान ने हमास को इसराइल पर आक्रमण के आदेश देने के समय तक यह नहीं सोचा था की स्थिति यहां तक बिगड़ जाएगी। चीन रूस जरूर ईरान के साथ हैं पर यह जरूरी नहीं है कि इसराइल और हमास की युद्ध से पैदा होने वाले विश्व युद्ध में वे ईरान और खाड़ी देशों का कितना साथ दे पाएंगे। भारत को भी हमास इजरायल युद्ध से चौकन्ना रहने की आवश्यकता होगी क्योंकि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान भी हमास जैसे आतंकवादियों को बना देने का कई वर्षों से मुजरिम है और वह कभी भी आतंकवादियों के माध्यम से भारत में हमला कर सकता है तथा भारत को अपनी सीमा पर चौकसी बढ़ा देना चाहिए। इसके अलावा भारत ने अपनी नीति स्पष्ट करके रखी है, उसने हमास के आतंकवादियों का विरोध किया है पर फिलिस्तीन देश का वह कई वर्षों से समर्थन करता आया है और 38 टन मदद की रसद तथा दवाइयां उसने गाजा पट्टी पर भिजवाई भी है। भारत का दृष्टिकोण मानवतावादी है। उसने हमास का विरोध इसराइल पर आक्रमण करने के लिए किया है इसीलिए उसने इसराइल का समर्थन किया पर अब इजरायल के गाजा पट्टी पर निर्दोष लोगों के मारे जाने का विरोध भी किया है। अरब खाड़ी के कई देश भारत से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह जॉर्डन,लेबनान, मिश्र, ईरान ,इराक और इजरायल, अमेरिका ,ब्रिटेन के नेताओं से चर्चा कर युद्ध विराम पर प्रभावी कदम उठाये। सबकी नजर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है क्योंकि नरेंद्र मोदी के संबद्ध सभी देश के राष्ट्र प्रमुखों से मधुर है एवं भारत की नीति ही शांति संदेश देने की रही है। ऐसे में भारत एक प्रमुख शांति दूत के रूप में वैश्विक भूमिका निभा सकता है जो विश्व युद्ध रोकने में काफी कारगर होगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1836 में 28 दिसंबर के दिन ही स्पेन ने मेक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता दी थी। 1885 में आज ही के दिन भारतीय नेशनल कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई थी। 1926 में 28 दिसंबर के दिन ही इंपिरियल एयरवेज ने भारत और इंग्लैंड के बीच यात्री और डाक सेवा शुरू की थी। 1928 में आज ही के दिन कोलकाता में पहली बार बोलती फ़िल्म मेलोडी ऑफलव प्रदर्शित हुई थी। 1950 में 28 दिसंबर के दिन ही द पीक डिस्ट्रिक्ट ब्रिटेन का पहला राष्ट्रीय पार्क बना था। 1957 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया था। 1966 में 28 दिसंबर के दिन ही चीन ने लोप नोर में परमाणु परीक्षण किया था। 1976 में आज ही के दिन अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया था। 1983 में 28 दिसंबर के दिन ही भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मद्रास टेस्ट में अपना 30 वां शतक जड़कर महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमेन का रिकॉर्ड तोड़ा था। 1984 में आज ही के दिन राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुझे जब याद

मुझे जब याद आता हैं,तुम्हारा चाँद सा चेहरा, ख्यालों में बुलाता है, तुम्हारा चाँद सा चेहरा, तेरी बातें,मुलाकातें,महकती उर में घुल सन्दल- जगाता फिरकई रातें,तुम्हाराचाँदसाचेहरा। - **डॉ किरण मिश्रा**

कला-संस्कृति

कला-संस्कृति दोनों सबको जोड़े रखती जन-जन के जीवन में भी दोनों ही बसती कला निपुण और सुसंस्कृत होते ही देखे तूती जिनकी, दुनियाँ भर में देखी बजती इक-दूजे की कला देखने जाती दुनियाँ संस्कृति छोड़े छाप,घूमने आती दुनियाँ आवागमन बढ़ाती, जुड़ते लोग यहाँ पर पनपे कारोबार, कला से कमाती दुनियाँ।

- जे डी कुदाल

खास पाती | पति-पत्नी में संवाद हमेशा

पति-पत्नी में संवाद हमेशा बना रहना चाहिए। एकदूदूजे में कमियां निकालना विभिन्न रूपों से अपमानित करना। पति-पत्नी में संवाद हमेशा बना रहना चाहिए। जब संतान बड़ी होकर अपने परिवार में व्यस्त हो जाती है, तो आपका जीवनसाथी ही आपके सुख-दुख का भागीदार होता है। इसलिए शादी के समय अक्सर यह कोशिश होती है, की वरद्ववधु की उम्र में ज्यादा अंतर ना हो। यहां तक की कोशिश कुछ कमी का प्रश्न है तो जब तक कोई इंसान अपने आप को ना सुधारना चाहे आपकी लाखों कोशिशें से बेकार साबित होगी। - **गौरी पटले**

रब में चला, सब में चला, बस चलत

रब में चला, सब में चला, बस चलता ही रहा हूं मैं, चलते चलते इतना चला, अंत तक चलता रहा मैं,, राह अन्नत-चाह अन्नत- है हर क्षण थाह अन्नत, कैसे बनू जग में कुंदन, पूर्णत: कहां से पाऊँ मैं,, हित मिले परचित मिले, मिला रिस्तों का संसार- अपने पल कोई ना मिला, अब राह कहां से लाऊं मैं, रब में चला, सब में चला, बस चलता ही रहा हूं मैं - **ललित उपाध्याय**

हँसना चाहती हूँ मैं भी, बिना किसी

हँसना चाहती हूँ मैं भी, बिना किसी रोक-टोक के सुनना चाहती हूँ मैं भी, सागर का कलरव नदियों की कल-कल ध्वनि चिड़ियों का चहचहाना हवाओं की 'साँय-साँय' देखना चाहती हूँ मैं भी, लताओं का इठलाना पत्तों का झूमना बादलों का बरसना पंछियों का उड़ना कहना चाहती हूँ मैं भी, अपरिचित पीड़ा प्रदीप्त वेदना और- मेरी मौलिक विलुप्त आकांक्षाएँ। - **अनुभूति 'अनु'**

मया के डोरी ले एक मोती

मया के डोरी ले एक मोती अउ झरत हे सरग निसैनी ले इहू बछर खसलत हे.. बाँचे हे भइगे थोरकेच घड़ी, पल छिन फेर हो जाही अँगरी म वो तो गिन-गिन. कुनकुनवत रउनिया अउ दमोरत रतिहा के गोरसी तापत सियनहा के सोझियावत कनिहा के कोनो बियारा म दौंरी अउ बेलन के रेंगना कोनो मेर के रास ल सकेलना अउ धुँकना नवा दिन-बादर ह फेर परघाही नवा मौसम बसंत के सुवागत म करही दमादम नवा बिहान ले बस अतकेच हे आस झन बोरबे तैं ह जी काकरोच बिसवास राज सरकार ले घलो हमर अतकेच हे आस भाखा संस्कृति खातिर चेत करबे जी तैं खास - **कवि सुशील भोले**

अपनी वो प्यारी सी दुनिया बनाए,

अपनी वो प्यारी सी दुनिया बनाए, हिसाबों की दुनिया में संख्याएँ सजाए, कागजों पे बैठा वो मेहनत दिखाए। पर फूलों के संग जब बाग़ में रम जाए, धरती को रंगों की चादर पहनाए। गणना की रेखाओं से जोड़े समीकरण, बगीचे में गूंथता हर पुष्प का जीवन। कभी कलियों से बातें, कभी मौन में कथन, स्वर्णिम स्वप्नों से है संवारता, वह अपनों का जीवन। - **अनुराधा सिंह**

सुनो सदियों से युगों से जन्मों से काल

सुनो सदियों से युगों से जन्मों से, काल के हर खण्ड में, मेरी एक ही तस्वीर पसंद आयी है तुम्हें, और मैंने जब भी कलम उठाई तुम्हारी एक तस्वीर बनाने तब तब ही सिर्फ़चाबी ही उकेर पायी मैं, क्योंएक हथौड़ा न बना पायी और न ही हो पायी हूँ आज़ाद उन बेड़ियों से अब तक ही, जिन्हें ढोल नगाड़े बजा कर सम्मान सहित पहना दिया था मुझे ख़ुशी-ख़ुशी तुमने और मैं उफ़तक न कर पायी थी और न ही कर पायी हूँ - **शुचि 'भवि'**

प्रेरक प्रसंग

बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार दें

बच्चों को आज हमारे द्वारा दिये गये श्रेष्ठ संस्कार ही भविष्य में हमारे घर-परिवार की खुशी का कारण बनने वाले हैं। हमारा पूरा जीवन संस्कारों के इर्द-गिर्द ही घूमता रहता है। यदि जीवन में खुशियां हैं तो निश्चित ही हमने अच्छे संस्कारों की फसल बोयी है और यदि जीवन में कष्ट, कलह और अशांति है तो उसका सीधा सा अर्थ यह भी है कि हम कहीं न कहीं श्रेष्ठ संस्कारों की संगति से दूर रहे हैं। महापुरुषों का कथन है कि यदि हमारी वृद्धावस्था, वृद्धाश्रम में कट रही है तो उसका कारण केवल हमारे बच्चे नहीं अपितु उन बच्चों को हमारे द्वारा दिये गये संस्कार भी हैं। जैसे संस्कारों के बीज आज हम अपने बच्चों में डालेंगे, समय आने पर वैसा ही फल हमें प्राप्त होने वाला है। श्रेष्ठ संगति ही श्रेष्ठ संस्कारों को जन्म देती है। इसलिए स्वयं श्रेष्ठ संगति में रहें और अपने बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करें, यही हमारे खुशहाल जीवन एवं सुखमय वृद्धावस्था का रहस्य है।

आज का पंचांग

सूर्योदय: 06:16, सूर्यास्त: 05:27 चन्द्रोदय: 28:46, चन्द्रास्त: 14:19 अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय) ऋतु: शिशिर, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (काल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : अनुराधा, योग : शूल, प्रथम करण : कौलव (13:39 तक), द्वितीय करण : तैतिल (26:26 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : वृश्चिक (13:56 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:58 से 12:39, अमृत काल 10:49 से 12:35, सर्वार्थसिद्धि योग 20:28 से 31:12, विजय मुहूर्त 14:00 से 14:41, गोधूलि मुहूर्त 17:22 से 17:50, सायाह्न सन्ध्या 17:25 से 18:47, निशिता मुहूर्त 23:51 से 24:46, राहुकाल 09:00 से 10:30, राहुवास दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड 14:51 से 16:08, दुर्मुहूर्त 09:14 से 09:55, होमाहुति केतु, दिशा शूल पश्चिम, अग्निवास पाताल (26:26 से पृथ्वी)

QUIZ TIME

1) वर्ल्ड वाइड वेब दिवस कब मनाया जाता है?

2) सुंदर पिचाई को किस भारतीय शिक्षण संस्थान ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है?

3) राष्ट्रीय मैराथन दौड़ पहली बार 1987 में कहाँ पर आयोजित किया गया था?

4) सिक्किम के लिम्बू समुदाय का पारंपरिक वाद्ययंत्र कौन सा है?

5) हाल ही में, महाराष्ट्र की पहली महिला प्रधान मुख्य वन संरक्षक कौन बनी हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1 अगस्त (2) आईआईटी खड़गपुर (3) कोलकाता (4) छ्याब्रुंग (5) शोमिता बिस्वास

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज दिन के आरम्भ से ही स्वास्थ्य में कुछ ना कुछ विकार लगा रहेगा।

वृष: आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में स्वभाव में थोड़ी गर्मी रहेगी किसी पुराने व्यवहार अथवा प्रसंग को लेकर पुराने परिचित से झगड़ा होने की संभावना है।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए वृद्धि कर हो सकता है। बीते दिन की तुलना में आज स्वभाव में जल्दबाजी नहीं रहेगी।

कर्क: आज का दिन मध्यान तक व्यर्थ में खराब होगा। जिस काम को करने की सोचेंगे उसकी जगह कोई नया काम सर आने से दुविधा होगी।

सिंह: आज का दिन भी आपके लिए प्रतिकूल फल देने वाला रहेगा घर एवं कार्यक्षेत्र दोनों जगह नापसंद कार्य होने से क्रोध आएगा।

कन्या : आज का दिन आपके लिए शुभ फल दायक है। दिन के आरंभ में मिजाज हल्का रहने से घर का वातावरण भी हास्यास्पद बनाएंगे।

तुला: आज के दिन परिस्थितियां कल जैसी सुविधाजनक नहीं फिर भी संतोषजनक अवश्य रहेगी। आज आप आर्थिक विषयों को छोड़ अन्य किसी भी कार्य के प्रति अधिक गंभीरता नहीं दिखाएंगे।

वृश्चिक : आज का दिन आपको मंगल कार्यो की तरफ खींचेगा। घर अथवा बाहर धार्मिक अथवा पारिवारिक कार्यक्रम में जाने के अवसर मिलेंगे।

धनु: आज का दिन आपके लिए हानिकारक है। किसी भी कार्य में लाभ हानि का विचार करने के बाद निर्णय ले जल्दबाजी में जो भी कार्य करेंगे।

मकर: आज के दिन सार्वजनिक क्षेत्र पर लाभ के नए संपर्क जुड़ेंगे जिनकी आशा भी आपको नहीं रहेगी उन लोगों से सम्मान मिलेगा।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए कार्य सफलता वाला रहेगा दिन के पहले भाग में जो भी योजना बनाएंगे मध्यांतर थोड़ी दौड़ को उसके बाद उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

मीन: आज का दिन आपके लिए भाग्यवर्धक रहेगा लेकिन इसके लिए लापरवाही से बचना होगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 278 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			दद्दू
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

■ न्यूज गैलरी

गुरु बाबा घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए सुशील सन्नी अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। गोवर्धन चौक, डॉ राजेन्द्र नगर रायपुर में संत शिरोमणि गुरु बाबा घासीदास जी का जयंती समारोह का आयोजन किया गया जो कि विगत 40 वर्षों से किया जा रहा है तथा मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित होते है, जिसमे सुशील सन्नी अग्रवाल शामिल होकर पवित्र जैत खाम की पूजा अर्चना की एवं प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की और कहा कि बाबा घासीदास जी के ÷मनखे मनखे एक समान÷ के संदेश का अनुसरण करते हुए हम सभी को परस्पर सद्भाव के साथ आगे बढ़ना चाहिए वर्तमान भाजपा सरकार सतनामी दलितों व पिछड़े समाज के लोगों के साथ अत्याचार कर रही है दलित समाज के लोगों को एवं सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को जेल में बंद कर रही है जिससे कि समाज में सरकार के प्रति नाराजगी है ।

रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों का निर्वाचन, सात जनवरी को होगी साधारण सभा की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा रायपुर में प्रबंध समिति गठन हेतु शेष 5 सदस्यों का चयन निर्वाचन के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में एक साधारण सभा की बैठक अगामी 7 जनवरी सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक का स्थान रेडक्रॉस सभाकक्ष, कलेक्टर परिसर रायपुर निर्धारित किया गया है। रेडक्रॉस जिला शाखा रायपुर द्वारा 7 दिसंबर 2024 को प्रकाशित सूची के अनुसार, संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों से निवेदन किया गया है कि वे उक्त बैठक में निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित होकर अपना योगदान दें। संबंधित सभी सदस्य अन्य जानकारी हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायपुर से संपर्क कर सकते हैं।

विष्णु के सुशासन का हो रहा असर, रायपुर में एक कॉल से मिल रहा है समस्या का समाधान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में अब एक फोन से समस्याओं का निराकरण हो रहा है। आरंग के खोरसी भाटिया ग्राम पंचायत निवासी लेखराम साहू ने हास्पिटल से बेटी का जन्म प्रमाणपत्र नहीं दिए जाने को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी का जन्म जिला चिकित्सालय कालीबाड़ी में 30 सिंतबर को हुआ था। 17 दिसंबर को उनको अस्पताल से जन्म प्रमाण पत्र दिया गया है वह अस्थायी फोटो कॉपी पेपर में दिया गया है जिसमे जानकारी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है। चिकित्सालय जाने पर सही जबाव नहीं दिया जाता है। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जन समस्या निवारण कॉल सेंटर मे फोन किया किया। जिसके बाद सम्बंधित विभाग को मामले की जानकारी दी गई।

एक युद्ध-नशे के विरूद्ध अभियान की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह,एसएसपी लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर रायपुर जिले में नशे के खिलाफएक युद्ध-नशे के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को नशे से रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और घुंमतू लोगों को रेशक्यू भी किए जाने का कार्य किया भी किया जा रहा है। इस अभियान की समीक्षा के लिए आज जिलास्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में ली गई। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में डीएसपी मती ज्योत्सना चौधरी सभी विभागीय अधिकारियों से अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा की।

पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर काव्य गोष्ठी

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा बाजपेयी जी के जन्मदिन के शताब्दी वर्ष पर आशीर्वाद भवन में व्याख्यान सह काव्यपाठ का आयोजन किया गया । विशेष अतिथि की आसंदी पर डा. राजेश अवस्थी सी.एच.एम.ओ. बलौदा बाजार-भाटापारा थे तथा कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ल, सचिव सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्र, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी एवं संयोजक अजय अवस्थी मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पूजन और माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी और पं मदन मोहन मालवीय जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ राजेश अवस्थी ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण शुक्ल ने कहा कि आज अटल जी और महामना की जयंती पर कवि लेखकों की उपस्थिति और उनके रचना पाठ का अभिनव प्रयास और कहीं देखने और सुनने को नहीं मिला हमने महापुरुषों की पुण्य स्मृति में यह परम्परा शुरू की है इस माध्यम से नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है और कार्यक्रम को सार्थकता मिलती है। सचिव सुरेश मिश्र ने कहा कि जब समाज में बौद्धिक विमर्श और साहित्य पर चर्चा होती है तो उसका सभी क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तत्पश्चात् काव्यपाठ की कड़ी में सोनाली अवस्थी ने सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम संयोजक अजय अवस्थी 'किरण' , प्रकाश अवस्थी, सुरेश मिश्र, राघवेन्द्र मिश्र ने अपने व्याख्यान पर रोचक संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम की सबने मुक्त कंठ से सराहना की।अटल जी जैसे महान व्यक्तित्व को शब्दों में परिभाषित करना कठिन है। कार्यक्रम का समापन उपाध्यक्ष निशा अवस्थी के आभार प्रदर्शन से किया गया। अंत में बाजपेयी जी की जन्म जयंती के शताब्दी वर्ष पर जनसमूह ने पुष्पांजलि अर्पित की। आयोजन में प्रमुख रूप से अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष पं. राघवेन्द्र मिश्र, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव पं. रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव पं. गौरव शुक्ल, शकुन्तला तिवारी, सुधा शुक्ला, प्रीति मिश्रा, अर्चना मिश्रा, डॉ. योगिता बाजपेई, डॉ. सीमा अवस्थी, सुमन शर्मा बाजपेई, सोनाली अवस्थी, पं. प्रदीप शुक्ल, पं. देवेन्द्र पाठक, पं. विदोष द्विवेदी, पं. श्रीकांत अवस्थी, पं. राजेश त्रिवेदी, पं. प्रशांत कुमार तिवारी, पं. शिवराम अवस्थी, पं. इन्द्र कुमार तिवारी, पं. के. एल. दीक्षित, पं. गोपाल मिश्र, पं. अशोक दीक्षित, पं. शरद दुबे, पं. प्रदीप मिश्र, पं. रामगोपाल शुक्ल, पं. एन.एल. शुक्ल, पं. मोहन कुमार दुबे, पं. रविन्द्र शुक्ल, पं. रामकुमार मिश्र सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।

राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं परिजनों को चिकित्सा परामर्श दिया

अटल जयंती पर राजभवन में दो दिवसीय शिविर का समापन

■ **237 व्यक्तियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण और 16 सदस्यों ने रक्त दान किया**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर राजभवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर आयोजित दो दिवसीय रक्त दान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आज समापन हुआ। शिविर में राजभवन परिवार के 16 सदस्यों ने रक्तदान किया और 237 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

राज्यपाल डेका ने सभी रक्त दाताओं के इस कार्य की सराहना की और कहा कि रक्त दान महादान है। स्वस्थ व्यक्तियों को अवश्य रक्त दान करना चाहिए। स्वास्थ्य शिविर में टी.बी. परीक्षण, मेडिसिन, नेत्र रोग, रोग, दंत रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, शिशु रोग, कान-नाक गला विशेषज्ञ, पैथालॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, हड्डी रोग सहित अन्य विभागों के चिकित्सकों ने उपस्थित रहकर राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं परिजनों को चिकित्सा परामर्श दिया। इस अवसर पर शिविर में डॉ. रूपल पुरोहित, डॉ. अल्पना सक्सेना, डॉ. देवेश रायचा, डॉ. देविका दुबे उपस्थित थे।

राजभवन में दो दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर राजभवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में X-Ray के माध्यम से स्क्रीनिंग कैंप में लगभग 76 अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच की गई। इसका उद्देश्य टीबी के प्रति जागरूकता फैलाना और टीबी की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करना था। मोबाइल मेडिकल वाहन एसबीआई फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया तथा मेडिकल टीबी यूनिट और सोसाइटी ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ओरियंटेड ऑपरेशनल लिंक्स द्वारा संचालित किया जाता है। जांच के दौरान, पांच संभावित टीबी रोगियों की पहचान की गई, जिनके सैंपल आगे की जांच के लिए हेतु भेजे गए हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। ऐसे कार्यक्रम क्षय रोग की समय पर पहचान और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजभवन प्रशासन इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेगा।

राज्यपाल डेका ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राजभवन में आयोजित शोक सभा में डेका ने डॉ. सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का जाना केवल उनके परिवार और मित्रों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल डेका ने डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे और उनके कार्यकाल में देश ने कई आर्थिक सुधार देखे। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया, जहाँ उन्होंने आर्थिक उदारीकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनकी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। डेका ने कहा कि डॉ. सिंह की सादगी और विनम्रता ने उन्हें एक अद्वितीय नेता बनाया। उन्होंने हमेशा अपने कार्यों से यह सिद्ध किया कि नेतृत्व केवल शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि लोगों की भलाई के लिए समर्पण है। उनकी बुद्धिमत्ता और दृष्टिकोण ने न केवल राजनीतिक क्षेत्र में बल्कि समाज के हर वर्ग को प्रेरणा दी। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व कैसे किया जाता है।

बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ भाजपा सरकार अन्याय कर रही : दीपक बैज

■ **सरकार चयनित शिक्षकों को दूसरे पदों पर समायोजित करे**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के साथ अन्याय कर रही है। भले ही इन शिक्षकों की नौकरी पर संकट तकनीकी रूप से अदालती निर्णय के कारण आया है लेकिन सरकार चाहे तो इस समस्या का तत्काल निराकरण कर सकती है। सरकार के पास शिक्षा विभाग में ही अनेकों ऐसे पद है जहां समान वेतनमान पर इन 2897 शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है। प्रयोगशाला सहायक, उच्च श्रेणी शिक्षकों के रूप में इनकी नियुक्तियां की जा सकती है। वर्तमान शिक्षा विभाग में 70 हजार पद रिक्त है। 33000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया सरकार रोक कर रखी हैं। इन पदों पर इन शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। सरकार इनके मामले में तत्काल निर्णय लेकर इनका समायोजन करे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के 2897 सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिये आंदोलनरत है, धरने पर बैठे है सरकार है कि इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले रही है। बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नौकरी बचाने सरकार के पास अनेकों विकल्प है, विभागीय डीएड परीक्षा का आयोजन भी करवा कर नौकरी यथावत बरकरार रख सकती है सरकार लेकिन इस सरकार की नीयत ठीक नहीं है। भाजपा सरकार नौकरी छीनने वाली सरकार है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने के बाद नियुक्ति दिया था। अब अदालत के निर्णय के बाद गतिरोध आ रहा है तो सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें।

गांधी जी की स्मृति सहेजना भाजपा को हजम नहीं हो रही : कांग्रेस

■ **बैठक स्थल पर लगे भारत के मानचित्र को लेकर भाजपा मिथ्या प्रचार कर रही**

रायपुर/नवप्रदेश। गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100वें वर्ष पर बेलगांव में हो रहे कांग्रेस की नव सत्याग्रह बैठक से भाजपा बौखला गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपाई झूठ बोलने और मिथ्या प्रचार करने के हथकंडे पर उतर आये है। भाजपा अध्यक्ष झूठ बोल रहे कि कांग्रेस ने बैठक स्थल पर देश का गलत मानचित्र लगाया है। भाजपाईयों को यह हजम नहीं हो रहा है कि कांग्रेस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों को लेकर आगे बढ़ रही है। गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष होने पर कांग्रेस द्वारा गांधी जी की स्मृतियों को सहेजने उनके आदर्शों को जिवित रखने के प्रयास गोंडसे के अनुयायियों को हजम नहीं हो रहा है। 10 सालो में चीन देश के गलवान क्षेत्र में घुस आया है, 56 इंची वाले प्रधानमंत्री मौन है भाजपाई प्रलाप कर रहे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा आदतन गांधी जी के विरोधी रही है। नाथू राम गोडसे और सावरकर के अनुयायियों से गांधी जी के आदर्शों पर चलने की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। देश की आजादी की लड़ाई के समय भी और आजादी के लड़ाई के बाद भाजपा और उसके पितृ संगठनो ने महात्मा गांधी का विरोध किया। आजादी की लड़ाई का विरोध किया। गांधी जी के द्वारा चलाये गये भारत छोड़ो आंदोलन, असहयोग आंदोलन का भाजपाईयों के पूर्वजों ने विरोध किया था। ऐसी मानसिकता वाले भाजपा के नेता बर्दास्त नहीं कर पा रहे कि कांग्रेस गांधी जी के आदर्शों को क्यों प्रचारित कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा का डीएनए संविधान विरोधी है। लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा ने तय कर लिया था कि यदि 400 से अधिक सीटें आ जाएगी तो संविधान बदल देंगे।

शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड से सार्थक शर्मा की प्रबल दावेदारी

■ **जीतने पर रहवासियों को स्मार्ट वार्ड की देंगे सौगात**



रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के शहिद वीर नारायण सिंह वार्ड क्र.33 के सामान्य सीट होने पर अब लगातार कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों से दावेदारों की होड़ लगी हुई है, इस बीच कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता सार्थक शर्मा का नाम युवाओं के बीच जोरों से गूंज रहा है।

पूर्व में महर्षि वाल्मीकि वार्ड अंतर्गत अवंती विहार, विजय नगर, राजीव गांधी नगर सहित चंडी नगर के वासियों की पिछले 7 वर्ष से सार्थक शर्मा निरंतर सेवा कर रहे है। इस बीच सैकड़ों ऐसे विकास कार्य भी शर्मा द्वारा कराए गए है जो जनता के हित में बड़े फैसले थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से निवेदन कर वार्ड अंतर्गत शराब दुकान को स्थानांतरित करवाने सहित सड़कों के चौड़ीकरण व डामरीकरण का कार्य बड़ी तेजी से करवाया गया।

युवाओं का मानना है कि महर्षि वाल्मीकि वार्ड अंतर्गत गार्डन के निर्माण सहित सौंदरीयकरण से वार्ड वासियों को एक सकारात्मक वातावरण मिला जिसका श्रेय सार्थक शर्मा को जाता है, साथ ही विधायक से अनुशंसा करवा सामुदायिक भवन का निर्माण भी सार्थक शर्मा द्वारा करवाया गया। इन तमाम विकास कार्यों के बाद अब सार्थक का नाम अब शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड क्र. 33 से सामने आ रहा है जहां वे अपनी दावेदारी कांग्रेस पार्टी से कर रहे है। सार्थक ने कहा कि उन्हें संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है, उन्हें टिकट देकर चुनाव लड़ने का अवसर पार्टी द्वारा प्रदान किया जाएगा।

आईआईएम रायपुर ने युवा संगम फेज-5 के तहत असम के छात्रों का स्वागत किया

■ **छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति से कराई परिचय**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय प्रबंध संस्थान (भा.प्र.सं.) रायपुर, जो ष्बिल्डिंगबिज़नसओनर्स के लिए जाना जाता है, ने शिक्षा मंत्रालय की प्रमुख योजना, एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम फेज-5 में हिस्सा लेने आए असम विश्वविद्यालय, सिलचर के 45 छात्रों और 5 समन्वयकों का स्वागत किया। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 26 दिसंबर से 30 दिसंबर 2024 तक चलेगा और इसका उद्देश्य पर्यटन, परंपराओं, विकास और प्रौद्योगिकी में साझा अनुभवों के माध्यम से युवाओं के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देना है।

भा.प्र.सं. रायपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) श्री संजीव कुमार ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को भारत की विविध धरोहर और संस्कृति को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "भारत की ताकत उसकी विविधता में है, और युवा संगम जैसे कार्यक्रम युवा मनों को हमारे देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति को समझने और अपनाने का एक अद्भुत मंच प्रदान करते हैं। मैं आप सभी को अधिक से अधिक यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं, क्योंकि यह न केवल आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाएगा बल्कि हमारे देश की एकता को भी मजबूत करेगा।"

भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने उत्साहपूर्वक असम के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और भारत के युवाओं के बीच समझ और एकता को गहरा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "भा.प्र.सं. रायपुर में असम के उत्साही छात्रों की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित यह युवा संगम कार्यक्रम पारस्परिक सीख, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रों के बीच गहरे संबंधों को बढ़ावा देने का एक स्वर्णिम अवसर है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति में अनुभव करने के लिए बहुत कुछ है। मैं प्रतिनिधियों से आग्रह करता हूं कि वे इस अनुभव का पूरा लाभ उठाएं और अपने साथ यादगार और जीवनभर के अनुभव लेकर जाएं।"

इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में प्रतिनिधियों को किट वितरित की गई, जिससे इस समृद्ध पांच दिवसीय यात्रा की शुरुआत हुई। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम असम और छत्तीसगढ़ के बीच संबंधों को मजबूत करता है, जिसमें आईआईएम रायपुर और असम विश्वविद्यालय, सिलचर, इस पहल को बढ़ावा देने वाले प्रमुख संस्थान हैं।

युवा संगम के प्रतिनिधियों के लिए यह पांच दिवसीय यात्रा छत्तीसगढ़ के विविध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और विकासात्मक पहलुओं में गहराई से अनुभव करने का वादा करती है। भा.प्र.सं. रायपुर में परिचयात्मक गतिविधियों के साथ शुरू होकर, प्रतिनिधियों को कार्यशालाओं और आकर्षक छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों के माध्यम से राज्य की जीवंत परंपराओं से अवगत कराया जाएगा। यात्रा के दौरान प्रतिनिधि सिरपुर पुरातात्विक स्थल, बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य जैसी ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर स्थलों का दौरा करेंगे।

न्यूज गैलरी

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। थाना चारामा अंतर्गत नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को चारामा पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल हुई है।विगत 06 माह से नाबालिग पीड़िता से रहा आरोपी का परिचय हुआ था।

24 दिसम्बर प्रार्थीया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग पुत्री घर से बिना बताये की चली गयी है जिसका आस पडोस रिस्तेदारों में पता तलाष किया जिसका कोई पता नही चला है कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 60/24 एवं अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 137(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण में विवेचना के दौरान अपहृता का पता साजी किया गया अपहृता नाबालिक को दस्तायाब किया गया विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि रिकेष्वर जुर्री पिता धरम सिंह जुर्री उम्र 37 साल निवासी पलेवा चैकी हल्बा थाना नरहरपुर के द्वारा बहला फुसलाकर नाबालिक जानते हुए जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती षारीरिक संबध बनाकर दुष्कर्म करना स्वीकार करने रिकेष्वर जुर्री द्वारा अपराध धारा का घटित करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेष किया गया है।

शादी का झांसा देकर महिला की अस्मत लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। प्रार्थिया लिखित आवेदन पेश कर थाना नरहरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सूरजभान मंडावी बरेठीनबाहरा मुझे शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक सबंधं बनाया। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना नरहरपुर में अपराध क्रं. 179/2024 धारा 69 बीएनएस पजीबध्द कर विवेचना में लिया गया उपरोक्त संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. एलिसेला अति. पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर श्री संदीप पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेष सिन्हा के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना नरहरपुर द्वारा तत्काल टीम गंठित कर 24 घण्टे के अंदर आरोपी सूरजभान मंडावी का पता तलाष कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेष किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक श्री सुरेष राठौर, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रेमप्रकाष अवधियां प्रधान आरक्षक मनीराम, सउनि लोमषमुनी बैरागी, म.प्र.आर. 685 योगिता साहु, आरक्षक दिलीप साहु, लीला साहु, द्वारा अथक मेहनत कर उल्लेखनीय योगदान दिया है।

भाजपा के दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष पद की रायशुमारी रायपुर में

सत्ताधारी भाजपा में पंचायत चुनाव से पहले अंतर्कलह

- सत्ता के गीदम में केंद्रीयकरण से असंतोष
- तीन बार लगातार गीदम मंडल से जिलाध्यक्ष, इस बार किस मंडल को मिलेगा मौका

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश । आसन्न नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों से ठीक पहले दंतेवाड़ा जिले में सत्ताधारी भाजपा जिलाध्यक्ष पद को लेकर रस्साकशी तेज हो गई है। इस पद के लिए रायशुमारी जिले में करने की बजाय राजधानी रायपुर में की गई, जिससे पार्टी के भीतर अंतर्कलह बढ़ने के आसार साफनजर आ रहे हैं। दरअसल, रायशुमारी के नाम पर जिन्हें आनन-फानन में राजधानी बुलाया गया था, उनमें से कुछ पहुंचे ही नहीं। इससे जिन्हें पात्रता नहीं थी, वो भी वोट डालने में कामयाब हो गए। मुख्य मुद्दा जिले में भाजपा के भीतर ही सत्ता के केन्द्रीयकरण का है। जिलाध्यक्ष पद को लेकर गीदम, दंतेवाड़ा, बैलाडीला और नकुलनार जैसे प्रमुख शक्ति केंद्रों के बीच संतुलन बनाना पार्टी रणनीतिकारों के लिए बड़ी चुनौती रही है। इस मामले में दिवंगत पूर्व जिलाध्यक्ष स्व अनूप सूद के निधन के बाद से ही गीदम मंडल शक्ति केंद्र के तौर पर हावी रहा है। नवीन विश्वकर्मा, अभिमन्यु सोनी और वर्तमान जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी को इस मंडल से यह अहम भूमिका निभाने का मौका मिला। चूंकि चैतराम अटामी विधायक चुने जा चुके हैं, लिहाजा पार्टी में शक्ति संतुलन बनाये रखने गीदम की जगह दंतेवाड़ा, नकुलनार या बैलाडीला क्षेत्र में से किसी दावेदार को पार्टी नेतृत्व का यह मौका मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी। इस पद के लिए एक-दो नहीं बल्कि 16 उम्मीदवारों के नाम सामने आए, लेकिन पार्टी में हावी गुटबाजी के चलते रायशुमारी की प्रक्रिया जिले की बजाय राजधानी में सम्पन्न कराए जाने से पार्टी का एक बड़ा धड़ा नाराज है। कैडरबेस और सबसे अनुशासित होने का दावा करने वाली इस पार्टी में यह स्थिति असामान्य मानी जा रही है, जिसका असर आसन्न नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति से असंतोष

इन दिनों भाजपा संगठन में चुनाव की प्रक्रिया जोरों पर है। इसी प्रक्रिया में दंतेवाड़ा जिला के बूथ स्तर के चुनाव के बाद मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में काफी नयापन देखने को मिला। भाजपा संगठन के नए नियमों के आधार पर इस बार युवाओं को मौका देने विभिन्न पदों के लिए आयु सीमा निर्धारित की गई है। मंडल अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम आयु 45 वर्ष एवं जिलाध्यक्ष के लिए 45 से 60 वर्ष की आयु निर्धारित है। इस नियम के बाद भी सदैव संगठनात्मक रूप से अनुशासित मानी जाने वाली भाजपा में सत्ता की लोलुपता साफ नजर आ रही है। कई खेमे में बंटी भाजपा की जिला कमेटी ने आयु सीमा को भी ताक पर रखकर अपने-अपने खेमे से मंडल अध्यक्षों की दावेदारी प्रस्तुत कराई। जैसे भी हो संगठन ने नियमों को ध्यान में रखते हुए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति तो कर दी, पर जिला अध्यक्ष चुनाव में भी सत्ता लोभ नहीं हट पाया। जिसका उदाहरण साफ दिख रहा है। जिले से अध्यक्ष पद के लिए कुल 16 उम्मीदवारों द्वारा दावेदारी प्रस्तुत करने की बात सामने आ रही है। इतना ही नहीं इसमें भी कुछ 45 वर्ष से कम और कुछ लोग 60 वर्ष से अधिक उम्र वालों ने भी दावेदारी की है। कुछ भाजपा कार्यकर्ता तो अपनी दबी जुबान से चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर ही सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि जिन्हें संगठन चुनाव का प्रभारी और सह प्रभारी बनाया गया है, वह भी जिला अध्यक्ष के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत किए हुए हैं। ऐसे में चुनाव निष्पक्ष कैसे हो सकता है। कुछ भाजपाई यहां तक कह रहे है कि सब दिखावा है। जिलाध्यक्ष का नाम पूर्व से तय है। घोषणा की औपचारिकता ही बाकी है। उनका मानना है कि जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी हेतु जो क्राइटेरिया तय किया है, वही गलत है। इस कमेटी से क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को भी शामिल नहीं किया गया है और ना ही संगठन के युवा मोर्चा, महिला मोर्चा व अन्य महत्वपूर्ण मोर्चाओं को सम्मिलित किया गया।

लघुवनोपज प्रबंधक संघ ने नितिन पोटाई से की सौजन्य भेंट

प्रबंधकों के नियमितिकरण के मुद्दे को आमसभा में उठाये जाने पर किया आभार व्यक्त...

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ रायपुर के 25वीं साधारण वार्षिक सभा में जिला यूनियन कांकेर के अध्यक्ष एवं राज्य सहकारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि नितिन पोटाई के द्वारा प्रबंधको को मैट्रिक्स वेतन लेवल 7,8 एवं 9 देते हुए उनके नियमितिकरण करने, प्रबंधको के आकस्मिक मौत पर उनके आश्रित एवं उनके उत्तराधिकारी को अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने एवं सेवानिवृत के पश्चात एक मुश्त 10 लाख रू. का उपादान राशि प्रदान करने तथा उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए भविष्य निधि कटौती करने के विषय को जोर शोर से आमसभा में उठाने और उसे पारित करने की दिशा में सार्थक पहल करने के कारण लघुवनोपज प्रबंधक संघ के पदाधिकारियों ने जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि नितिन पोटाई से सौजन्य भेंट कर आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर लघुवनोपज प्रबंधक संघ के अध्यक्ष युगल किशोर साहू ने संघ अध्यक्ष नितिन पोटाई को धन्यवाद देते हुए कहा कि लंबे समय से हमारे लंबित मांगों को आमसभा में उठाकर श्री पोटाई ने एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसके लिए लघुवनोपज प्रबंधक संघ हमेशा आभारी रहेगा तथा भविष्य में हर तरह का सहयोग लघुवनोपज प्रबंधक संघ के द्वारा किया जायेगा। प्राथमिक समिति के प्रबंधक समारू राम वटटी एवं बैजनपुरी के प्रबंधक छगनलाल हिड़को ने कहा कि आपके प्रयास से एक बार फिर प्रदेश के प्रबंधकों में आशा का संचार हुआ है विश्वास है इसके अच्छे परिणाम आयेगें।

ध्यातव्य हो कि कि प्रदेश में प्राथमिक समिति के प्रबंधक 1988 से निरंतर कार्य कर रहे है लेकिन उन्हें नियमितिकरण करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुआ है जबकि इस वर्ष के आस-पास नियुक्ति होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारियों का 2 से 3 बार पदोन्नति हो चुका है। प्रदेश में प्रबंधको का सेवा नियम 2016 से पूर्ण रूप से लागू है जिसके आदेश में स्पष्ट रूप से एवं वर्ष की परीक्षावधि के बाद नियमित करने की बात कही है लेकिन के प्रबंधको को नियमित नहीं किया गया है । 25वीं वार्षिक आमसभा में इस मुद्दे को नितिन पोटाई के द्वारा प्रमुखता से उठाये जाने के कारण राज्य वनोपज सहकारी संघ के प्रबंध संचालक एवं अधिकारियों द्वारा 15 दिन में कमेटी बनाकर निर्णय लेने की बात कहीं गई है।

नियमितिकरण करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुआ

प्रदेश में प्राथमिक समिति के प्रबंधक 1988 से निरंतर कार्य कर रहे है लेकिन उन्हें नियमितिकरण करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुआ है जबकि इस वर्ष के आस-पास नियुक्ति होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारियों का 2 से 3 बार पदोन्नति हो चुका है। प्रदेश में प्रबंधको का सेवा नियम 2016 से पूर्ण रूप से लागू है जिसके आदेश में स्पष्ट रूप से एवं वर्ष की परीक्षावधि के बाद नियमित करने की बात कही है लेकिन के प्रबंधको को नियमित नहीं किया गया है ।

आर्थिक मामले के ज्ञाता थे मनमोहन सिंह

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को नितिन पोटाई ने दी श्रद्धांजलि

कांकेर/नवप्रदेश। वरिष्ठ कांग्रेस नितिन पोटाई ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में श्री पोटाई ने भारत ने एक महान अर्थशास्त्री खोया है। जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती । योजना आयोग के उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, वित्त सचिव, रिजर्व बैंक के गवर्नर जैसे महत्वपूर्ण पदो का कुशलता पूर्वक निवर्हन करने वाले डॉ. मनमोहन सिंह , नरसिम्हा राव सरकार ने वित्त मंत्री भी रहे। भारत के तेरवें और चौदवें प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा किये गये कार्यों को भारत वर्ष कभी नहीं भूल सकता ।

जब देश आर्थिक संकट आया तब उसे उबराने का काम डॉ. मनमोहन सिंह ने किया अपने कार्यकाल में राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना, सूचना का अधिकार, आधार कार्ड, एवं शासकीय योजनाओं एवं सबसीडी के पैसे को सीधे हितग्राही के बैंक खाते में डालने का योजना इन्ही के कार्यकाल में बनी। आज वे हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके द्वारा किये गये कार्य हमें हमेशा याद रहेगें ।

मनमोहन सिंह का जन्म 1932 में पंजाब में हुआ था। वह 2004 से 2014 तक लगातार दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद पहली बार पीएम पद की शपथ ली थी। उन्होंने 2009 से 2014 तक अपना दूसरा कार्यकाल पूरा किया। उसके बाद 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी जगह ली। 33 साल तक सेवा देने के बाद वे इस साल की शुरुआत में राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्री पोटाई ने कहा कि यह देश और कांग्रेस के लिए बहुत दुखद दिन है।

पैराडाइज स्कूल में चल रहे चार दिवसीय विंटर कैम्प का हुआ सफल समापन

- बच्चों ने शीतकालीन अवकाश में समय का सदुपयोग करते हुए किया अपने विशेष ज्ञानवृधि

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल इमलीपारा कांकेर में चल रहें चार दिवसीय विंटर कैम्प का 27 दिसंबर को समापन हुआ जिससे बच्चें अपने कलात्मक एवं रचनात्मक विकास का निर्माण कर सकें। इस विंटर कैम्प में प्राइमरी, मिडिल एवं हाई स्कूल के लगभग 150 बच्चों भाग लेकर अपने बेसिक लैंग्वेज स्कील एवं मैथ्स को और अधिक डेवेलप किया है। यह नवाचार विंटर कैम्प कम अच्छे बच्चों के लिये विशेष रूप से आयोजित किया गया था जिसमे पैराडाइज स्कूल सम्पूर्ण रूप से से सफल रहा।

इस विंटर कैम्प समापन कार्यक्रम में बच्चों को उत्साह, मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद प्रदान करने मुख्य अतिथि के रूप में महेश जैंन भाजपा प्रदेष मंत्री छ.ग. एवं दिनेश कुमार रजक मंडल अध्यक्ष भाजपा कांकेर उपस्थित रहें।

बच्चों ने अपने चार दिवसीय विंटर कैम्प में सीखें गायन, नृत्य विभिन्न वाद्य यंत्रों, मैथ्स एवं बेसिक इंग्लिश बोलकर दिखाये। इस विंटर कैम्प में सुप्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा डांस, म्यूजिक, बेसिक इंग्लिश, हिन्दी एवं मैथ्स आदि सिखाया गया। इसके अलावा स्पोर्ट में आउटडोर गेम में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो का अभ्यास कराया गया जिसमे बच्चें बहुत ही जोश एवं उत्साहपूर्वक भाग लिये तथा अपने शीतकालीन अवकाश में समय का सदुपयोग किया। इसके अलावा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड क्लास के छात्र-छात्राऐं ने एक्ट्रा क्लास में शामिल होकर अपने विषय से संबंधित डाउट्स क्लियर कर अपने ज्ञान का विकास किया।

शीतकालीन अवकाश में समय का सदुपयोग करते हुये बच्चों को विभिन्न खेल कोचिंग कलात्मक एवं रचनात्मक कार्य में जोड़े रखने हेतु चलाये जाने वाले विंटर कैम्प को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनमजीत कौर का मागदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, जीतूदास माण्डले, शबाना परवीन, मेघा सेवा, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, आदि शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण एवं सहयोग प्रदान किया।

कोण्डागांव में सिख समुदाय ने रैली निकाल बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को दी श्रद्धांजलि

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला के सिख समुदाय ने बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को नमन करते हुए 26 दिसंबर की शाम गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा से एक शहादत रैली निकाली। इस रैली में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के महिला, पुरुष, बच्चे, और बुजुर्ग शामिल हुए।

रैली गुरुद्वार से जय स्तंभ चौक पर पहुंची, जहां बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी स्मृति में अरदास की गई। गुरु सिंह सभा के ज्ञानी गुरप्रीत सिंह ने इस अवसर पर कहा, गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे पुत्रों और माता बुजुर्ग कौर की शहादत को याद कर आज उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। उनके बलिदान ने सिख धर्म की नींव को और मजबूत किया। गुरु सिंह सभा के सचिव मनोहर सिंह सग्गू ने बताया कि सुबह से गुरुद्वारे में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाम को रैली के माध्यम से जय स्तंभ चौक पर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन ने सिख समुदाय के सभी वर्गों को एक साथ लाकर उनकी संस्कृति और बलिदान की परंपरा को उजागर किया। यह आयोजन सिख धर्म के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। रैली के दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की वीरता और उनके बलिदान को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

प्रथम पेज का शेष

मन को देशवासियों का...

पदों पर अपने सेवाएं दीं और देश की विकास यात्रा में अहम योगदान दिया। उन्होंने रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में सेवाएं दीं। पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री रहे और देश में आर्थिक उदारीकरण की नींव रखी।

पीएम मोदी ने कहा कि जनता के प्रति, देश के विकास के प्रति उनका जो समर्पण था, उसे हमेशा बहुत सम्मान से देखा जाएगा। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन ईमानदारी, सादगी का प्रतीक था। उनकी सौम्यता, बौद्धिकता उनके जीवन की पहचान रही। मुझे याद है, जब राज्यसभा में उनका कार्यकाल समाप्त हुआ था तो मैंने कहा था कि उनका बतौर सांसद समर्पण सीखने लायक है।

प्रधानमंत्री ने कहा उच्च पदों पर रहने के बावजूद मनमोहन सिंह अपनी जड़ों को कभी नहीं भूले। वे सभी के लिए सहज उपलब्ध रहे। जब मैं मुख्यमंत्री था तो मनमोहन सिंह के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर खुले मन से चर्चा होती थी। दिल्ली आने के बाद भी उनसे समय-समय पर चर्चा होती थी, वो चर्चाएं और मुलाकातें मुझे हमेशा याद रहेंगी। आज इस कठिन घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं अर्पित करता हूं।

कैसे महान ऊंचाइयों को हासिल किया जाए

प्रधानमंत्री कार्यालय ने यहां बताया कि मोदी ने एक वीडियो संदेश में डॉ. मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। प्रधानमंत्री ने कहा, जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल करना कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है और विभाजन के दौरान भारत आने के बाद बहुत कुछ खोने के बावजूद डॉ. सिंह बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्ति थे। डॉ. सिंह का जीवन आने वाली पीढियों को सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों से कैसे ऊपर उठकर महान ऊंचाइयों को हासिल किया जाए।

विनम्रता के लिए हमेशा याद किया जाएगा

कांग्रेस ने कहा है कि उनके गरिमामय आचरण, सार्वजनिक सेवा में उनकी प्रतिबद्धता, अथाह ज्ञान और विनम्रता के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने अधिकारिक एक्स पेज पर ट्वीट किया और कहा डॉक्टर सिंह अपने पीछे आर्थिक सुधारों, राजनीतिक स्थिरता और प्रत्येक भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए समर्पण की विरासत छोड़ गए हैं। पहले एक टेक्नोक्रेट के रूप में और फिर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सामाजिक कल्याण पर ध्यान देने के साथ आर्थिक समृद्धि और विश्व मानचित्र पर भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए याद किया जाएगा।

2024 कई मायनों में चौंकाने वाला साल ...

लगातार जारी है और इसके बढने् की आशंका बनी हुई है। ऐसे में नए साल में वैश्विक भू-राजनीति पर भी नजरें बनी हुई हैं और नए साल में भी कुछ चौंकाने वाले घटनाक्रम देखने को मिल सकते हैं।

13 जनवरी से कुंभ मेला की शुरूआत

13 जनवरी से कुंभ मेले की शुरुआत हो रही है, जो फरवरी तक चलेगा। कुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा मेला है, जहां करोड़ों लोग आते हैं। अगले कुंभ मेले में भी करीब 40 करोड़ लोगों को आने की उम्मीद है। हर तीन साल में लगने वाला कुंभ मेला गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के तट पर लगता है। यूनेस्को ने कुंभ मेले को सांस्कृतिक विरासत के रूप में वर्गीकृत किया है। पिछली बार कुंभ मेला साल 2013 में आयोजित हुआ था। तब इसमें 12 करोड़ लोग शामिल हुए थे। हिंदुओं का मानना है कि कुंभ मेले के दौरान संगम में डुबकी लगाने से उनके पाप धुल जाते हैं।

इन राज्यों के चुनाव पर रहेंगी नजर

अगले साल की राजधानी दिल्ली और बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव के साथ ही ये चुनाव भारतीय राजनीति के तीन ब्रांड्स के बीच का भी चुनाव माना जा रहा है, जिनमें पीएम मोदी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल का नाम शामिल है।

बीते करीब दो दशकों से बिहार के सीएम पद पर काबिज नीतीश कुमार के लिए आगामी विधानसभा चुनाव एक बड़ी परीक्षा है। नीतीश के साथ ही तेजस्वी यादव के लिए भी अपनी ताकत साबित करने के लिए आगामी चुनाव अहम होंगे। आबकारी नीति मामले में जेल जाने के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी का काफी कुछ दांव पर है। ये चुनाव पीएम मोदी की ब्रांड वैल्यू के लिहाज से भी अहम होंगे।

अन्नामलाई ने खुद को मारे ...

पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 37 वर्षीय आरोपी यूनिवर्सिटी परिसर के पास में बिरयानी बेचता है। घटना 23 दिसंबर की है।

पुलिस ने बनाई चार टीमें

छात्रा ने बताया कि सोमवार रात करीब आठ बजे वह कॉलेज परिसर में अपने दोस्त से बात कर रही थी। तभी आरोपी वहां पहुंचा और उसके साथ यौन उत्पीडन् किया। ग्रेटर चेन्नई महानगर पुलिस ने एक बयान में बताया कि पीड़िता ने कोट्टूरपुरम महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई और मामला दर्ज कर लिया गया। बयान के मुताबिक जांच के लिए चार विशेष टीम गठित की गई हैं।

कोरर में एक महीने पहले हुई चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। थाना चारामा अंतर्गत कोरर चौक के देवांगन हॉटल में हुई चोरी का खुलासा हुआ है। चोरी के मामले में चारामा पुलिस ने किया 02 आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गिरफ्तार किए गए दोनों चोर पूर्व में भी जिला धमतरी में चोरी /मारपीट के कई मामलों में जेल जा जा चुके है।आरोपीयों की कब्जे से चोरी के पैसे से खरीदे हुए मोटरसाइकिल एवं नगद बरामद किया गया है।

प्रार्थी दरगहन निवासी घनश्याम देवांगन पिता श्याम देवांगन ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कोई अज्ञात चोर 28 नवंबर की दरम्यानी रात्रि देवांगन हॉटल भोजनालय का ताला तोडकर दुकान में रखे नगदी रकम चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना चारामा में अपराध क्रमांक 167/24 धारा - 331(4),305(A) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के.ऐलिसेला के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेष्वर चन्द्रवंषी के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी का पता साजी कर गिरफ्तारी एवं माल मसरूका की बरामदगी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहे थे। इस दौरान मामले में संलिप्त दो संदिग्धों की पहचान करने में सफलता प्राप्त हुई। जिन्हें धमतरी से हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। जिन्होंने उक्त अपराध घटना को पारित करना स्वीकार किया, जिससे उनके कब्जे से कुल 9000/- नगद तथा चोरी के पैसे से खरीदी गई मोटरसाइकिल बरामद किया गया और मामले में आरोपी (01) अब्दुल रसीद पिता मोहम्मद मुस्तफा उम्र 19 साल निवासी झुलनीपुर बरईपुर नंबर 02 बैटपुर थाना अलीगढवा जिला सिदार्थ नगर नौगढ उत्तर प्रदेष हॉल रामपुर वार्ड धमतरी बिलई माता मंदिर के पीछे धमतरी ,(02) भीमराज उर्फ बंटी साहू पिता दुलमन साहू उम्र 19 साल निवासी ष्यामतराई धमतरी को गिर0 किया गया है ।

न्यूज गैलरी

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोंडागांव ने मनाया स्थापना दिवस

कोंडागांव/नवप्रदेश। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोंडागांव के द्वारा 100 वां स्थापना दिवस जिले के माकडी ब्लॉक के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बालोण्ड में मनाया गया। इस दौरान सीपीआई के सदस्यों व कार्यकताओं ने पार्टी का हंसिया हथौड़ा निशान वाले लाल झंडे को फहराया और लाल सलाम के नारों के साथ सलामी दिया। वहीं मौके पर उपस्थित जनों को सी.पी.आई. और लाल झंडे के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसम्बर 1925 को कानपुर में हुई थी। अपनी स्थापना के साथ ही भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर लगातार भारत में सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्षरत है। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के संघर्षों का ही परिणाम है कि आज देश में मजदूर, किसान, महिलाओं व अन्य मेहनतकश लोगों को उनके अधिकार प्राप्त हो रहे हैं। कार्यक्रम में का.जयप्रकाश नेताम, का.बिसम्बर मरकाम, का.दिनेश मरकाम, दुबेश मरकाम, सरादू मरकाम, बोगा मरकाम, धनीराम मरकाम, दीपेश मरकाम, झगडू मरकाम, कृष्ण मरकाम, विष्णु मरकाम, कुमार मण्डावी, मानसिंह मण्डावी, महाजन मरकाम आदि कम्युनिस्ट उपस्थित रहे।

सुशासन दिवस मनाया गया

अंतागढ़/नवप्रदेश। आज भाजपा मंडल अंतागढ़ में नगर पंचायत के वार्ड क्र. 15 अटल चौक मद्रासी पारा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय मा.अटल बिहारी वाजपाई जी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मा.श्री भोजराज नाग जी नगर पंचायत के अध्यक्ष मा .श्री राधेलाल नाग उपाध्यक्ष श्री अमल नरवास पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष श्री संजय ध्रुव श्री सतीश ठाकुर लक्ष्मण ठाकुर महावीर ठाकुर राजू पटनायक शिव बच्चन गौतम शर्मा शांतनु मानकर माखन सिंह कृष्णा श्रीवास्तव राजू तुरतुरिया धनुराम गोटा बाबूलाल सिन्हा दशमू राम दरों मोहन पटेल मनोरमा मंडावी कल्पना जैन कुमारी साहू बिमला बघेल यशोदा उसेंडी तुलसी मरकाम रंभा रजक नमिना दुग्गा अनिता पोटाई एवं नरेन्द्र सिंह मंडावी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकता उपस्थित थे।

टेड़ेसरा में सतनामी समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसन्दी से कहा

गुरु घासीदास का संदेश आज भी प्रासंगिक : सुदेश देशमुख

राजनांदगांव/नवप्रदेश । पूर्व महापौर सुदेश देशमुख ने टेड़ेसरा में सतनामी समाज के द्वारा आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि संत बाबा का मनखे मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक है। आज जब समाज को जाति और धर्म में बांटने की कोसीसे हो रही है। आपसी वैमनस्य फैलाया जा रहा है। ऐसे दौर में मानवता का यह संदेश हर किसी को अपने जीवन में उतरने की आवश्यकता है।

श्री देशमुख ने आगे कहा कि जिले सहित छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ के लाखों अनुयाई है। जो इस संदेश का निरंतर प्रचार प्रसार कर रहे हैं वह धन्यवाद के पात्र हैं। बौद्धिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संत गुरु घासीदास के मानवता के संदेश से छत्तीसगढ़ की अलग ही पहचान बनी है। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत ने ग्राम टेड़ेसरा सतनामी समाज के द्वारा आयोजित सतनाम भवन में संत शिरोमणि घासीदास जयंती को लेकर सभी को बधाई व शुभकामनाएं उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि घासीदास के उपदेशों को आत्मसात करना चाहिए और अपने जीवन में उतरना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित पंथी नृत्य ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुदेश देशमुख, अध्यक्षता भागवत साहू जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, पंकज बांधव महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, योगेन्द्र दास वैष्णव संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, नरेंद्र दास वैष्णव उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस राजनांदगांव, खिलेश्वरी साहू क्षेत्रीय जनपद सदस्य, पुनीत कुर्रे पूर्व जनपद सदस्य, दीना साहू सरपंच, देवलाल साहू उपसरपंच, चुम्मन निषाद महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, धर्मेन्द्र साहु मीडिया प्रभारी, सुनील कोठारी, पुनीत कुर्रे, पिंकी कोठारी, गुरु दयाल, जेठू कुर्रे, गागेशवरी कुर्रे पंच, संजू बघेल, विश्राम कोठारी, पोषण कुर्रे, लक्ष्मण कोसरे सहित सतनामी समाज के गाना माना नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए तनमय भुनेश्वर रवाना

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वाधान में विगत दिनों शासकीय ई. राघवेंन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स महिला एवं पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें देवी प्रसाद चौबे शास. महा. गंडई के अनिल कुमार साहू, तनमय पौषार्य, उत्तम निर्मलकर, कु. श्रृद्धा साहू और कु. मनीषा मेरावी ने प्रतिनिधित्व किया। तनमय पौषार्य ने लम्बीकुद में श्रेष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी एथलेडिक्स प्रतियोगिता के लिय चयनित हुए है। जो आगामी 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक चढ्ढस्स युनिवर्सिटी भुनेश्वरी उडीसा में आयोजित है। जिसमें भाग लेने के लिये 24 दिसम्बर को रवाना हुए है। तनमय की उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे, वरिष्ट प्राध्यापक डॉ. एन. एस. वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती अनीता पौषार्य एवं प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं सहित महा. परिवार ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

केन्द्र व राज्य सरकार महिलाओं को हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन एक महत्वपूर्ण कदम : विधायक उसेण्डी

कोंडागांव/नवप्रदेश। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सुशासन का एक साल - छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल अंतर्गत महिला एवं बालविकास विभाग के द्वारा विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की छत्तीसगढ़ के जनमन के लिए प्रेषित की गई 'विष्णु की पाती का वितरण किया गया। साथ ही बाल विवाह के रोकथाम के लिए सभी को शपथ भी दिलाई गई।

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कार्यक्रम में उपस्थित महिला शक्ति को नमन करते हुए कहा कि सरकार की योजना हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। आप सभी अपने आसपास के लोगों को भी योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभ उठाने प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिले के महिला हितग्राहियों के खाते में हर महीने 17 करोड़ का लेन देन हो रहा है और जिससे आर्थिक विकास भी हो रहा है। विधायक सुश्री उसेंडी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत महिलाओं को मिलने वाली सहायता की जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर जिले की महिलाएं अपने जीवन को बेहतर बना सकती हैं। सुश्री उसेंडी ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। यह राशि भले ही छोटी हो, लेकिन इस राशि ने महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है और आर्थिक रूप से बहुत राहत मिल रही है।सुश्री उसेंडी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही समाज और देश का विकास संभव है। केन्द्र व राज्य सरकार महिलाओं को हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए अपनी पहचान बना सके। उन्होंने महिलाओं को शासन की जानकारी रखने के साथ अन्य ग्रामीणों को भी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने को कहा।

जिलाध्यक्ष दिपेश अरोरा , नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी,जिला पंचायत सदस्य श्री बालसिंह बघेल, श्री मनोज जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई एवं विभागीयअधिकारी-कर्मचारी और महतारी वंदन योजना के लाभार्थी उपस्थित थे।

महिलाओं को बैंक खाते से राशि आहरण में गांव-गांव में बैंक सखी द्वारा मदद की जा रही

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कहा कि जिले की 01 लाख 39 हजार महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है और सीधे उनके खाते में सहायता राशि जमा हो रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को बैंक खाते से राशि आहरण में गांव-गांव में बैंक सखी द्वारा मदद की जा रही है, जिससे उन्हें बैंक तक आने जाने में लगने वाले खर्च से राहत मिल रही है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के माध्यम से महतारी वंदन योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

विकासखण्डों में रक्तदान शिविर आयोजित

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला कोण्डागांव के प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

कोंडागांव/नवप्रदेश। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला कोण्डागांव सामान्य सभा की बैठक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के अध्यक्ष कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत और चुनाव अधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, डिप्टी कलेक्टर की उपस्थिति में आहूत की गई, जिसमें 36 आजीवन सदस्य उपस्थित रहे।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष के द्वारा समस्त आजीवन सदस्यों को अधिक से अधिक रेडक्रॉस समिति जिला कोण्डागांव में क्यू, आर. कोड स्कैनिंग के माध्यम से आजीवन सदस्यों के संख्या बढ़ाने एवं अधिक से अधिक दान कराने के लिए अनुरोध किया गया। विकासखण्डों में रक्तदान शिविर आयोजित कर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बनाये रखने के लिए अनुरोध किया गया।

जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए विकासखण्डों एवं जिला मुख्यलय में स्वास्थ्य सुविधा कैंप के माध्यम से उपलब्ध कराने, जिसमें विशेषज्ञों की उपलब्धता जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से किये जाने एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मेडिकल स्टोर संचालित कर आमजनों को सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई।बैठक में निर्विरोध चुनाव के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिला प्रबंध समिति के 18 सदस्यों का निर्वाचन जिला प्रबंध समिति में किया गया। साथ ही सभापति श्री मनोज जैन, उप सभापति श्री ओमप्रकाश टावरी, कोषाध्यक्ष श्री दिपेश अरोरा एवं राज्य प्रबंध समिति सदस्य श्री उत्तम रक्षित को निर्विवाद निर्वाचित किया गया।

खुटेरी से भर्रेगांव-मोखला जर्जर सड़क पर चलना मुश्किल, जिम्मेदार मौन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विकासखंड के नेशनल हाईवे खुटेरी से होकर भर्रेगांव -मोखला आरला सुरगी मार्ग को जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है इससे क्षेत्र वासियों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।यह मार्ग काफी जर्जर हो चुका है। जगह-जगह से सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। साइकिल और मोटरसाइकिल में सवार लोग अक्सर अनियंत्रित होकर गिरते पढ़ते रहते हैं। सबसे बड़ी समस्या तो इस मार्ग पर छात्रों को होती है यहां प्रतिदिन सैकड़ो छात्रो को शिक्षा ग्रहण करते हैं उन लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव और शहर के विकास के लिए सड़क की अहम भूमिका होती है एक तरफसरकार गांव और शहरों में चमचमाती सड़क बनाने की बात करती है तो वही राजनांदगांव विकासखंड क्षेत्र के सड़कों का मुख्य सड़क की बनी दयनीय हालत सरकारी दावे को उल्टे साबित कर रही है नेशनल हाइवे खुटेरी से सुरगी मार्ग को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क रखरखाव और मरम्मत के अभाव में दम तोड़ चुकी है यह सड़क आज पूरी तरह से टूटकर गड्ढे में तब्दील हो चुका है।इस जर्जर सड़क वाहन चलना मुश्किल हो गया है जर्जर सड़क के चलते आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई साल पहले बने इस महत्वपूर्ण सड़क का सही से रख रखाव व समय पर मरम्मत नहीं होने से आज इसकी हालत काफी खस्ता हो गई है।

मरम्मत व नया डामरीकरण की दरकार,विभाग का ध्यान नहीं

शासन प्रशासन को कराया गया अवगत सड़क की मांग को लेकर स्थानीय लोग आसपास के ग्रामीण कई बार शासन और प्रशासन का ध्यान इस और ला चुके हैं लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभाग के अफसर ने सड़क की मरम्मत और डामरीकरण की ओर अब तक कोई पहल नहीं की है।

आयुष विभाग का पंचकर्म सहायक निरंजन पातर निलंबित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य डोंगरगढ़ में पदस्थ पंचकर्म सहायक स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर निरंजन पातर संस्था प्रभारी अधिकारी से दुर्व्यवहार के मामले में सस्पेंड कर दिए गए हैं निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय जिला आयुष अधिकारी कार्यालय कबीरधाम होगा। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता भी दिया जाएगा।

जिला साहू संघ की आवश्यक बैठक साहू सदन में आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बसंतपुर स्थित साहू सदन में 28 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को समय एक बजे जिला साहू संघ की अति आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष भागवत साहू की अध्यक्षता में रखी गई है।उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि उक्त बैठक में संत शिरोमणी राजिम माता जयंती महोत्सव में शामिल होने व अन्य विषय पर बैठक में निर्णय लिया जायेगा।महामंत्री नीलमणी साहू ने शनिवार को आयोजित इस जरूरी बैठक में समस्त पदाधिकारी, अध्यक्ष, सचिव, तहसील एवं परिक्षेत्र पदाधिकारियों से नियत समय पर साहू सदन में उपास्थि की अपील की है।

नगर में रैली निकालकर भाजपा ने मनाया सुशासन दिवस

बालोद/नवप्रदेश। लोहारा के पुराना जनपद पंचायत परिसर से अटल चौक तक निकाली गई रैली, भारतीय राजनीति में अटल जी के योगदान को किया याद डौंडीलोहारा। बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मजयंती को भाजपा मंडल डौंडीलोहारा द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जनपद पंचायत परिसर से अटल चौक तक रैली निकालकर पार्टी व देश की राजनीति में उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा,ज़िलामंत्री जयेश ठाकुर होरी लाल रावटे ,जसराज शर्मा ,मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ,बलराम गुप्ता ,संजय दुबे जयलाल मालेकर, धर्मेंद्र निषाद राष्ट्र को बनाया परमाणु सम्पन्नः कुसुम शर्मा नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को हम सब सुशासन दिवस के तौर पर मनाते हैं।

देवकर में अटल जयंती पर अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन

देवकर/नवप्रदेश। भारत रत्न पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के 100 वीं जयंती में सुशासन दिवस के अवसर पर कार्यालय नगर पंचायत देवकर परिसर में अटल परिसर निर्माण कार्य के वर्चुअल भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री छ.ग. शासन विष्णुदेव साय एवं अध्यक्ष के रूप में उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग.शासन वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं श्रद्धेय अटल जी के छायाचित्र में उपस्थित में जनप्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ../ 2023-24

ग्राम बैगाकांपा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक रूपवाणी जाति सिंघी निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम बैहाकांपा हल्का नं. 34 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 72/2 रकबा 0.2630 हे. भूमि का फौती हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं व अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 30/12/2024 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/12/2024 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर मण्डल बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 3 हेतु दिनांक 07.01.2025 तक एवं सरल क्र. 4 से 11 हेतु दिनांक 13.01.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू. क्र. /दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	299	लो.नि.वि. हाईकोर्ट उपसंभाग क्र.-1 बिलासपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में ए.आर. का कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर**	45.00
2	300	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 कटघोरा अंतर्गत मार्गों में विशेष मरम्मत, मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण तथा पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग**	25.00
3	301	मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष अंतर्गत जिला चिकित्सालय रायगढ़ के गायनिक रोग विभाग खंड के जीर्णोद्धार कार्य। **द्वितीय आमंत्रण।रायगढ़ संभाग।**	200.00
4	302	वेयर हाउस रोड विधिक सेवा मार्ग, बिलासपुर स्थित शासकीय आवासगृह क्र.ई-4 में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर परिसर में अधिवक्ताओं/पक्षकारों के लिए शौचालय निर्माण कार्य एवं कंटीजेंसी मद अंतर्गत अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि/यां) बिलासपुर के वाल पेनेलिंग कार्य। **प्रथम आमंत्रण । संभाग क्र.-1 बिलासपुर।**	25.64
5	303	जिला बिलासपुर के तारबहार से नगपुरा मार्ग लंबाई 1.80 कि.मी. निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-1, बिलासपुर।**	130.33
6	304	डी.पी. विप्र महाविद्यालय भवन परिसर बिलासपुर में द्वितीय तल में प्रस्तावित क्लास रूप (भाग दो) कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.1 बिलासपुर**	30.18
7	305	ग्राम पंचायत पतुरियाडांड विकासखण्ड पोड़ीउपरोडा के करहिया नाला पर स्लेब कलवर्ट का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग।**	40.02
8	306	जिला रायगढ़ के टिनमिनी पहुंच मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग।**	162.82
9	307	जिला रायगढ़ के हाईस्कूल पंचपारा पहुंच मार्ग लंबाई 0.70 कि.मी. निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग।**	70.79
10	308	जिला रायगढ़ के ठाकुरपाली पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग।**	190.06
11		शासकीय पालीटेक्निक भवन, रायगढ़ में लघुमूल गौण कार्य एवं अनुरक्षण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग।**	30.69

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
जी-242504889/8 **लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल बिलासपुर**

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही, मुख्या.-पेण्ड्रा, जिला-जी.पी.एम.(छ.ग.)

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-08/2024 (द्वितीय आमंत्रण)

क्रमांक/1182/निविदा/ग्राहक सेवा/2024-25 पेण्ड्रा, दिनांक 24.12.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021 एवं जो प्रावधान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के दर अनुसूची में नहीं है, उन प्रावधानों के लिए प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. द्वारा भवन निर्माण हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. द्वारा बोरवेल कार्य हेतु दिनांक 01.06.2020 को जारी दर अनुसूची मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर आनलाईन (Online) निविदा फार्म ''ए'' प्रतिशत दर पर दिनांक 03.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थान	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
1	महतारी सदन निर्माण कार्य धरहर, ग्राम पंचायत धरहर	22.41
2	महतारी सदन निर्माण कार्य परासी, ग्राम पंचायत परासी	22.41
3	महतारी सदन निर्माण कार्य निमधा, ग्राम पंचायत निमधा	22.41
	कुल	67.23

2. निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 24.12.2024 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
242504883/3 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही**

क्रिकेट प्रतियोगिता... सभी समाज को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास

अहिंसा कप क्रिकेट पर महावीर इंडियंस का कब्जा, पंजाब किंग्स उपविजेता

राजनंदगांव/नवप्रदेश। जैन युवा संगठन द्वारा आयोजित अहिंसा कप के पहले सीजन में महावीर इंडियंस ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। सामाजिक सद्भावना और एकता के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जैन समाज की महावीर इंडियंस टीम ने सिख समाज की किंग्स ऑफ पंजाब को पाँच विकेट से हराकर खिताब जीता। आयोजन समिति की तरफ़से विजेता टीम को 51 हज़ार नगद व आकर्षक ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 41 हज़ार नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई।

आयोजन से जुड़े प्रशांत बोहरा ने बताया की शहर के सभी समाज को एक मंच पर जोड़ने के प्रयास हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। उन्होंने बताया की इस प्रतियोगिता में ब्राह्मण समाज,जैन समाज,सिख समाज,गुजराती समाज,सिंधी समाज, माहेश्वरी समाज सहित खंडेलवाल समाज की टीम ने हिस्सा लिया था। ज्ञात हो 23 से 25 दिसंबर के मध्य लीग मुकाबले खेले गए,इसके पश्चात शीर्ष चार टीम के मध्य सेमीफाइनल मुकाबले हुए।प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले के साथ ही फाइनल मैच खेला गया। पहले सेमीफाइनल में सिख समाज की टीम ने ब्राह्मण इलेवन को 23 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जैन समाज की दो टीम आमने सामने थी, जिसमे महावीर इंडियंस की टीम ने अंतिम तीन गेंद में तीन छक्के लगाकर रोमांचकारी मुकाबला अपने नाम किया।

डीएमएफ की राशि से गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने राशि के दुरुपयोग का मामला

बिना टेंडर गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के मामले में हाईकोर्ट ने ऊर्जा सचिव से मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच ने बगैर टेंडर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के मामले में ऊर्जा सचिव को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार बस्तर के सुकमा और आसपास के 190 गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट फर्जीवाड़े को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने हैरानी के साथ ही नाराजगी जताई और पूछा कि क्या कोई अफसर इतने बड़े सिस्टम को कैसे नजरअंदाज करने हिमाकत कर सकता है। नियमों से परे जाकर ऐसा कैसे किया गया? संबंधित विभाग के पत्र और आपत्ति के बाद भी सोलर स्ट्रीट लाइट किसके कहने और अनुमति से लगाई गई है। डिवीजन बेंच ने उर्जा सचिव को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। डीएमएफ फंड का दुरुपयोग और गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाते समय क्रेडा से अनुमति ना लेने की बात पर डिवीजन बेंच ने नाराजगी जताई है। क्रेडा की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता देवर्षि ठाकुर ने डिवीजन बेंच को बताया कि जब गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जा रहा था, उस वक्त विभाग ने संबंधित विभाग को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई थी। इस बात को लेकर भी विरोध दर्ज कराया था कि बगैर टेंडर यह काम क्यों किया जा रहा है। नियमों और मापदंडों के अनुरुप काम करने की बात भी कही गई थी। विभाग की आपत्ति पर ध्यान नहीं दिया गया। बगैर टेंडर के बस्तर-17.23 करोड़, सुकमा 85 लाख, जांजगीर-चांपा-2.96 करोड़, कोंडागांव- 14.40 करोड़ का काम किया गया था। मामले की सुनवाई कर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच ने उर्जा सचिव को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

कीमत है तीन हजार खरीद लिए 5 से 6 हजार में एक इंडक्शन लैंप

शासन के खजाने को किस अंदाज में चूना लगाया गया है इसका ताजा उदाहरण है कि एक इंडक्शन लैंप कीकीमत तीन हजार रुपये है। इसे पांच से छह हजार रुपये में खरीदी गई है। इसी प्रकार खंभा को भी तय कीमत से आठ से दस गुना ज्यादा कीमत पर खरीदी की गई है। पूरे काम के लिए ओपन टेंडर भी नहीं किया गया है। पूरा काम गुपचुप तरीके से क्रेडा की बगैर जानकारी और अनुमति लिए बिना ही कर दिया गया है।

शासन ने बताया अप्रैल में हमने पूरी कर ली थी जांच, कोर्ट ने पूछा- आगे क्या किया

मामले की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसर ने कोर्ट को बताया कि शिकायत के बाद इस पूरे मामले की अप्रैल में जांच पूरी कर ली गई थी। चीफ जस्टिस ने पूछा, जांच के बाद आपने क्या किया। जांच में आपको क्या मिला। किस पर कार्रवाई की। जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। नाराज डिवीजन बेंच ने उर्जा सचिव को इस पूरे मामले में शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

न्यूज गैलरी

शान ए सिंध व लाजवाब सिंधी टीम विजेता

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी सेंट्रल युवा विंग द्वारा समाज के बच्चों एवं नन्हे प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने, खेल के प्रति रुचि बढ़ाने तथा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जूनियर सिंधी प्रीमियर लीग बॉक्स टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट के द्वितीय वर्ष का आयोजन 25 दिसंबर को राइजिंग स्टार टर्फ तोरवा में किया गया। इसमें कुल 102 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया। 102 खिलाड़ियों को दो वर्गों में बांटा गया जिसमें एक वर्ग 11 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों का तथा दूसरा वर्ग 11 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों का बनाया गया। 11 वर्ष से कम उम्र के वर्ग मेंशान ए सिंध टीम तथा 11 वर्ष से अधिक उम्र के वर्ग में लाजवाब सिंधी टीम विजयी रही। लीग की शुरुआत ईष्टदेव झूलेलाल साईं की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके की गई। पूरी लीग सुबह 11.30 बजे से शुरू होकर रात्रि 9 बजे तक चली। सभी उपविजेताओं को विशेष पुरस्कार एवं सिल्वर मेडल से पुरस्कृत किया गया तथा विजयी टीमों को 5 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित किये जा रहे सीनियर सिंधी प्रीमियर लीग जो की मिनी स्टेडियम गवर्नमेंट स्कूल में आयोजित किया जा रहा है में इन दोनों विजयी टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

कौशल विकास कार्यक्रम के समापन में जिला पंचायत सीईओ हुए शामिल

कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षित 1460 बेरोजगारों को तीन वर्षों में मिला रोजगार

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकास केंद्र बिलासपुर में आज प्रोजेक्ट समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो की पिछले 3 वर्षों बिलासपुर के कोनी में चलाया जा रहा था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल की सौजन्य उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एच.डी.फ.सी. बैंक परिवर्तन सी. एस.आर. मैनेजर प्रशांत बर्मन, एच.डी.एफ.सी. बैंक परिवर्तन से क्लस्टर हेड सुदर्शन मोहंती, यशोधरा तिवारी (एरिया हेड), ब्रांच मैनेजर सत्यजीत और अंबुजा फाउंडेशन के जोनल मैनेजर मिथुन पालीवाल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेंटर इंचार्ज संजीव कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में कई प्रमुख व्यक्तित्व, पालक, एलुमनी और प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पिछले तीन वर्षों में प्रदान किए गए। कौशल प्रशिक्षण जिसमें लगभग 1460 बेरोजगार युवक एवं युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान कर लगभग 72 प्रतिशत लोगों को रोजगार से जोड़ा जा चुका है एवं कार्यक्रम में सामुदायिक विकास की उपलब्धियों को साझा किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण के सकारात्मक परिणामों और उनके सामुदायिक प्रभाव पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि संदीप कुमार अग्रवाल ने चलाये गए कौशल विकास कार्यक्रम जो की एच.डी.फ.सी. बैंक परिवर्तन एवं अम्बुजा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर बताया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्लेसमेंट हेतु मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को बिलासपुर एवं अन्य शहरों में रोजगार के नए अवसरों के अवसरों के लिए प्रेरित किया।

एलुमनाई को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

कार्यक्रम में उपस्थित एलुमनाईऔर पालकों ने अपने अनुभव साझा किए और केंद्र की टीम के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान समर्पित स्रोत व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए मोमेंटो एवं एलुमनाई को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में, अंबुजा फाउंडेशन के जोनल मैनेजर मिथुन पालीवाल ने आयोजन की सफलता के लिए टीम और उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया। उन्होंने इस पहल को सामुदायिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। यह कार्यक्रम न केवल प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, बल्कि कौशल विकास और सामुदायिक उत्थान की दिशा में एक सशक्त कदम भी साबित हुआ।

---

40 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। 40 लीटर कच्ची महुआ शराब बेचने के फिराक में घूम रहे युवक को सीपत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह के द्वारा लगातार अवैध नशे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में 27 दिसंबर को थाना सीपत क्षेत्रांतर्गत ग्राम खम्हरिया में मेला लगा था मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि मेला में एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में बिक्री कर रहा है। सूचना पर सीपत थाना प्रभारी टीम द्वारा तत्काल रेड कार्यवाही किया गया। जहां दुर्गा प्रसाद सिदार पिता सहेत्तर सिदर उम्र 19 साल निवासी इमली पारा ग्राम खांडा थाना सीपत जिला बिलासपुर के कब्जे से 40 लीटर देषी महुआ कच्ची शराब कीमती 8000 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में सीपत पुलिस का विशेष योगदान रहा ।

वीर बाल दिवस पर शहीद साहिबजादों पर हुई संगोष्ठी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहीद वीर बाल दिवस पर भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर ने साहिबजादों की याद में अनेकों कार्यक्रम किए लखीराम आडिटोरियम में एक संगोष्ठी का आयोजन कर साहिबजादों पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया सिक्खों के अंतिम गुरु गुरुगोविंद सिंह के चार बलिदानी बालकों की याद मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर आज के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है जिससे देश के लोग इतिहास के काले अध्याय से परिचय हो सकें इस परिपेक्ष्य को ध्यान में रख कर 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की परम्परा की शुरुआत की गई। लखीराम आडिटोरियम में अनेक सामाजिक संगठनों की उपस्थिति में संगोष्ठी सभा आयोजित की गई मुख्यग्रंथि गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा दयालबंद गुरु ज्ञानी सिंह मान ने सिक्ख गुरुओं ओर साहिबजादों के बलिदान के किस्सों पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी को पूर्वमंत्री बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल और पूर्व विधानसभा स्पीकर बिल्हा विधायक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, मुख्य ग्रंथी गुरूद्वारा श्रीगुरू सिंह सभा दयालबंद गुरू ज्ञानी मान सिंह, भाजपा जिला महामंत्री मोहित जायसवाल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, वीर बाल दिवस कार्यक्रम के संयोजक अमरजीत सिंह दुआ, सहसंयोजक कृष्ण कुमार कौशिक, निखिल केशरवानी, महेन्द्र जैन, विनकू भाटिया, पूजा विधानी, तिलक साहू आदि उपस्थित थे।

शहीदी मार्च निकाला

वीर बाल दिवस के उपलक्ष में शहीद मार्च सेंट्रल गुरुद्वारा गोंडपारा के सहयोग से खालसा युवा सेवा समिति द्वारा माता गुजर कौर एवं चार साहबजादो की शहादत की याद में भारत सरकार द्वारा घोषित वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में शहीदी मार्च गुरुद्वारा साहिब से होकर शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचा, जिसमें सिख समाज के अनेकों बच्चे महिलाएं एवं समाज के प्रबुद्धजन ने हिस्सा लिया। शहीदी मार्च गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरुद्वारा साहिब में शबद कीर्तन एवं गुरु का अटूट लंगर भी वरताया गया इसमें बाहर से आए रागी जत्थे कीर्तन द्वारा समूह संगत को निहाल किया।

हजरत सैय्यद इज्जत शाह बाबा का सालाना उर्स 1 जनवरी को

बिलासपुर/नवप्रदेश। हजरत सैय्यद इज्जत शाह र.अ. का 34 वाँ सालाना उर्स मुबारक इस साल 1 जनवरी को बड़ी शानो शौकत से मानाया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम सुबह 10 बजे गुस्ल व चादर पोशी सुबह 11 बजे से जलसा व सुन्नी कान्फ्रेस होगी। जिसमें मुकर्रिरे खुसुसी नशिरे मस्लके आला हजरत खलीफाए हुजुर मन्नानी मियां फकीरे कादरी हजरत मौलाना सलाहुद्दीन मकरजी साहब किबला होगें। व दोपहर 1.55 बजे कुल की फातेहा व आम लंगर का एहतमाम किया गया

डॉ. उज्ज्वला कराड़े निर्दलीय महापौर चुनाव लड़ने की तैयारी में

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक नया मोड़ सामने आया है। आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. उज्ज्वला कराड़े ने संकेत दिए हैं कि वे आगामी महापौर चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर सकती हैं। इस घोषणा ने स्थानीय राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। डॉ. कराड़े, जो पेशे से चिकित्सक हैं, ने 2023 के विधानसभा चुनाव में आप के टिकट पर बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन उनके द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों और सक्रिय चुनाव प्रचार ने उन्हें जनता के बीच एक पहचान दिलाई। महापौर पद के लिए निर्दलीय उम्मीदवार बनने के अपने निर्णय के बारे में बात करते हुए,

डॉ. कराड़े ने कहा, मेरा उद्देश्य बिलासपुर के विकास को नई दिशा देना है। राजनीतिक दलों की सीमाओं से परे जाकर, मैं जनता की सेवा करना चाहती हूं। निर्दलीय रूप से चुनाव लड़कर, मैं स्वतंत्र रूप से शहर की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूंगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि डॉ. कराड़े का यह कदम स्थानीय राजनीति में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। बिलासपुर नगर निगम में महापौर पद के लिए होने वाले चुनाव में प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होने की उम्मीद है, और ऐसे में एक मजबूत निर्दलीय उम्मीदवार का मैदान में उतरना समीकरणों को बदल सकता है। स्थानीय जनता के बीच डॉ. कराड़े की लोकप्रियता उनके सामाजिक कार्यों और चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के कारण बढ़ी है। उनके समर्थकों का कहना है कि वे एक ईमानदार और समर्पित नेता हैं, जो बिना किसी राजनीतिक दबाव के शहर के विकास के लिए कार्य कर सकती हैं। दूसरी ओर, कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि बिना किसी पार्टी समर्थन के महापौर चुनाव जीतना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। बिलासपुर की राजनीति में दलों का गहरा प्रभाव है, और ऐसे में निर्दलीय उम्मीदवार के लिए आवश्यक संसाधन और समर्थन जुटाना कठिन हो सकता है।

हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल साप्ताहिक के परिचालन में विस्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद के मध्य चल रही साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है । गाड़ी संख्या 07051/ 07052 हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन जो कि 21 जनवरी तक चल रही है, अब इसके परिचालन में विस्तार 1 अप्रैल तक कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार 29 मार्च तक किया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार 1 अप्रैल तक किया गया है । इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 4 सामान्य, 6 एसी-तृतीय, 02 एसी-द्वितीय, 1 एसी-प्रथम तथा 8 स्लीपर कोच सहित कुल 23 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उल्लेखनीय है कि गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन, हैदराबाद से प्रत्येक शनिवार को रवाना होकर रविवार को 11.50 बजे बिलासपुर स्टेशन से होते हुये रक्सौल जाती है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन, रक्सौल से प्रत्येक मंगलवार को रवाना होकर बुधवार को 11.45 बजे बिलासपुर स्टेशन से होते हुये सिकंदराबाद जाती है।

रायपुर-दुर्ग रूट में इंटरलोकिंग का कार्य, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य 28 दिसंबर को 12 बजे से 29 दिसंबर को 14 बजे तक 26 घंटे का नॉन इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरुप बिलासपुर मण्डल से चलने/गुजरने वाली निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। रद्द होने वाली गाडियां- गाड़ी संख्या 08279 कोरबा-रायपुर पैसेंजर मेमू 27 एवं 28 दिसंबर को रद्द रहेगी।

लायंस क्लब वसुंधरा ने गर्म कपड़े बांटे

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपनी सेवा गतिविधि के अंतर्गत लायंस क्लब वसुंधरा ने जिला अस्पताल में 25 दिसंबर को जन्मी बच्चियों को गर्म कपड़े स्वेटर टोपा मोजा एवं उनकी मां को गर्म कंबल का वितरण किया जिसमें सचिव अर्चना तिवारी, मंजू मिश्रा, चांदनी सक्सेना, संजना मिश्रा, अंबुज पांडे, सलमा बेगम, विनीता (चंद्रप्रभा) मिश्रा, रश्मि लता मिश्रा, मंगला कदम ,मंजुला सिंदे, गायत्री कश्यप, शोभा चाहिल, हंसा सेलारका, साधना दुबे के सहयोग से 25 कंबल एवं 40 बेड के मैटरनिटी रूम में नवजात बच्चियों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए।

शिक्षा...

एसीएस ने ट्रैफिक और सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयास की सराहना की, मिशन 90 प्रोजेक्ट को बताया मील का पत्थर

कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पहुंचकर एसीएस पिंगुआ ने लिया आईटीएमएस प्रोजेक्ट का जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छ.ग शासन के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने कलेक्टर अवनीश शरण के साथ कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का मुआयना कर सेंटर और आईटीएमएस की पूरी कार्यप्रणाली व संचालन को देखा। इस दौरान एसीएस पिंगुआ ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में लगे स्क्रीन के ज़रिए पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। एसीएस मनोज पिंगुआ ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को बेहतर उपयोगी बताते हुए कार्यप्रणाली की सराहना की,उन्होने कहा की यह सेंटर स्मार्ट बनते शहर और प्रशासन की पहचान है।

कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में संचालन की पूरी प्रक्रिया को एमडी अमित कुमार ने विस्तार से बताया। इस दौरान एसीएस पिंगुआ को अब तक ट्रैफिक नियम तोड़े जाने पर चालान और ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए सेंटर के उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान एसीएस पिंगुआ ने चौक में लगे विशेष प्रकार के कैमरों को मूवमेंट कराने को कहा,जिस पर विशेषज्ञों ने कैमरों को चारों तरफ घुमाकर दिखाया। एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ ने आपातकालीन स्थिति और बड़ अवसरों पर इस व्यवस्था का और भी बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। एसीएस पिंगुआ ने आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत बिलासपुर जिले में शिक्षा का स्तर सुधारने संचालित 'मिशन 90' प्रोजेक्ट की भी सराहना की। इसके अलावा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की मॉनिटरिंग को भी एसीएस ने देखा। आज निरीक्षण में एमडी अमित कुमार,जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल, एसडीएम पीयूष तिवारी,जीएम आईटी वाय. निवास और स्मार्ट सिटी की टीम उपस्थित रही।

मिशन 90 है अभिनव पहल

जिले में शिक्षा और परिणाम का स्तर सुधारने के लिए कलेक्टर श्री अवनीश शरण द्वारा किए जा रहे प्रयास के तहत 卐मिशन 90卐 शुरू किया गया है। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत टीम द्वारा एक एप तैयार किया गया है,जिसका नाम 卐मिशन 90卐 रखा गया है। इस एप में जिले के सभी स्कूल,शिक्षक और छात्रों का डाटा अपलोड किया गया है,जिसके ज़रिए शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति का विश्लेषण किया जा रहा। इसके अलावा सालभर में स्कूलों में होने वाली गतिविधियों को भी इसमें शामिल किया गया है। स्कूलों में होने वाले यूनिट टेस्ट,तिमाही,छमाही,प्री बोर्ड और अंतिम परीक्षा के परिणाम इसमें फीड किए जाएंगे,जिसके बाद विश्लेषण के आधार पर कमजोर और बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूल,शिक्षक और छात्रों का डाटा उपलब्ध होने पर बेहतर करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस सत्र से प्रारंभ किए गए इस एप में यूनिट टेस्ट के परिणाम फीड किए गए है। एसीएस श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए आने वाले समय के लिए इसे मील का पत्थर बताया।

न्यूज गैलरी

आशीष यादव तिफरा एबीव्हीपी के संयोजक नियुक्त

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर महानगर के अंतर्गत तिफरा भाग की नई कार्यकारिणी की घोषणा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर यदुनंदन नगर में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप बिलासपुर विभाग संगठन मंत्री शुभम जायसवाल और बिलासपुर विभाग संयोजक हिमांशु कौशिक उपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर सर्वसम्मति से सत्र 2024-25 के लिए तिफरा भाग के संयोजक के रूप में आशीष यादव को निर्वाचित किया गया। आशीष पूर्व में संगठन से सेतगंगा के नगर मंत्री, छत्तीसगढ़ प्रांत कार्यकारणी सदस्य, सेतगंगा महाविद्यालय अध्यक्ष जैसे दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही अभाविप के विभाग संगठन मंत्री शुभम जायसवाल ने यह संकल्प दिलाया है कि वे सदैव छात्रों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। अभाविप बिलासपुर विभाग संयोजक हिमांशु कौशिक ने परिषद का इतिहास बता कर अपना वक्तव्य रखा। तिफरा भाग संयोजक आशीष यादव ने विभान्न आयाम गतिविधि मिला कर ऐसे 30 से ज्यादा छात्रों को संगठन की जिम्मेदारी दी एवं भाग के अंदर आने वाले प्रत्येक स्कूल एवं कॉलेज की जानकारी देकर सभी को अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए कहा।

मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया वीर बाल दिवस

लखनपुर/नवप्रदेश। भाजपा मंडल लखनपुर के ग्राम पुहपुटरा शक्ति केंद्र में मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी के नेतृत्व में वीर बाल दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने अपने उद्बोधन में कहा वीर बाल दिवस, सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के दो साहिबज़ादों, ज़ोरावर सिंह और फ़तेह सिंह की शहादत को याद करने के लिए हर साल आज ही के दिन मनाया जाता है। दोनों शहीदों ने धर्म परिवर्तन नहीं करने की वचनबद्धता के खातिर अपने प्राणों की आहुति दे दी। उद्बोधन की कड़ी में यतेन्द्र पांडेय ने अपने व्याख्यान में कहा कि गुरु गोविंद सिंह साहब के दो पुत्रों ने बलिदान दिया । इतिहास गवाह है औरंगज़ेब एक कूरूर शासक था जिसने सात एवं नौ वर्षीय दोनों बालकों को जिन्दा दीवार में चुनवा दिया। परंतु दोनों वीर बालकों ने धर्म परिवर्तन नहीं किया अपने वसूल के लिए शहीद हो गये। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश्वर राजवाड़े, अवधेश यादव, मुकेश ठाकुर घरभरन राजवाड़े, इंद्रजीत राजवाड़े ,सुदर्शन ,राजेश रजवाड़े रामरूपराजवाड़े सहित काफीसख्या में ग्रामवासी शामिल रहे।

कलेक्टर ने जिला ग्रंथालय, ऑफिसर क्लब एवं लाईवलीहुड कॉलेज का किया निरीक्षण

सक्षम भवन का निर्माण समय पर और पूरी गुणवत्ता से करें

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील ने बलरामपुर मुख्यालय में स्थित जिला ग्रंथालय का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जायजा लिया। उन्होंने पढ़ाई कर रहे युवाओं से ग्रन्थालय से जुड़े सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने पीएससी की तैयारी कर रहे छात्र से बातचीत की इस दौरान छात्र दयासिंधु सिंह द्वारा बताया गया कि संविधान विषय का अध्ययन कर रहा हूं। कलेक्टर ने भारतीय संविधान को व्यवहारिक तरीके से कैसे समझें एवं लंबे अंतराल के लिए कैसे याद रखें इस बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि कॉनसेप्ट क्लीयर करते हुए पढ़ाई करें। उन्होंने आगामी पीएससी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं भी दी। कलेक्टर ने ग्रंथालय में उपस्थित ग्रंथपाल से प्रतियोगी परीक्षाओं, विभिन्न कोर्स की पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही ग्रंथालय के सुव्यवस्थित संचालन हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

गौरतलब है कि जिले में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए ग्रंथालय की सुविधा दी गई है। जहां छात्र-छात्राएं निर्धारित समयावधि में

पुस्तकालय का लाभ ले रहे हैं। कलेक्टर ने ऑफिसर क्लब, लाईवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही ऑफिसर क्लब की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर कटारा ने भेलवाडीह में सक्षम भवन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने अधूरे भवन के निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

इसके लिए जरूरी संसाधन और प्रयास समयबद्ध तरीके से किए जाएं। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर अमित श्रीवास्तव, तहसीलदार तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों की तैयारी

नामांकन प्रक्रिया का कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। आगामी नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारी हेतु जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में नाम निर्देशन के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि निर्वाचन की सूचना से आठवें दिवस तक नाम निर्देशन प्राप्त किए जाएंगे। इसके पश्चात प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की सवीक्षा की जाएगी।

नाम वापसी के पश्चात निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आबंटन की प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने सभी आरओ एवं एआरओ को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिए। अपर कलेक्टर जी.एल. यादव ने नाम निर्देशन की वैधता को सघनता से जांचने के निर्देश दिए। संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके ने कहा कि

निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होना चाहिए। एसडीएम लोरमी अजीत पुजारी ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सावधानी एवं सतर्कता बरतने, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर ने निर्वाचन नामावली से अभ्यर्थी व प्रस्तावक के निर्वाचन क्रमांक की जांच त्रुटिरहित करने, एसडीएम पार्वती पटेल ने गत निर्वाचन के अनुभवों को इस निर्वाचन में उपयोग करते हुए त्रुटिरहित निर्वाचन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने नाम निर्देशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरओ, एआरओ, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संजय सोनी, जयमंगल सिंह ध्रुव, चंद्रशेखर उपाध्याय, राघवेंद्र सोनी, मोहन उपाध्याय मौजूद रहे।

देशी विदेशी पर्यटकों ने लिया जिले के गौरा गौरी नृत्य का आनंद

बगरा/नवप्रदेश। जिले में पर्यटन तथा जनजातीय संस्कृति को देखने देश तथा विदेश से सैलानि लगातार पहुंच रहे हैं और अभी बीते दिनों ऐसे ही एक समूह का आगमन लमना विलेज स्टे होम में हुआ था। जिले के दूरस्थ क्षेत्र बस्ती बगरा के ग्राम लमना में बने स्टे हाउस में सभी अतिथियों ने एक दिन बिताया और ग्रामीण संस्कृति का आनंद लिया साथ ही यहां के पर्यटन क्षेत्र झोझा वॉटरफॉल जोगी गुफा जैसे कई स्थानों का भ्रमण किया साथ ही स्टे होम से जुड़े लोगों के आतिथ्य सत्कार को सराहा। वही इस समूह में इंग्लैंड से डॉक्टर प्रदीप सिंह , देश के अलग-अलग राज्यों से फिल्मराइटर सुश्री सोनल शर्मा ,मोटिवेशन स्पीकर प्रितपाल सिंह मथारू,,काउंसलर वंदना महाजन ,डांस थेरेपिस्ट महिमा ठाकुरशिक्षाविद,आर्किटेक्ट,कवि, सामाजिक कार्यकर्ता साथ ही ग्रामीण पृष्ठभूमि पर फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर आर्यन चंद्र प्रकाश भी शामिल थे । तो वही भ्रमण में प्राकृतिक जल स्त्रोत ठोड़ा,कपिलधारा के प्राकृतिक संरचना को करीब से देखा और जिले के अन्य पर्यटन जैसे सोनबचरवार,राजमेरगढ़, बिल्लमगढ़ आदि का भ्रमण किया। अलग अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा जिले में विभिन्न तरह के वर्कशॉप आयोजित करने की योजना भी बनी है।

ऑनलाइन ठगी के आरोपी बिहार से गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिला में सीआईएसएफ जवान ऑनलाईन ठगी का शिकार हुआ। जिस मामले में पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ली है और उनके पास से नगद रूपए, मोबाईल व सीम जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है। मामले का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने बताया कि एनटीपीसी पुसौर में पदस्थ सीआईएसएफ प्रधान आरक्षक ज्योति प्रकाश सरकार 19 अक्टूबर 2023 को भारतीय स्टेट बैंक पुसौर से 3 लाख 51 हजार रूपए गोल्ड लोन लिया था। अगले दिन सुबह 10 बजे एक मोबाईल से उसे कॉल आया और बैंक से प्लाट लोन दिलाने के नाम पर उसे झांसे में ले लिया। इसके बाद ठगो ने यूनो बैंक एप डाउन लोड कराने के नाम पर ओटीपी ले लिया और दो किस्तों में 3 लाख 85 हजार रूपए ठग लिए।ऑनलाईन ठगी के मामले में पुलिस ने जामतड़ा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

ऑनलाईन ठगी के मामले में पुलिस ने जामतड़ा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जब ठगी का शिकार हो जाने की जानकारी ज्योति प्रकाश को लगी, तो उसने पुसौर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। जहां पुलिस व सायबर की टीम ने मामले में जांच शुरू की।

जांच पर सायबर सेल द्वारा खातों एवं ठगी में उपयोग किए गए मोबाईल नंबर का रिपोर्ट खंगाला गया। तब पता चला कि 3 लाख से अधिक रूपए को अलग अलग खाते में ट्रांसफर किया गया है।जांच में मोबाईल नंबर से जानकारी हुई कि एक मोबाईल सीम कर्नाटक क्षेत्र के सिद्धराम बस्वराज मैत्री का है और दूसरा सीम वेस्ट बंगाल क्षेत्र का सुरजीत पात्रा का होना पाया गया। मामले में जांच की जा रही थी, तभी दोनों मोबाईल सीम बिहार क्षेत्र में एक्टिव हुआ है और उसका लोकेशन जामतड़ा जिला के हुकरी गांव बता रहा था। जिसके बाद 14 पुलिस जवानों की एक टीम बिहार झारखंड भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा लोकेशन के आधार पर उस क्षेत्र में पतासाजी की जा रही थी। आरोपियों द्वारा मोबाईल बंद-चालू किया जा रहा था। ऐसे में मोबाईल लोकेशन को ट्रेक करते हुए पुलिस टीम जामतड़ा पहुंची और करमाताड से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गांजा तस्कर के आरोपी को किया गिरफ्तार

पेंड्रा/नवप्रदेश। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के लिए अपनी सक्रियता को पुनः सिद्ध किया है। पुलिस जनता को विश्वास दिलाती है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी अजय उर्फ विजय प्रजापति (22 वर्ष), निवासी बोकरामुडा (बगरा), थाना पेंड्रा को ग्राम अमारू रोड पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कार दो मोबाइल और कार की डिक्की से 2 किलोग्राम गांजा कीमत 2,76,000 रुपए बरामद हुआ। वहीं दूसरी ओर आरोपी पर मोटरसाइकिल चोरी और मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त होने के पुख्ता सबूत मिले।

वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट अनिवार्य

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन द्वारा वर्ष 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह प्लेट अनिवार्य की गई है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के परिपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है, जिसे लागू कर प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। इसके लिए वाहन स्वामी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते है। परिवहन विभाग द्वारा मेसर्स रियल मैजोन इंडिया लिमिटेड एवं मेसर्स रोजमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड को निर्धारित दर पर एचएसआरपी लगाने हेतु अधिकृत किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों के लिए वाहन स्वामी को केंद्रीय मोटरयान अधिनियम नियम के दिए गए प्रावधान एवं ई-चालान की कार्यवाही से बचने के लिए 19 मार्च 2025 के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगवाने की अपील की है।

इसके लिए वाहन दर निर्धारित की गई है, इनमें दोपहिया वाहन के लिए बेस प्राइस 310 रूपए व जीएसटी 55.80 रूपए कुल 365.80 रूपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 362 व जीएसटी 65.16 कुल 427.16 रूपए, एलएमवी 556 रूपए व जीएसटी 100.08 रूपए कुल 656.08 रूपए और हेवी कमर्शियल 598 व जीएसटी 107.64 रूपए कुल 705.64 रूपए निर्धारित किया गया है। प्रत्येक इंस्टालेशन हेतु 100 रूपए अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए वाहन स्वामी स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से या नजदीकी परिवहन सुविधा केंद्र अथवा वाहन डीलर शोरूम से जाकर आवेदन कर सकते हैं।

परमात्मा ने हर व्यक्ति को बख्शी समान प्रतिभा: परिहार

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मदनपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर योग एवं स्वास्थ्य विषय पर बौद्धिक चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सात्यकि सिंह परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर ने सभी को स्वामी विवेकानंद, सरदार भगत सिंह और महात्मा गांधी जैसे बनने की क्षमता देकर इस संसार में भेजा है। हालांकि, हमारी सबसे बड़ी चुनौती इस क्षमता को जागृत करना है। परमात्मा ने हर व्यक्ति को समान

प्रतिभा दी है। यदि आप अपनी क्षमताओं को पहचानें और विकसित करें, तो आप वैज्ञानिक, महान खिलाड़ी या समाज के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। विशिष्ट अतिथि आकाश परिहार ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, एनएसएस हमें व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ सामाजिक सेवा और सरोकार की भावना सिखाती है। यह कार्यक्रम युवाओं के जीवन को सार्थक दिशा में ले जाने का अद्भुत अवसर है, जो उन्हें न केवल बेहतर इंसान बनाता है, बल्कि समाज के प्रति जागरूक नागरिक भी बनाता है। कार्यक्रम में सरपंच सविता और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्र ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि यह शिविर न केवल छात्रों को समाज सेवा के प्रति जागरूक करता है, बल्कि उनके नैतिक और मानसिक विकास में भी सहायक है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रामबाबू मिश्र ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्रों ने न केवल अनुशासन और सेवा भावना को समझा, बल्कि अपने जीवन में योग और स्वास्थ्य के महत्व को भी आत्मसात किया। शिविर में एनएसएस स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्मरणांजलि

वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा में कार्यक्रम

साहबजादे फतेह सिंह व जोरावर के बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय

मूंगेली/नवप्रदेश। गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादों के अमर बलिदान के निमित्त वीर बाल दिवस के रूप में गुरुद्वारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन हिंदू धर्म संस्कृति सुरक्षा मंच, भारतीय जनता पार्टी और नगर के विभिन्न गणमान्य नागरिकों, मातृ शक्तियों, तथा सिख समाज के संगत के सभी सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन सिख समाज के अध्यक्ष गुरजीत सिंह मक्कड़ ने किया। सबसे पहले कु. आशी छाबड़ा ने साहबजादे जोरावर सिंह और फ्तेह सिंह के बलिदान की पूरी कथा का वर्णन किया। इसके पश्चात मनिंदर सिंह गुम्बर ने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे विभाजन के समय लाहौर के 52 प्रतिशत हिंदू परिवारों को अपना घर-बार छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा अमर बलिदानी साहबजादे फ्तेह सिंह और जोरावर सिंह के बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। यह हमारी भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। हिंदू धर्म संस्कृति सुरक्षा मंच के संरक्षक

आकाश परिहार ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय इतिहास में साहबजादों के गौरवशाली बलिदान को इतिहास से हटाकर लुटेरों और आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया। हमें अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए।

वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन भोजवानी ने गुरु गोविंद सिंह के अदम्य साहस को याद करते हुए कहा, गुरु जी ने अपने चार साहबजादों के बलिदान पर कहा था, 'चार बेटे खो दिए तो क्या, मेरे हजारों पुत्र अभी भी जीवित हैं। कार्यक्रम के पश्चात गुरुद्वारा से पुराना बस स्टैंड तक गोल बाजार होते हुए रैली निकाली गई।

श्रीकृष्ण लीला का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सेतगंगा में श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण लीला का आयोजन किया जा रहा है। लीला के छठवें दिन कृष्ण रूखमणी विवाह प्रसंग का वर्णन किया। इस अवसर पर रामकुमार पाण्डेय ने कहा कि महारास में भगवान श्री कृष्ण ने बांसुरी बजा कर गोपियो को आहवान किया। इस मौके पर पं. राधेश्यामदास, देवलाल केशरवानी, रामकृष्ण देवांगन, नरेन्द्र शर्मा, डॉ. रामजी शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र जायसवाल, शिव उपाध्याय, सनत देवांगन, सरपंच जयकुमार देवांगन, कमललोचन टोण्डर, सूरज तिवारी, राकेश सोनी, सतीश देवांगन,

जितेन्द्र शर्मा, कन्हैया सिंह, नीरज केशरवानी, किशन गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, उमाशंकर देवांगन, संतोष चौहान, रामकुमार निषाद, शिवराजसिंह परिहार, प्रिंस चौहान, प्रकाश साहू, प्रदीप निर्मलकर, विक्की देवांगन, बांके बिहारी चौहान, देवेन्द्र चौहान,कान्हा ठाकुर, अभिषेक जायसवाल, मोंटू जायसवाल, सोमू देवांगन, हनुमान श्रीवास, भवानी चौहान, कृष देवांगन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

न्यूज गैलरी

सोंढ के घासीदास जयंती में भाजपा नेता योगेश तिवारी हुए शामिल

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लाक के ग्राम सोंढ में परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कलाकार सनम टंडन ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए समानता, सच्चाई और भाईचारे की शिक्षा को अपनाने की अपील की। ग्रामीणों ने बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।कार्यक्रम का सफल आयोजन सतनामी समाज और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास का परिणाम था। आयोजकों ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन में सतनामी समाज के अध्यक्ष वरुण कुमार मार्कण्ड, उपाध्यक्ष मनमोहन जांगड़े, कोषाध्यक्ष रामलाल गायकवाड़, सचिव भारत जोशी, संरक्षक चंद्रकेश चालीसा और राजेंद्र कुर्रे जैसे कई विशिष्ट व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त मोहन साहू, कन्हैया वर्मा, कमलनारायण पांडे, राजू साहू, रूपनदास पात्रे, दीपक गायकवाड़, कुलेश्वर गोयल, अजय पात्रे, भूपेंद्र सोनवानी, गौरैहा पात्रे, देवेंद्र गायकवाड़, बृजविलास कुर्रे, मनोज सिन्हा, नरेश राय और यशवंत टंडन जैसे गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

जनपद पंचायत, पंचायतों में मना सुशासन दिवस

खैरागढ़/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के 101 वें जन्म दिवस पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में ज़िले के जनपद पंचायत एवं 221 ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस मनाया गया। खैरागढ़ के 98 ग्रामों में तथा छुईखदान के 78 ग्रामों में अटल चौक निर्मित हैं, वहाँ चौक को रंगरोगन कर आस-पास सफ़ाई कर सजाया गया था। चौक में अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। लोगों के द्वारा अटल जी के रचित कविताओं का वाचन किया गया। अटल बिहारी बाजपेयी का राष्ट्र निर्माण के साथ -साथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर लोगों को मुख्यमंत्री के संदेश/पाती का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने सुशासन की राह में चलने का संकल्प लिया। जिन पंचायतों में अटल चौक निर्मित नहीं है, वहाँ ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले में निर्मित अमृत सरोवरों में एक पेड़ माँ के नाम से वृक्षारोपण किया गया। जनपद कार्यालय में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह के सदस्यों ने मिलकर सुशासन दिवस मनाया। जनपद पंचायत कार्यालय खैरागढ़ में ज़िला पंचायत सभापति घम्मन साहू जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए ।

एसपी रामकृष्ण साहू ने सुनी आमजनता की शिकायत

बेमेतरा। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आज सुनी आमजनता की शिकायत एवं समस्याएं। जिलें के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी अपनी समस्याएं एवं शिकायते लेकर आये। इस दौरान आने वाली सभी लोगो की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। एसपी ने लोगों की समस्या को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों थाना/चौकी प्रभारियों को मौके पर फोन के माध्यम से आवेदनों, शिकायत/समस्या का त्वरित निराकरण करने निर्देश दिये। इस दौरान तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को शिकायत में दर्ज करने और इनका निराकरण के निर्देश संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों को दिया गया। इस दौरान स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर विष्णु सप्रे, आरक्षक यागेश्वर वर्मा, फत्ते पाटिल, कमलेश साहू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत ने प्रदेश ही नहीं देश को भी गौरवान्वित किया : शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के जय स्तम्भ चौक में अमर शहीद वीर नारायण सिंह जी के शहादत दिवस पर आदिवासी गोंड समाज मॉवली महासभा सिंगारपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए..

समाज के लोगो को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीरनारायण सिंह जी का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है। सोनाखान के वीर नारायण सिंह ने जहां गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, वहीं उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि आज हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम जियें तो देश के लिए और मरे तो भी देश के लिये। शहीद वीरनारायण सिंह ने सोनाखान की धरती में जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था। आज भी देश में जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है तो शहीद वीरनारायण सिंह का नाम सबसे पहले याद किया जाता है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति की भावना का संचार किया। सन् 1856-57 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

शिवरतन शर्मा ने समाज के लोगो से कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं बल्कि जागरूकता से होती है, आदिवासी समाज अपनी श्रेष्ठ संस्कृति और उत्कृष्ट परम्परा से पहचानी जाती है। इस समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नही देश को भी गौरवान्वित किया है। आदिवासी समाज तथा इस समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने राजसिंहासन त्यागकर देशहित में अपने प्राणों की आहुति देकर देशवासियों को नया संदेश दिया है।

उक्त अवसर पर अध्यक्ष मावली महासभा बंशीलाल नेताम, आशिष जायसवाल, टेकसिंह ध्रुव, तीजराम ध्रुव, पुसउराम ध्रुव, दौलत कुंजाम, कृपा राम ध्रुव,संतोष ध्रुव, अमर मंडावी, नरेश ध्रुव,रिखीराम पोर्ते, सरिता ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

मन्दिर बनवा कर चन्द्राकर परिवार ने बहुत ही अच्छा काम किया

कुरूद अमृतेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए सीएम विष्णुदेव साय

कुरूद/नवप्रदेश। भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित अमृतेश्वर महादेव मंदिर में जारी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कुरुद में भव्य मन्दिर बनवा कर चन्द्राकर परिवार ने बहुत ही अच्छा काम किया है। भगवान भोलेनाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करें। इसके पूर्व विधायक अजय चन्द्राकर ने मुख्य द्वार पर सीएम को समधी साहब कहकर फूलों से स्वागत किया तो मुख्यमंत्री ने उन्हें गले से लगा लिया। मंगलवार को दिल्ली दौरे में होने की वजह से देर शाम कुरूद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारद्वाज परिवार द्वारा नव निर्मित अमृतेश्वर महादेव की भव्य मन्दिर का दर्शन किया। काफी देर से प्रदेश प्रधान को सुनने बैठे प्रबुद्ध जनो को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि मंदिर बनाने के साथ साथ हमें समाज को जागरूक करने की जरूरत है। बहुत सी ताकतें सनातनियों को तोड़ने एवं हिन्दू धर्म के प्रति दुष्प्रचार कर धर्मांतरण में लगी है। उनके निशाने में वनवासी सहित कुछ और समाज है। उन्होंने त्रेता युग के हवाले से बताया कि जनजातीय समाज शुरू से ही प्रभु श्री राम का अनुयायी रहा है, हमारी पूजा पद्धति और जीवन शैली में सनातन धर्म का गहरा प्रभाव है। लेकिन बस्तर सहित वनांचलो में धर्मांतरण का विस्तार चिंता जनक है। जसपुर क्षेत्र में जुदेव परिवार द्वारा चलाए गए घर वापसी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सीएम बोले कि धर्मांतरण रोकने हमें पुरे प्रदेश में उसी तरह से काम करने की जरूरत है। उन्होंने अयोध्या दर्शन योजना के बारे में बताते हुए तीर्थ यात्रा योजना को फिर से शुरू करने का ऐलान किया। अंत में मुख्यमंत्री ने अमृतेश्वर महादेव मन्दिर में भगवान् शंकर के भोलेपन को दर्शाने भष्मासुर राक्षस का किस्सा सुनाया, जिसमें वरदान पाकर भष्मासुर भगवान् को ही भष्म करने की चाह रखने लगा। इस प्रसंग से हमें काफी कुछ सीखने को मिलता है। इसके पूर्व विधायक अजय चन्द्राकर ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि प्रोटोकॉल की परवाह किये बिना मुख्यमंत्री यहाँ पहुंचे, इनकी इसी सहजता एवं सरलता का हर कोई कायल है। श्री चन्द्राकर ने सीएम के साथ आए परसवानी निवासी टीकाराम कंवर से सभी का परिचय कराते हुए कहा कि गुरु भाई श्री कंवर पहले कुरुद निवासी थे उनकी बेटी सीएम की बहू बनी है, इस नाते मुख्यमंत्री हमारे समधी महराज हुए। पहली बार घर आए समधी को हम भोजन कराये बिना जाने नहीं देंगे। लगे हाथ पूर्व मंत्री चन्द्राकर ने सीएम को एग्रीकल्चर कालेज का उद्घाटन करने का सार्वजनिक आमंत्रण दे दिया। कुरुद के प्यार भरे दो आग्रह में से एक को फौरन स्वीकार करते हुए सीएम मंच से उठे और अपने समधियों संग भोजन के लिए चल दिए। तब राहत की सांस लेते हुए मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल नेता,अधिकार, सुरक्षा दस्ता, मिडिया पर्सनों ने भारद्वाज फेमली के जैविक एवं वैचारिक परिजनों के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की। इसके पूर्व दिन में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रुप कुमारी चौधरी, विधायक अमर अग्रवाल,मोतीलाल साहू, ईश्वर साहू, रोहित साहू,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नारायण चंदेल,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा भी मंदिर दर्शन कर यज्ञ आहुति में शामिल हुए। बिदा लेत समय पूर्व मंत्री एवं रायपुर सासंद ने कुरुद विधायक को मंत्री जी कहकर बधाई दी। अंतिम दिन पूर्णाहुति पश्चात स्वास्थ्य मंत्री श्री जय सवाल ने भी मंदिर पहुंच भोलेनाथ की स्तुति की। इस अवसर पर ईश्वर चन्द्राकर, प्रतिभा देवी, सौरभ चन्द्राकर, गौकरण साहू, रविकांत चन्द्राकर, मालकराम साहू, पंकज नायडू, जितेन्द्र अग्रवाल,विश्वनाथ चन्द्राकर, प्रभात बैस,प्रसन्न नायडू, हरख जैन, लोकेश साहू, प्रकाश चैनवानी, कामता साहू, कमलेश रेड्डी, खिल्लु देवांगन, थानेश्वर साहू, कमलेश,भोजराज, संजय, सुनील चन्द्राकर, भुखन सेन आदि उपस्थित थे।

कृषक बंधुओं का पुष्प माला से सम्मान

अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिवस मनाया, नागरिकों का किया सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की 100 वां जन्मदिवस ग्राम पंचायत सांकरा के अटल चौक में मनाया गया सर्व प्रथम अटल बिहारी वाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए नमन किया तत्पश्चात ग्राम पंचायत सांकरा सचिव मदन सेन ने मंचीय सभा कार्यक्रम द्वारा ग्राम पंचायत सांकरा के पंचायत प्रतिनिधि, वरिष्ठजनों, कृषक बंधुओं का तिलक वंदन करते हुए पुष्प माला से सम्मान किया गया सचिव मदन सेन ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर आधारित अपने विचार सभी बताया और उनके द्वारा किए हुए कार्यों को सिख लेकिन अपनाने की बात कही इस अवसर पर उपसरपंच पारस साहु, बलराम ठाकुर वार्ड पंच, हेमलाल ध्रुव वार्ड पंच,डिगेश्वर सिन्हा वार्ड पंच, ध्रुव वार्ड पंच, शति मरकाम पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा, रोमन साहु वार्ड पंच,नागेन्द्र बोरझा सचिव मानस सम्मेलन समिति सांकरा, राजू पटेल आजीवन संरक्षक मानस सम्मेलन समिति सांकरा, जन्मेजय साहुसमाज पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण सांकरा, डायमंड निर्मलकर,भोला परिहार, राकेश परिहार, देवांगन जी,प्रवीर साहु, हितेश महेश सिन्हा, सहित शंकर चौक के वार्डवासी ग्राम पंचायत सांकरा के सचिव मदन सेन, कम्प्यूटर आपरेटर ईश्वर मत्सयपाल, पंचायत कर्मचारी रूपेश कुमार पटेल,मिलन पटेल, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

तुलसी की महिमा से लोगों को अवगत कराया

संत आशारामजी बापू प्रेरित तुलसी पूजन दिवस हुआ विश्वव्यापी

गंडई। 25 दिसंबर यानी तुलसी पूजन दिवस एक विश्वव्यापी पर्व बन गया है । भारतीय संस्कृति में तुलसी की बड़ी भारी महिमा बतायी गयी है उन्ही महिमा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के द्वारा विभिन्न आयोजन किया जाता है । बापूजी के द्वारा 2014 से शुरुआत हुई तुलसी पूजन दिवस आज भारत ही नहीं अपितु विदेशों में भी 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस मना रहे है । संस्था के डॉ. घनश्याम साहू जी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार 25 दिसम्बर से एक महीने पूर्व से प्रतिदिन गांव-गांव, विद्यालयों,सोसायटियों आदि स्थानों में श्री योग वेदांत सेवा समिति गंडई के सेवाधारियों द्वारा तुलसी पूजन के कार्यक्रम करते है तथा तुलसी की महिमा से लोगों को अवगत कराते है । कार्यक्रम में तुलसी का पूजन, प्रदक्षिणा और आरती की जाती है । तुलसी पूजन की नजारे देखकर गणमान्य लोगों ने इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सराहना की। तुलसी पूजन के सभी आयोजन में इन सब की सहभागिता रही भाइयों में जीवन साहू, मनहरण कौशिक, टीकम साहू, उत्तम राजपूत, डालेश्वर साहू, प्रवीण लहरे, मनोज वर्मा, कामता साहू,श्यामू मेरावी,गजानंद सिन्हा,कार्तिक राम लोधी, टोपसिंग पटेल, दिनेश पटेल बहनों में ललिता जंघेल, भगवती प्रजापति, कुंजन साहू, सोहद्रा साहू, रूही पटेल, सरस्वती साहू, रुखमणी साहू ।

अब 7 जनवरी को होगा निकाय अध्यक्षों का आरक्षण

भाटापारा। आज 27 दिसंबर को होने वाला नगरीय निकाय अध्यक्ष ,निगम महापौर का आरक्षण अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है।नगरीय प्रशाशन एवं विकास विभाग के संचालक ने उकताशय का आदेश जारी करते हुए अपने आदेश में कहा है कि अब आगामी 7 जनवरी को नियत समय और निर्धारित स्थल पर निगम महापौर और पालिका,पंचायत के अध्यक्षों के निर्वाचन हेतु आरक्षण किया जाएगा।

पुलिस ने 24 घंटे में बाइक चोर को किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी सुनील जैन उम्र 54 साल साकीन बेरला ने 23 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर के पीछे खड़ी इनकी स्कूटी क्रमांक CG-25-K2585 को कोई अज्ञात चोर रात्रि में चोरी कर ले गया हैं की प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बेरला में अपराध सदर धारा-331(4), 305 () बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय आसूचना संकलन का कार्य करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी इसी दौरान मुखबीर के सूचना प्राप्त हुई कि बारगांव निवासी घनश्याम यादव पिता सेवाराम यादव उम्र 19 वर्ष साकिन कोसपातर (बारगांव) थाना बेरला जिला बेमेतरा एक स्कूटी लेकर गांव आया हैं। प्राप्त सूचना की तस्दीक करने पर आरोपी घनश्याम यादव के पास से प्रार्थी की चोरी हुई स्कूटी क्रमांक CG-25-K-2585 को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश गया है।उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्र आर दीनानाथ यादव, प्र आर रविन्द्र तिवारी, प्र आर विनोद पात्रे, आर संजय पाटिल, आर सौरभ सिंह, आर खुशाल बोरकर, आर नुरेश वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वीर बाल दिवस पर शहीदी मार्च निकाला गया

भाटापारा/नवप्रदेश। सरवंश दानी श्री गुरुगोविन्द सिंघ जी जब केवल नौ बरस के थे तब उनके पिता श्री गुरुतेग बहादुर जी ने दिल्ली के चाँदनी चौक पर हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये अपने शीश की बलि दे दी , परिवार से मिले त्याग और बलिदान के संस्कारों से अपने सरवंश दान कर धर्म की रक्षा की श्री गुरुगोविन्द सिंघ जी के बड़े बेटे वीर योद्धा अजित सिंघ जी महज 18 वर्ष की उम्र वीर योद्धा जुझार सिंघ जी ने 14 वर्ष की उम्र में चमकौर की धरती पर मुगल सैनिकों से युद्ध करते हुए अपनी शहादत दीं। दोनों छोटे साहबजादों जोरावरसिंह महज 9 वर्ष और सबसे छोटे साहेबजादे फतेह सिंह जी 6 वर्ष की उम्र में जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गया, दादा श्रीगुरतेग बहादुर साहिब और दादी माता गुज़री के साथ सिक्ख पंथ के दशम गुरु पिता श्री गुरुगोविन्द सिंघ के धर्म के प्रति आदर्शों को मान रखते हुए अपनी शहादत दे दी। 26 दिसम्बर को भारत सरकार ने वीर बालदिवस के रूप में पूरे देश में मनाये जाने की घोषणा की । स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा द्वारा प्रातः शहीदी मार्च का आयोजन किया गया जिसमें समाज के बुजुर्गों , महिलाओं एवं बच्चे शामिल हुए, महिलाओं के द्वारा शहीदी के शबद कीरतन करते हुए नगर भ्रमण किया युवा समिति के उत्साही युवाओं ने भी शहीदी भजनों का गायन किया। शहीदी मार्च नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में सम्पन्न हुआ। समाज के अध्यक्ष स. त्रिलोक सिंघ सलूजा ने इस बलिदान दिवस पर साहबजादों को श्रद्धांजलि देते हुए उनको नमन किया। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण बंटी छाबड़ा ने सरवंश दानी गुरुपिता को सादर नमन किया। समाज के वरिष्ठजनों के साथ साथ युवाओं महिलाओं एवं बच्चों ने सक्रियता से भाग लिया। स्थानीय गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में 21 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक शहीदी सप्ताह का आयोजन भी किया गया है ।

जन्मशती संगोष्ठी ...

अटल जी का कवि व्यक्तित्व उनके विराट राजनीतिज्ञ व्यक्तित्व के पीछे ओझल हो जाता

अटल जी की कविताओं की विवेचना करते हुए सुधी वक्ताओं ने उनकी स्मृतियों को नमन किया

कवर्धा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जन्मशती के अवसर पर बुधवार 25 दिसंबर की शाम को वनमाली सृजन केन्द्र एवं पाठक मंच की एक संगोष्ठी सर्किट हाउस के अशोक हॉल में संपन्न हुई। नीरज मनजीत ने 'गीत नया गाता हूँ', 'आओ फिर से दिया जलाएँ', 'क़दम मिला कर चलना होगा', 'मौत से ठन गई', 'ऊँचाई', 'अपने ही मन से कुछ बोलें' शीर्षक से अटल जी की कविताओं का पाठ किया। तत्पश्चात उन्होंने अटल जी की कविताओं के प्रेरणादायी कथ्य, आशा-निराशा की अनुभूतियों, भावपक्ष, भाषा सौंदर्य की विवेचना करते हुए कहा कि अटल जी का कवि व्यक्तित्व उनके विराट राजनीतिज्ञ व्यक्तित्व के पीछे ओझल हो जाता है, जबकि उनकी कविताएं हर दृष्टि से श्रेष्ठ कवि मन की रचनाएं हैं।

बलदाऊ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अटल जी एक सहृदय अजातशत्रु राजनेता थे और उनकी ग्रमीण भारत सड़क परियोजना ने कनेक्टिविटी में भारत को एक सूत्र में बांधा है। डॉ. संगीता चौहान ने अपने बालपन में उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए बताया कि वे मेरे पिता के मित्र थे और जब भी वे हमारे घर आते तो मुझसे लाड़ जताते थे। संतराम थवाईत और अश्वनी कोसरे ने उनकी कविताओं के सौंदर्य और भावपक्ष को रेखांकित किया। सात्विक श्रीवास्तव ने उनके प्रखर वक्ता पक्ष पर बात रखी। पुष्पांजलि नागले ने उनके सौम्य उदात्त व्यक्तित्व का विश्लेषण करते हुए उन्हें प्रखर कवि बताया। सोम वर्मा, हरीश गाँधी, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर एवं रामेश्वर गुप्ता ने भी विचार रखे। अध्यक्षीय संबोधन में प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने उन्हें प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता निरूपित किया एवं नदी जोड़ो परियोजना के उनके विचार को रेखांकित करते हुए उनके कवर्धा प्रवास को याद किया। कार्यक्रम के तीसरे सत्र में सोम वर्मा, संतराम थवाईत, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, अश्वनी कोसरे, सात्विक श्रीवास्तव, पुष्पांजलि नागले एवं नीरज मनजीत ने अपनी श्रेष्ठ कविताओं का पाठ करके अटल जी की स्मृतियों को नमन किया। अश्वनी की छत्तीसगढ़ी कविता को विशेष रूप से सराहा गया जिसमें बड़ी ही मीठी बोली में 36 सब्ज़ी-भाजियों का वर्णन किया है।

पारिवारिक संरक्षा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

भाटापारा। विद्युत परिचालन विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा रेल दुर्घटनाओं को रोकने पारिवारिक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन भाटापारा लॉबी में किया गया। संगोष्ठी के माध्यम से रनिंग स्टाफ को गुणवत्तापूर्ण विश्राम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवन शैली के लिए टिप्स दिए गए। संगोष्ठी में रनिंग स्टाफ परिवार सहित उपस्थित हुए। सहायक मंडल विद्युत अभियंता राजीव सोनी,मुख्य क्रू नियंत्रक सतीश देवांगन, मुख्य लोको निरीक्षक एस एस हुसैन और मुख्य लोगों निरीक्षक राजेंद्र कुमार उपस्थित थे। विभिन्न बिंदुओं पर रनिंग स्टॉफ के परिवार के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए सीधा संवाद किया। सहायक विद्युत इंजीनियर परिचालन भिलाई राजीव कुमार सोनी ने दुर्घटना को रोकने परिवार की भूमिका के साथ साथ मेडिटेशन, तनाव निवारण, रनिंग स्टॉफकी कठिन ड्यूटी के बाद घर पर गुणवत्ता पूर्ण विश्राम,खानपान व स्वस्थ जीवन शैली के निर्वहन के लिए सदस्यों की भागीदारी पर प्रकाश डाला।

न्यूज गैलरी

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स चढ़ा, निफ्टी भी उछला

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 311.48 अंक चढ़कर 78,783.96 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 98.1 अंक की बढ़त के साथ 23,848.30 अंक पर रहा। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को एक बार फिर हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 311.48 अंक चढ़कर 78,783.96 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 98.1 अंक चढ़कर 23,848.30 पर पहुंचा। इसके अलावा रुपया शुरुआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.34 पर पहुंचा।

वित्त वर्ष की पहली छमाही में बैंकिंग धोखाधड़ी में बड़ा इजाफा

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति रिपोर्ट 2023-24 जारी की है। यह रिपोर्ट 2023-24 और 2024-25 के दौरान अब तक वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों सहित बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन के बारे में बताती है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के मामले उल्लेखनीय रूप से बढ़े हैं। इनकी संख्या 18,461 हो गई है, जबकि इसमें शामिल राशि आठ गुना से अधिक बढ़कर 21,367 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से गुरुवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति रिपोर्ट 2023-24 जारी की है। यह रिपोर्ट 2023-24 और 2024-25 के दौरान अब तक वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों सहित बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन के बारे में बताती है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-सितंबर के दौरान बैंकिंग धोखाधड़ी की संख्या 18,461 थी, इसमें शामिल राशि 21,367 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में ऐसे मामलों की संख्या 14,480 थी, जिनमें 2,623 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी।

एन श्रीनिवासन ने इंडिया सीमेंट्स का सीईओ पद छोड़ा

नई दिल्ली। एन श्रीनिवासन ने इंडिया सीमेंट्स के ख़ और इष्टब्ध के पद से इस्तीफा दे दिया है। आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनी अल्ट्राटेक के इंडिया सीमेंट्स में प्रमोटरों की 32.72 प्रतिशत हिस्सेदारी (10.13 करोड़ शेयर) का अधिग्रहण पूरा करने के बाद श्रीनिवासन ने अपना पद छोड़ा है। श्रीनिवासन के साथ कुछ अन्य प्रमोटरों ने भी पद छोड़ा है। अधिग्रहण के बाद अल्ट्राटेक की इंडिया सीमेंट में कुल हिस्सेदारी बढ़कर 55.49 प्रतिशत (17.19 करोड़ शेयर) हो गई है। इस डील से पहले अल्ट्राटेक के पास इंडिया सीमेंट में 22.77 प्रतिशत (7.05 करोड़ शेयर) हिस्सेदारी थी। पिछले हफ्ते, कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) ने 7,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की इस डील को मंजूरी दी थी। इस अधिग्रहण के बाद इंडिया सीमेंट्स 24 दिसंबर 2024 से अल्ट्राटेक सीमेंट की सब्सिडियरी कंपनी कंपनी बन गई है।

क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 फीसदी से ज्यादा ब्याज लेना अवैध है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 16 साल पुराने एक फैसले को खारिज कर दिया है, इसके बाद बैंक ग्राहकों से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 16 साल पुराने एक फैसले को खारिज कर दिया है, इसके बाद बैंक ग्राहकों से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकेंगे। आयोग ने अपने फैसले कहा था कि अत्यधिक ब्याज दर वसूलना अनुचित है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि एनसीडीआरसी की यह टिप्पणी कि 30 प्रतिशत प्रति वर्ष से अधिक ब्याज दर एक अनुचित है, अवैध है, भारतीय रिजर्व बैंक की स्पष्ट व सुस्पष्ट शक्तियों में हस्तक्षेप है। अदालत ने कहा कि यह फैसला बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की विधायी मंशा के विपरीत है।

चांदी में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी दिखी

सोना 250 रुपये बढ़कर 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 250 रुपये बढ़कर 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया वहीं, चांदी में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी दिखी। यह 300 रुपये बढ़कर 90,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 250 रुपये बढ़कर 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी जानकारी दी। सोना 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी दिखी। यह 300 रुपये बढ़कर 90,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को क्रिसमस के मौके पर कमोडिटी बाजार बंद रहा। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 250 रुपए बढ़कर 78,450 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन इसका भाव 78,200 रुपए प्रति 10 ग्राम था। व्यापारियों ने सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख को दिया, जिससे सर्राफा कीमतों को मदद मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 442 रुपये या 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,712 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। "क्रिसमस के बाद बाजारों में कारोबार फिर से शुरू होने के कारण डॉलर के थोड़े कमजोर होने से गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एवं करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतीन त्रिवेदी ने कहा, हालांकि,

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद निवेशकों के सतर्क बने रहने से लाभ सीमित रहा, जिससे ब्याज दरों में कटौती के कम आक्रामक दृष्टिकोण का संकेत मिला। एक्सचेंज में मार्च डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 343 रुपये या 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 89,669 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 9.10 डॉलर प्रति औंस या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 2,644.60 डॉलर प्रति औंस हो गया। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण बढ़ते तनाव के बाद व्यापारियों द्वारा सुरक्षित निवेश में रुचि दिखाए जाने से गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। गांधी ने कहा, बाजार सहभागियों को अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों - साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों - का इंतजार रहेगा, जो गुरुवार को जारी होंगे, जिससे सर्राफा कीमतों की दिशा के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी। एशियाई कारोबार में कॉमेक्स चांदी वायदा 0.19 प्रतिशत बढ़कर 30.34 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी-कमोडिटी रिसर्च, कायनात चैनवाला ने कहा, मजबूत अमेरिकी डॉलर और जोखिम धारणा में सुधार से भी सोने पर दबाव पड़ रहा है। कीमतें 2,640 डॉलर प्रति औंस से ऊपर स्थिर हो गई हैं, जो कम छुट्टियों के कारोबार और अमेरिकी शेयरों में साल के अंत में तेजी के बीच सीमित दायरे में कारोबार कर रही हैं।

आरबीआई की रिपोर्ट, छठे वर्ष भी बढ़ा मुनाफा

एक दशक में दुनियाभर की तुलना में भारतीय बैंकों का प्रदर्शन बेहतर

दिल्ली। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एनपीए को कम करने में सबसे बेहतर प्रयास ग्रीस का रहा है। 2015 में इसका एनपीए 35.71 फीसदी था जो अब 6.65 फीसदी पर आ गया है। हालांकि, प्रमुख 20 देशों में यह अभी भी सबसे ज्यादा है। भारतीय बैंकों ने पिछले एक दशक में दुनियाभर के बैंकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसका असर यह हुआ कि 20 प्रमुख देशों में शुद्ध रूप से बुरे फंसे कर्जों यानी शुद्ध एनपीए के मामले में हमारे बैंक सबसे आगे हैं। सितंबर तिमाही में इनका शुद्ध एनपीए घटकर 0.57 फीसदी रह गया है। जबकि सकल एनपीए 13 साल के निचले स्तर 2.5 फीसदी पर आ गया है। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एनपीए को कम करने में सबसे बेहतर प्रयास ग्रीस का रहा है। 2015 में इसका एनपीए 35.71 फीसदी था जो अब 6.65 फीसदी पर आ गया है। हालांकि, प्रमुख 20 देशों में यह अभी

भी सबसे ज्यादा है। ग्रीस ने अपने ऐतिहासिक रूप से उच्च एनपीए अनुपात को कम करने में 2018 से उल्लेखनीय प्रगति की है। रिपोर्ट के मुताबिक, एडवांस देशों में 2015 से चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही तक एनपीए स्थिर रहा है। ऑस्ट्रेलिया का शुद्ध एनपीए 2015 में 0.89 फीसदी था, जो चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 0.95 फीसदी रहा है। कनाडा का 0.52 फीसदी से 0.48 फीसदी, डेनमार्क का 3.28 फीसदी से 0.93 फीसदी, यूके का 1.01 फीसदी से 0.99 फीसदी व अमेरिका का एनपीए 1.47 से 0.90 फीसदी पर आ गया है। यूरो जोन की बात करें तो स्पेन का एनपीए 5.09 फीसदी से कम होकर 3.04 फीसदी, बेल्जियम का 3.85 फीसदी से घटकर 1.88 फीसदी, फ्रांस का 3.52 फीसदी से 2.06 फीसदी, ग्रीस का 35.71 फीसदी से 6.65 फीसदी, आयरलैंड का 16.91 फीसदी से 1.32 फीसदी और नीदरलैंड का 2.71 फीसदी से घटकर 1.54 फीसदी पर आ गया है।

बैंकों की स्थिति मजबूत

कर्ज और जमा में लगातार विस्तार से भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है। शुद्ध एनपीए कम होकर सितंबर अंत तक 0.57 फीसदी रह गया है। मार्च में यह 0.62 फीसदी रहा था। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के भी बुरे फंसे कर्ज में सुधार आया है। इनका खाता बही

जोखिम प्रबंधन और आईटी को सुधारने की जरूरत

वित्त वर्ष 2023-24 में लगातार छठे वर्ष लाभप्रदता में सुधार हुआ। केंद्रीय बैंक ने कहा, बैंकों को जोखिम प्रबंधन व आईटी मानकों को मजबूत करने की जरूरत है। संदिग्ध व असामान्य लेनदेन सहित बेईमान गतिविधियों की जांच पर ध्यान देना होगा। एनबीएफसी को ग्राहक शिकायत प्रथाओं को मजबूत करने और अत्यधिक ब्याज दरों से बचने की जरूरत है।

बढ़ रहा क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म का आकर्षण

औसतन दिल्ली के हर ग्राहक ने एक साल में खर्चे 20 लाख रुपये

दिल्ली। रिपोर्ट के मुताबिक, खर्च करने वालों में दिल्ली और देहरादून सबसे आगे रहे। इन शहरों के हर ग्राहक ने स्विगी इंस्टामार्ट पर औसतन 20 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर किए। खास बात है कि वैलेंटाइन डे पर प्लेटफॉर्म से हर मिनट औसतन गुलाब फूल के 307 ऑर्डर किए गए। त्वरित डिलीवरी सुविधाओं के कारण लोगों में न सिर्फ क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ा है, बल्कि उनके खर्च करने के तरीके भी बदल गए हैं। क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी इंस्टामार्ट की एक रिपोर्ट में कुछ दिलचस्प तथ्य सामने आए हैं, जो बताते हैं कि लोग किराना सामान के अलावा मेकअप और खिलौनों से लेकर वैक्यूम क्लीनर जैसे उत्पाद भी क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिये ऑर्डर कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, खर्च करने वालों में दिल्ली और देहरादून सबसे आगे रहे। इन शहरों के हर ग्राहक ने स्विगी इंस्टामार्ट पर औसतन 20 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर किए। खास बात है कि वैलेंटाइन डे पर प्लेटफॉर्म से हर मिनट औसतन गुलाब फूल के 307 ऑर्डर किए गए। एक जनवरी से एक दिसंबर, 2024 के बीच देशभर में जो पांच वस्तुएं सबसे ज्यादा ऑर्डर की गईं, उनमें दूध, दही, डोसा बैटर, चिप्स और सॉफ्ट ड्रिंक शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि हर 15 ऑर्डर में से एक ऑर्डर दूध का था, जबकि हर पांच ऑर्डर में से एक में फल या सब्जियां थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों ने दिवाली की सफाई को गंभीरता से लिया और एक ही दिन में 45 लाख रुपये से अधिक झाड़ू खरीद लिए। सांस्कृतिक उत्सवों ने भी महत्वपूर्ण मांग को बढ़ाया। रक्षा बंधन के दौरान स्विगी इंस्टामार्ट पर करीब 8,00,000 राखियों के ऑर्डर आए। मुंबई में एक उपयोगकर्ता ने एक ही ऑर्डर में 31 मैगी ऑर्डर कीं। दिल्लीवालों ने इंस्टेंट नूडल्स पर एक साल में 60 करोड़ रुपये खर्च किए। वहीं, 43 स्नैक प्रेमियों ने सिर्फ चिप्स खरीदने पर 75,000 रुपये खर्च कर दिए। अहमदाबाद के एक ग्राहक ने धनतेरस पर 8,32,032 रुपये के सोने के सिक्के खरीदकर रिकॉर्ड बनाया।

तीसरी तिमाही में बढ़ेगी अर्थव्यवस्था की रफ्तार, ग्रामीण मांग मजबूत

दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मासिक रिपोर्ट में कहा, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में नरमी के बाद तीसरी तिमाही का परिदृश्य बेहतर दिखाई दे रहा है। इसका पता अक्तूबर व नवंबर के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों (जीएसटी संग्रह, पीएमआई आदि) से चलता है। नई चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करने की जरूरत है। उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर बेहतर रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मासिक रिपोर्ट में कहा, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में नरमी के बाद तीसरी तिमाही का परिदृश्य बेहतर दिखाई दे रहा है। इसका पता अक्तूबर व नवंबर के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों (जीएसटी संग्रह, पीएमआई आदि) से चलता है। इसके अलावा, ग्रामीण मांग मजबूत है। अक्तूबर-नवंबर, 2024 में दोपहिया-तिपहिया वाहनों की बिक्री 23.2 फीसदी बढ़ी है। ट्रैक्टर और यात्री वाहनों की बिक्री में क्रमशः 9.8 फीसदी व 13.4 फीसदी तेजी रही है। रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, जलाशय में जल स्तर का अधिक होना और पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता रबी बुवाई के लिए अच्छा संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शेयर बाजार का ऊंचा स्तर बड़ा जोखिम पैदा कर रहा है। डॉलर की मजबूती और अमेरिका में नीतिगत दर पर पुनर्विचार ने उभरते बाजार की मुद्राओं को दबाव में ला दिया है। इससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीति-निर्माताओं को नीतिगत दरों के बारे में और अधिक गहराई से सोचने की जरूरत है। इसमें आगे कहा गया है कि कृषि क्षेत्र का दृष्टिकोण आशावादी है।

हेल्थ इंश्योरेंस की छुपी शर्तों को पहचानिए

भास्कर नेरुरकर, हेड, हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन टीम, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस

रायपुर। एक तकनीकी डोमेन और एक लीगल कान्ट्रैक्ट होने के नाते, अधिकांश लोगों के लिए बीमा की शर्तों को समझना बहुत मुश्किल होता है। इसके अलावा, बात जब इन्श्योरेन्स कान्ट्रैक्ट की आती है तो नियमों, शर्तों और बीमा से जुड़े शब्दों का मकड़जाल एक आम आदमी के लिए जल पर नमक छिड़कने जैसी बात हो जाती है। यह बीमा के बारे में जागरूकता पैदा करने में एक बाधा के रूप में बन गया है। हम आपको हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़े यहां कुछ ऐसे शब्दों के बारे में खुलासा कर रहे है जिनके बारे में आपको अवश्य जानना चाहिए ताकि आप इन्श्योरेन्स को लेकर एक बेहतर फैसला ले सकें।

स्वास्थ्य बीमा का शब्द जाल

सह-भुगतान या को-पेमेंट: सह-भुगतान या को-पेमेंट, बीमित और बीमाकर्ता के बीच दावा राशि के पूर्व-निर्धारित प्रतिशत (pre-defined percentage) को साझा करने के विकल्प को बताता है। इस विकल्प का प्रयोग करने से स्वास्थ्य योजना खरीदते समय प्रीमियम कम करने में मदद मिलती है। एक सह्भुगतान बीमाकर्ता की देयता को प्रतिबंधित करता है क्योंकि बीमित व्यक्ति अपनी जेब से कुल दावा राशि का कुछ प्रतिशत हिस्सा खुद वहन करने के लिए सहमत होता है। उदाहरण के लिए, यदि आप 20% के सह-भुगतान से सहमत है, तो 1 लाख रुपये के दावे के मामले में आपको अपनी जेब से 20,000 रुपए (20%) की राशि खुद वहन करनी होगी जबकि बीमाकर्ता 80,000 रुपये की शेष राशि का ख्याल रखेगा।

कटौती या डिडक्टीबल: डिडक्टीबल या कटौती एक स्पेसिफिक राशि होती है जिसके तहत बीमाधारक को स्वास्थ्य बीमा योजना अमल में आने से पहले के खर्च को वहन करने को बताता है। प्रत्येक पॉलिसी में स्वैच्छिक कटौती का एक कम्पोनन्ट होता है। चूंकि यह व्यवस्था बीमाकर्ता को उनके दायित्व के एक हिस्से से राहत देती है, इसलिए प्रीमियम कम करने में सहायक होता है। डिडक्टीबल जितना ज्यादा होता है, प्रीमियम उतना ही कम होता है। उदाहरण के लिए, यदि आपने अपनी पॉलिसी में 10,000 रुपये की कटौती या डिडक्टीबल का विकल्प चुना है, तो 1 लाख रुपये के दावे के मामले में आपको पहले 10,000 रुपये पहले खुद वहन करना होगा जबकि बाकी 90,000 रुपये की राशि आपके बीमाकर्ता द्वारा ध्यान रखा जाएगा। यदि दावा राशि 10,000 रुपये से नीचे है तो ग्राहक को ही पूरा खर्च वहन करना होगा।

खेल

मेलबर्न टेस्ट- भारत 164 रन पर 5 विकेट

मेलबर्न टेस्ट- भारत पर फॉलोऑन का खतरा

22 गेंद में गंवाए 3 विकेट

मेलबर्न। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारतीय टीम पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा है। टीम ने शुक्रवार को स्टंप्स तक 164 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए हैं। ऋषभ पंत 6 और रवींद्र जडेजा 4 रन पर नाबाद लौटे हैं। भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 111 रन और बनाने हैं।

इस मैच का फॉलोऑन मार्क 275 रन है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाए हैं। मेलबर्न में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन भारत ने आखिरी 6 ओवर में 3 विकेट गंवा दिए। 40 ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर 148/2 था, जोकि 46 ओवर के बाद 164/5 हो गया। टीम ने 41वें ओवर की आखिरी बॉल पर नाइट वाचमैन आकाश दीप का विकेट

गंवाया था। वे खाता नहीं खोल सके। इससे पहले विराट कोहली (36 रन) और यशस्वी जायसवाल 82 रन बनाकर रनआउट हुए। रोहित शर्मा (3 रन) और केएल राहुल (24 रन) को पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। स्कॉट बोलैंड को 2 विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया पारी में स्टीव स्मिथ ने 197 बॉल पर 140 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट करियर का 34वां शतक जमाया। यह उनका भारत के खिलाफ 11वां शतक है। युवा ओपनर सैम कोंस्टास (60 रन), उस्मान ख्वाजा (57 रन) और मार्नस लाबुशेन (72 रन) ने अर्धशतक बनाए।

भारत से जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए। आकाश दीप को 2 और मोहम्मद सिराज को एक विकेट मिला। **भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप। **ऑस्ट्रेलिया-** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

पाकिस्तान ने पहली पारी में 211 रन बनाए

खेल डेस्क। साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला सेंचुरियन में खेला गया। पहले दिन तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा। दोनों टीमों के फास्ट बॉलर ने मिलकर 13 विकेट लिए। पाकिस्तान ने पहली पारी में 211 रन ही बना सकी। साउथ अफ्रीकी टीम की ओर से डेन पैटरसन ने 5 विकेट लिए, वहीं डेब्यूटेंट कॉर्बिन बॉश ने चार विकेट लिए। इसके अलावा मार्को जेनसन ने 1 विकेट लिए। वहीं पहले दिन का खेल समाप्त होने तक तक साउथ अफ्रीका ने तीन विकेट खोकर 82 रन बना लिए थे। एडेन मार्करम 47 और कप्तान टेम्बा बावुमा 4 रन बनाकर नाबाद लौटे। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे पाकिस्तान के गिर गए जल्दी विकेट दिन की शुरुआत में साउथ अफ्रीकी कप्तान बावुमा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान को पहला झटका 36 रन पर गिरा। डेब्यूटेंट कॉर्बिन बॉश ने

अपने स्पेल की पहली गेंद पर शान मसूद (17) का विकेट लेकर टीम को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद डेन ने सैम अयूब (14) और बाबर आजम (4) को आउट कर पाकिस्तान को बड़े झटके दिए। बॉश और डेन ने मिलकर 9 विकेट चटकाए। वहीं कामरान गुलाम और मोहम्मद रिजवान ने पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी कर टीम की पारी को संभाला। रिजवान ने 62 गेंदों का सामना कर 27 रन और कामरान गुलाम ने 71 गेंदों का सामना कर 54 रन बनाए। कामरान गुलाम और मोहम्मद रिजवान ने 118 गेंदों पर 81 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। साउथ अफ्रीका की भी शुरुआत खराब पाकिस्तान के 212 रन के जवाब में साउथ अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। टोनी डी जोर्जी दो रन बनाकर खुर्रम शहजाद का शिकार बने। इसके बाद रायन रिकेल्टन भी 8 रन बनाकर शहजाद का शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स को 9 के योग पर अब्बास ने आउट किया।

न्यूज गैलरी

रायपुर-बिलासपुर के डीआरएम बदले गए

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। रेलवे बोर्ड ने देशभर के 23 मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) का तबादला कर दिया है। इस फेरबदल में रायपुर और बिलासपुर मंडल के डीआरएम भी बदले गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, बिलासपुर मंडल में राजमल खोईवाल को नया डीआरएम नियुक्त किया गया है। वे उत्तर पश्चिम रेलवे में एनएफएचएह-आईआरएसएसई अधिकारी के रूप में कार्यरत थे और अब प्रवीण पांडे की जगह लेंगे। वहीं, रायपुर मंडल में कोगंती संबसीवा राव को डीआरएम बनाया गया है। वे दक्षिण मध्य रेलवे में एसएजी-आईआरटीएस अधिकारी के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं और अब संजीव कुमार (आईआरएसईई) का स्थान लेंगे।

अभियंता अलंकरण समारोह 29 को

रायपुर/नवप्रदेश। मानव विज्ञान एवं सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय अभियंता अलंकरण समारोह का आयोजन पुरानी बस्ती स्थित अग्रवाल भवन में रविवार 29 दिसंबर को शाम 4 बजे से होगा। प्रति वर्ष होने वाले इस अलंकरण समारोह में राज्य के विकास में सतत् संलग्न विशिष्ट योगदान देने वाले विभिन्न विभागों के विभागीय चयनित वरिष्ठ, विशिष्ठ एवं श्रेष्ठ 21 अभियंताओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजित समारोह का उद्घाटन राजेश्री महंत डॉ.रामसुंदरदास जी करेंगे, समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल सांसद लोकसभा होंगे तथा अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री माननीय श्री अरूण साव जी एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री धरमलाल कौशिक, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री माननीय श्री राम विचार नेताम, माननीय मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के साथ जिंदल पावर स्पात लिमिटेड के प्रेसीडेंट श्री प्रदीप टंडन जी होंगे।

जिलाबदर का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वाल्मिकी नगर कबीरनगर में जिलाबदर आरोपी घुमते हुए पाया गया। मामले में कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी आसु क्षत्री 22 वर्ष को रायपुर जिला दंडाधिकारी द्वारा जिलाबदर किया गया था, जो बिना अनुमति के अवैध क्षेत्र में घुमते हुए पाया गया। मामले में कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

सेक्टर-5 में चाकूबाजी, युवक घायल

दुर्ग-रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है जहां देर रात एक बार फिर चाकू बाजी की घटना सामने आई है दुर्ग के भिलाई सेक्टर 5 स्थित सड़क नंबर 32 में मोहन नामक युवक अपने दो दोस्तों के साथ टहल रहा था। इसी बीच 10 से 12 युवक आए और उससे दो लड़कों को फोटो दिखाकर लड़कों का पता पूछने लगे। जब मोहन ने बताया कि वह उन लड़कों को नहीं जानता है तब अचानक से एस विजय और एस अजय नामक युवक मोहन से बहस करने लगे बहस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि मामला गाली गलौज से होते हुए हाथापाई तक पहुंच गया। इसके बाद विजय और अजय जेब से चाकू नमक कटर निकाला और मोहन के ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। जब उसके साथ वाले बीच बचाव करने लगे तब आरोपी युवक भाग निकले मोहन के दोस्तों ने तत्काल डायल 112 को इसकी सूचना दी और घायल मोहन को सुपेला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज किया गया फिलहाल आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है।

आज रामरक्षा स्त्रोत व हनुमान चालीसा पाठ

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ अभियान शनिवार, 28 दिसंबर को एक साल पूरा करने जा रहा है। मंडल के सभी 16 महिला केंद्रों की सभासद समीपस्थ हनुमान मंदिरों या किसी सभासद के घर आस्था काले के नेतृतव में छह जनवरी 2024 से हर शनिवार की शाम को रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ कर रही हैं। अब एक साल पूरा होने पर चार जनवरी 2025 को शाम सात बजे एक भव्य आयोजन चौबे कालोनी महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में होगा। आध्यात्मिक समिति की कार्यकारी प्रमुख रेणुका पुराणिक ने बताया कि चार जनवरी को सभी 16 केंद्रों की महिलाएं संयुक्त रूप से रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ करेंगी। तत्पश्चात महाआरती की जाएगी और फिर महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी समितियों के पदाधिकारियों- सदस्यों और कार्यकारिणी के अलावा बड़ी संख्या में आजीवन सभासद और आम भक्तजन भी उपस्थित रहेंगे। बृहन्महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ कार्यवाह सुबोध टोले के अनुसार कार्यक्रम के तुरंत बाद 10 जनवरी से शुरू होने वाले तीन दिवसीय बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर बैठक भी होगी। इसमें अधिवेशन को लेकर अभी तक हुई तैयारियों की समीक्षा की जाएगी ।

पुलिस की सभी प्रक्रिया की जांच होगी, डिप्टी सीएम एक्शन मोड में

रायपुर/नवप्रदेश। राजनांदगांव पुलिस भर्ती को रद्द करने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा ने अब अन्य जगहों की पुलिस भर्ती प्रक्रिया की जांच करने की बात कही है। इसके साथ ही मामले में आक्रामक कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को अपनी भर्ती प्रक्रिया की ओर ध्यान देना चाहिए। पीएससी, शराब घोटाला मामले में अंदर हुए लोगों पर उन्हें ध्यान देना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया को लेकर बताया कि पूरे शुद्धिकरण के बाद एक-एक चयन अभ्यर्थी की क्षमता के आधार पर होगा। सभी जगहों पर इस

बात को चेक किया जाएगा. कहीं कुछ पाया गया, तब वहां भी जांच होगी. भर्ती प्रक्रिया में जो गड़बड़ी हुई है, उसमें सुधार कर रहे हैं।

पंचायत चुनाव को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय से पहले हो जाएंगे. चुनाव आयोग बताएगा. सरकार की तैयारी पूरी है। उम्मीद है कि चुनाव एग्जाम के पहले होना चाहिए. वहीं प्रदेश में अपराध की स्थिति पर विजय शर्मा ने कहा कि पूरा माहौल खड़ा किया गया। लोगों को धमकाने की स्थिति खराब है. प्रदेश के आंकड़ों में फर्क नहीं आया है. 2024 में नक्सलियों ने लगभग 80 हत्या की है।

सनी लियोनी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

जगदलपुर/नवप्रदेश। फिल्म एक्ट्रेस सनी लियोन के नाम से महतारी वंदन योजना के तहत पैसे लेने के मामले सामने आने के बाद पूरे प्रदेश में बवाल मचा रहा. वहीं इस मामले में सरकार ने सख्ती से कार्रवाई की। अब फिल्म एक्ट्रेस सनी लियोनी के नाम से महतारी वंदन योजना के लिए पोर्टल में इंट्री करने वाले सायबर कैफे संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बता दें कि इससे पहले योजना का लाभ लेने वाले युवक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

इस मामले में आगनबाड़ी कार्यकर्ता को बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं परियोजना अधिकारी और महिला सुपरवाइजर को निलबिंत कर दिया गया है. बस्तर थाना प्रभारी हर्ष

धुंरधर ने बताया कि फर्जीवाड़ा कर योजना का लाभ लेने वाले बस्तर नगर पंचायत में संचालित सायबर कैफे संचालक नरेंद्र सेठिया को भी गिरफ्तार किया गया है। टीआई ने बताया कि जब मामले की बारिकी से जांच की गई तो पता चला कि योजना के तहत फार्म भरने लेकर योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए बस्तर स्थिति सायबर कैफे के कम्पयूटर का उपयोग किया गया है. सायबर कैफे संचालक नरेंद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो नरेंद्र ने बताया कि उसने ही सनी लियोनी के नाम के दस्तावेज बनाए थे और उसने ही सारे डाक्यूमेंट योजना के लिए पोर्टल में अपलोड किये थे।

पहले ही गिरफ्तार हो चुका है एक आरोपी

सायबर कैफे संचालक नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि दस्तावेज बनाने से लेकर पोर्टल में रजिस्ट्रेशन तक का काम उसने ही किया था. इस काम में पहले गिरफ्तार किए गए वीरेंद्र कुमार जोशी का इन्वालमेंट नहीं था, लेकिन वीरेंद्र के बैंक खाते का उपयोग किया गया और पैसे वीरेंद्र के बैंक खाते में आ रहे थे. ऐसे में वीरेंद्र को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है. दोनों युवकों को पुलिस ने रिमांड पर जेल भेज दिया है।

सादगी से होगा राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

- पूर्व प्रधानमंत्री के निधन से शोक, आयोजन में कई बदलाव हुए
- स्वागत समिति के अध्यक्ष और वन मंत्री केदार कश्यप ने दी जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। गुरुवार सायं देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद अब रायपुर में आयोजित होने वाली 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता-2024 के कार्यक्रम में भी बदलाव हुए हैं।

वनवासी विकास समिति द्वारा आयोजित की जा रही इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विभिन्न कार्यक्रम रद्द किए गए हैं। डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन के बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है, जिसके बाद राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता की स्वागत समिति ने भी तय किया है कि प्रतियोगिता

के दौरान होने वाली विशाल खेल ज्योति यात्रा, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मातृहस्त भोजन एवं प्रदर्शनी जैसे सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन को भी सादगीपूर्ण एवं औपचारिक तरीके से करने का निर्णय लिया गया है। समय में बदलाव करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि देने के बाद अब दोपहर 3 बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री के निधन के चलते प्रतियोगिता के समापन को भी सामान्य एवं औपचारिक रखा गया है। गौरतलब है कि राजधानी रायपुर में 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, जिसमें 25 प्रान्तों के 800 से अधिक जनजातीय खिलाड़ी तीरंदाजी एवं फुटबॉल के खेल में भाग लेने आये हैं।

पॉवर कंपनी में 6 जनवरी को निःशुल्क दंत व ईएनटी शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया, रायपुर स्थित चिकित्सालय में 6 जनवरी, 2025 को निःशुल्क दंत (डेंटल) एवं कान, नाक, गला रोग (ईएनटी) शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी चिकित्सालय के तत्वावधान में किया जा रहा है जिसमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अबीर मिश्र,

एम.डी.एस.(कंजरवेटिव एंड एंडोडोन्टिक्स) एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.सुरभि मिश्रा (एम.एस.ईएनटी) उपस्थित रहेंगे। पॉवर कंपनी मुख्यालय में कार्यरत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण कंपनियों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के लिए पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा औषधालय का संचालन किया जाता है। इस औषधालय में पॉवर कंपनी द्वारा मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा के लिए सूचीबद्ध रायपुर नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में यह निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया जा हैं जिसमें पूर्वान्ह 10 बजे से लेकर अपरान्ह 2 बजे तक मरीजों की निःशुल्क जांच की जायेगी। चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा पॉवर कंपनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठायें।

रायपुर में पहली बार साहित्य जगत पर होगा अनोखा कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में साहित्य विचार और सम्मान का आयोजन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में 28 दिसंबर को आयोजित होने जा रहा है। एशियन न्यूज और न्यूज प्लस 21 द्वारा प्रदेश के इतिहास में पहली बार साहित्य जगत को लेकर इस तरह का भव्य और अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

एशियन न्यूज और न्यूज प्लस के इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा सहित रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू शिरकत

करेंगे। सिंघानिया सरोवर पोर्टिको में 28 दिसंबर 2024 को दोपहर 3 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के मूर्धन्य साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया है।

साहित्य की विभिन्न विधाओं में ख्यातिलब्ध विद्वानों की उपस्थिति इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा। साहित्य विचार और सम्मान पर आयोजित इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रदेश के जिन मूर्धन्य साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा, उनका चयन निष्पक्ष तौर पर गठित ज्यूरी सदस्यों के माध्यम से किया गया है। आयोजनकर्ता एशियन न्यूज और न्यूज प्लस 21 ने साहित्य की कुल 28 विधाओं में साहित्यकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में बतौर सहयोगी जीविका होम्योपैथ, डॉ. त्रिवेदी होम्योपैथी की भूमिका काफी अहम है। इस आयोजन के लिए प्रदेश के साहित्यकारों ने एशियन न्यूज और न्यूज प्लस 21 की प्रशंसा करते हुए अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की है, तो राजधानी पत्रकार जगत ने भी मौजूदगी के लिए सहमति जताई है।

बिलासपुर-कोरबा मार्ग में संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

रतनपुर-रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर-कोरबा मार्ग के सिल्ली मोड़ पर शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश मिली है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के अंतर्गत पाली थाना क्षेत्र के ग्राम निर्धि निवासी विनय कश्यप पिता चंद्रकुमार कश्यप उम्र 28 वर्ष की रतनपुर स्थित हाईस्कूल चौक के पास ए व्ही नाम से मोबाइल दुकान का संचालन करता है जो रोज अपने घर से आना जाना करता है। गुरुवार की बीती रात 9:15 में वह अपने मोबाइल शॉप को बंद कर अपने घर जाने अपने बाइक क्र. 9226 में निकला था। जो देर रात तक अपने घर नहीं पहुंचा और न ही मोबाइल रिसीव कर रहा था जिसके कारण परिजन चिंतित होकर विनय को ढूंढने निकले जिसकी पूरी रात परिजन खोजबीन करते रहे लेकिन विनय का कोई पता नहीं चल पाया शुक्रवार सुबह सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने देखा कि रतनपुर से करीब 6 यरू.दूर सिल्ली मोड़ के पास सड़क के नीचे बाइक समेत एक युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई है जिसके बाद घटना की सूचना परिजनों सहित पाली पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को सूचना दे आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है।

वही इस मामले को युवक की हत्या होने के संदेह में भारी संख्या में पहुंचे परिजन और

ग्रामीणों ने बिलासपुर – कोरबा मार्ग और बिलासपुर -पेंड्रा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है जहां पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हुए है जिनके द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है।

प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर दी जान

दुर्ग। दुर्ग में एक प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने खुद कर आत्महत्या कर ली। युवती का नाम श्रेया बताया जा रहा है तो वहीं युवक का नाम राहुल है।

दरअसल, पूरी घटना रात 3:00 बजे की है, जब हावड़ा मुम्बई रूट पर चलने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस के सामने प्रेमी युगल ने कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर जीआरपी पहुंची और पंचनामा कराया गया तो वहीं दोनों के शव को ममर्चुरी में रखवाया गया है।

मोबाइल पर अधेड़ को धमकी

रायपुर/नवप्रदेश। छछानपैरी मुजगहन में युवक ने अधेड़ को कॉल कर अश£ील गाली-गलौज कर मैसेज किया।

प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरोत्तम बंजारे 53 वर्ष छछानपैरी मुजगहन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राहुल अनेश्वरी ने 94077-95110 से प्रार्थी को कॉल कर अश£ील गाली-गलौज कर मैसेज किया।

पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर बैज ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि डॉ. सिंह का निधन दुखद है हम सब छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की ओर से विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करते है। प्रधानमंत्री के रूप में अर्थशास्त्री के रूप में देश के लिये उनका योगदान अतुलनीय रहा है। आम आदमी को सशक्त बनाने के लिये सूचना

का अधिकार का कानून देना या फिर किसानों को उनके जमीन का पूरा हक देने के लिये भूमिअधिग्रहण कानून बनाना हो या फिर सड़क के किनारे काम करने वाले ठेले खोमचे वाले के लिये वेंडर प्रोटेक्शन कानून बनाना या फिर रोजगार को कानून का अधिकार देने मनरेगा लाना हो प्रधानमंत्री के रूप मे मनमोहन सिंह जी ने इस देश के आम आदमी सशक्त बनाने के लिये अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये।

नाचा छत्तीसगढ़ की मंचीय आत्मा है : पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर

बालोद/रायपुर। विदा ले रहे वर्ष 2024 के अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ की बालोद जिला इकाई का वैचारिक सम्मेलन दीनदयाल योग वेदान्त आश्रम बालोद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गाजीपुर से पधारे साहित्यकार और समाजसेवी सुरेन्द्र पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष परदेशीराम वर्मा सहित योग गुरु दीनदयाल साधु और शिरोमणि माथुर तथा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक-कलाकार, पद्मश्री सम्मानित डोमार सिंह कुंवर विशेष अतिथि के रूप में

उपस्थित थे। पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर ने कार्यक्रम में जनवादी लेखकों के बीच अभिनय सहित अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि नाचा छत्तीसगढ़ की मंचीय आत्मा है। इस अवसर पर डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनवादी लेखक संघ की जिला इकाईयों ने वर्ष भर लगातार कार्यक्रम, शिविर आयोजित कर वर्ष 2024 में नये साहित्यकारों के लिए अच्छा वातावरण बनाया। हमारे संगठन की समस्त जिला इकाईयों से निकलकर अनेक युवा रचनाकार सामने आये। वरिष्ठजनों ने उनका मार्गदर्शन किया। डॉ. वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 में जनवादी लेखक संघ द्वारा राज्य के विभिन्न स्थानों पर आयोजित अलग -अलग कार्यक्रमों में महासचिव पीसी रथ, उपाध्यक्ष नासिर अहमद सिकंदर, कोषाध्यक्ष नूतन ध्रुव, अशोक आकाश, समयलाल विवेक, अजय चंद्रवंशी, दिनेश चौहान, वीरेन्द्र सरल, गुलाब जोशी, भूखन वर्मा, रमेश शर्मा, आनंद सिंघनपुरी, राघव सतीश सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा जैसे वरिष्ठ रचनाकारों ने नई पीढ़ी का मार्गदर्शन किया। बालोद के आयोजन में बूटूराम पूर्णे, देव जोशी गुलाब, देवनारायण नगरिहा, हर्षा देवांगन,कामता प्रसाद देशलहरा, भागवत मनहोरा, शिरोमणि माथुर ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर श्रीमती स्मिता वर्मा शिक्षाविद, ललिता ठेठवार, सुहान बाई साहू, ललिता राऊत, कुन्ती, लक्ष्मण, ईन्दीरा बाई, शकुन, झामिन बाई, परभील और डेरहूराम सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र अजनबी ने किया।

कार्रवाई... चेकिंग के दौरान भागने वाले संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ा

सूनसान इलाकों में पुलिस ने चलाया सरप्राइज चेकिंग

कवर्धा-रायपुर। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार की रात्रि में कोतवाली पुलिस और डीआरजी की टीम ने घुघरी रोड स्थित अटल आवास और शहर के अन्य सुनसान इलाकों में सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन पुलिस को देख भागने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया। उसकी जांच करने पर यह पाया गया कि वह शराब के नशे में वाहन चला रहा था। पुलिस ने उसे मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत

गिरफ्तार किया और माननीय न्यायालय में इस्तगासा पेश किया। माननीय न्यायालय ने आरोपी पर 10,000 का जुर्माना लगाया। चालक का नाम अब्बास खान पिता अयूब खान, उम्र 22 साल ग्राम बंधटोला, थाना बोड़ला। इस विशेष अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब शहर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह अभियान असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। नियमित गश्त और चेकिंग से शहर में अपराधों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम पुलिस जिले को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस द्वारा देर रात तक खुले दुकानों को बंद कराने और संदिग्धों पर कड़ी कार्रवाई के कारण शहर में शांति और व्यवस्था स्थापित हो रही है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक कदम बताया। सिंह ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि शहर में अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण किया जा सके और कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा सके।

पुलिस की कड़ी निगरानी, रातभर दुकान खोलने पर पाबंदी

पुलिस की कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई के चलते देर रात तक खुली दुकानें, पान ठेले, होटल आदि अब समय पर बंद हो रहे हैं। इसके साथ ही, रात के समय अनावश्यक रूप से घूमने वाले लोगों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। चेकिंग अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिंह चौहान,थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और थाना कोतवाली तथा डीआरजी टीम के जवानों द्वारा चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने अटल आवास परिसर और आसपास के इलाकों में गश्त करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आलोचना के नहीं दया के पात्र-शंकराचार्य निश्चलानंद

रायपुर/नवप्रदेश। शंकराचार्य निश्चलानंद महाराज ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लेकर बड़ा बयान दिया है। मंदिर-मस्जिद विवाद को पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि स्वयं सेवक बनते-बनते सर्व संचालक बन जाते हैं। इन्हें 12 महीने बोलना है, इसलिए कुछ भी बोल देते हैं, बाद में लज्जित होते हैं और कह देते हैं कि हमारे बयानों की आलोचना करने का सबको अधिकार है। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत में हिन्दू का चिन्ह न ढूंढें, ये आलोचना के नहीं, दया के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पहले मोहन भागवत कहते थे कि 3 बच्चे पैदा करो। अब कहते हैं हम दो हमारे

2। शेर संख्या में भले ही कम हो, लेकिन शेर ही होता है. बिना परिवार नियोजन और गर्भपात के जनसंख्या नियंत्रित रहे. जब तक हिंदू सुरक्षित हैं, तब तक अन्य कौम भी सुरक्षित हैं। शंकराचार्य निश्चलानंद महाराज ने आगे कहा कि यह संघ की लाचारी है, उन्हें गुरु गोविंद पीठ ग्रंथ का बल नहीं है. आरएसएस अगर एक भी ग्रंथ अपना लेता तो उसे ग्रंथ बल मिल जाता। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू हैं, तभी तक सारी कौम सुरक्षित हैं. उन्होंने कहा कि अगर हिंदू नहीं रहेंगे, तो इन्हें मार-काट कर भगा दिया जाएगा. हिन्दू जब तक पेट और परिवार में ही सीमित रहेगा उनकी दुर्दशा होगी. सेवा ,सम्मान और संघ का बल होना है जरूरी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654